17 मार्च, 2025
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 146

गिरिडीह : घोड़थंबा में स्थिति सामान्य, 22 भेजे गये जेल, 80 नामजद पर मुकदमा दर्ज



माह-ए-रमजान
इफ्तार 5:59 शाम सोमवार
सेहरी 4:40 सुबह मंगलवार
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# नामकुम में सोनू मुंडा की हत्या के बाद बवाल

## ■ सड़क जाम, दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग, 15 गिरफ्तार

## ■ प्रशासन ने रेलवे स्टेशन के आसपास अवैध खटाल-होटल ढाहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** पिछले दो दिनों से नामकुम उबल रहा है। नामकुम रेलवे स्टेशन के पास मामूली विवाद में शुरू हुई लड़ाई, दो गुटों में तब्दील हो गयी। देखते-देखते यह हिंसक झड़प में तब्दील हो गयी। हिंसक झड़प में जोरार बस्ती के रहने वाले सोनू मुंडा को नामकुम खटाल के लोगों ने बुरी तरह पीटा, जिससे अस्पताल में उसकी मौत हो गयी। इस घटना में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। सोनू की मौत के बाद रविवार को जोरार बस्ती के लोगों ने नामकुम रेलवे स्टेशन के पास शव को रख कर जाम कर दिया। वे सोनू मुंडा के परिजनों को मुआवजा और सोनू को मारनेवालों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। पुलिस ने सोनू को मारनेवालों में से 15 लोगों को हिरासत में ले लिया है और बाकी की जल्द ही गिरफ्तारी की बात कही है। इनमें दस पुरुष और पांच महिलाएं शामिल हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सोनू मुंडा से नामकुम स्टेशन के पास अवस्थित होटल में शत्रुघ्न यादव के बेटों ने शराब की मांग करते हुए मारपीट कर दी थी। उसके साथ कुछ युवक और थे। उसके बाद सोनू मुंडा वहां से जोरार बस्ती गया और बस्ती के लोगों के साथ बैठक कर आपबीती सुनायी। जख्मी सोनू को देख कर बस्ती के लोग उत्तेजित हो गये। उन लोगों ने तय किया कि शनिवार की सुबह नामकुम खटाल जाकर वे विरोध करेंगे और मारपीट का प्रतिशोध लेंगे। बैठक में तय एजेंडे के साथ जोरार बस्ती के लोग शनिवार को खटाल पहुंचे और उन लोगों ने शत्रुघ्न यादव और मारपीट में शामिल अन्य लोगों से झड़प शुरू कर दी। उधर, खटाल के लोग भी पहले से गोलबंद थे और देखते ही देखते संगठित होकर लाठी डंडे के साथ हमला कर दिया। नामकुम खटाल के आसपास का क्षेत्र रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। इस हिंसक झड़प में जोरार बस्ती का सोनू मुंडा को लोगों ने बुरी तरह जख्मी कर दिया। दोनों ओर से लगभग एक दर्जन अन्य लोग भी घायल हो गये। बुरी तरह से घायल सोनू मुंडा को कोकर स्थित एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। सोनू मुंडा की हालत पहले ही काफी बिगड़ चुकी थी और उसके बचने के उम्मीद नहीं थी। अस्पताल ने उसे रिम्स रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। सोनू मुंडा की मौत की खबर आते ही जोरार बस्ती के लोग आग बबूला हो गया और सभी तुरंत दोषियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। लोग सोनू मुंडा के परिजनों के लिए मुआवजा की मांग करने लगे। उधर गांव के लोगों को जब रिम्स से सोनू मुंडा का शव मिला, तो रविवार की सुबह रांची-पुरलिया रोड में बीच सड़क पर शव रख कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। घटनास्थल पर खिजरी विधानसभा के कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप, भाजपा नेत्री आरती कुजूर, जेएलकेएम नेता देवेंद्र महतो, डीएसपी अमर कुमार पांडेय, थाना प्रभारी मनोज कुमार, टाटीसिलवे थाना प्रभारी रंजीत सिन्हा सहित कई लोग पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। करीब ढाई घंटे के बाद सड़क जाम हटा। उधर, पुलिस-प्रशासन ने रविवार को रेलवे की अतिक्रमित भूमि पर बनाये गये सभी तरह के मकान और दुकानों को ढाह दिया। इसमें राजू होटल भी शामिल है। मृतक की पत्नी के बयान पर 12 नामजद और अन्य को आरोपी बनाया गया है। एफआइआर में 150 से अधिक अज्ञात लोग भी शामिल हैं। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए 15 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील कर हो गया है। अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। बताते चलें कि नामकुम खटाल और जोरार बस्ती के लोगों के बीच पहले से ही छत्तीस का आंकड़ा रहा है। यहां काफी संख्या में खटाल बस गये हैं। जिस समय नागा बाबा खटाल हटाया गया था, वहां से भी काफी संख्या में लोग आकर नामकुम खटाल के आसपास बस गये और खटाल बना लिया। यहां जमीन कब्जा करने की होड़ सी मच गयी।

**एसआइटी में शामिल पुलिस अधिकारी :** पूरे मामले की जांच के लिए गठित एसआइटी में डीएसपी अमर कुमार पांडेय, नामकुम थाना प्रभारी मनोज कुमार, टाटीसिलवे थाना प्रभारी रंजीत कुमार सिन्हा, खरसीदाग ओपी प्रभारी भवेश कुमार, नामकुम थाना से रंजीत कुमार, मिथुन कुमार, शशिरंजन, सोनू कुमार दास, श्वेता कुमारी आदि को शामिल किया गया है।






### क्या है घटनाक्रम

रेलवे स्टेशन के एक शराब की दुकान है। दुकान के बगल में एक भोजनालय है। शुक्रवार को जोरार बस्ती के कुछ युवक वहां पहुंचे थे और दुकान से कुछ खरीद रहे थे। होटल और खटाल के पास रहने वाले शत्रुघ्न यादव के बेटे और कुछ अन्य युवक वहां पहुंचे और शराब की मांग कर दी। दोनों गुटों के बीच तू-तू, मैं-मैं हो गयी। खटाल के आसपास रहने वाले युवकों ने जोरार बस्ती के युवकों की बाइक की चाबी छीन ली और इस क्रम में सोनू मुंडा और कुछ अन्य युवकों को पीट दिया। जोरार बस्ती के युवक अपने मुहल्ले में गये और वहां के लोगों को मारपीट की जानकारी दी। बस्ती के लोग अगले दिन यानी शनिवार को रेलवे स्टेशन के पास पहुंचे। उन युवकों को खोज रहे थे, जो शुक्रवार रात की घटना में शामिल थे। उन लोगों ने वहां कुछ लोगों को पीट भी दिया। खटाल के पास रहने वाली महिलाएं और पुरुषों ने जोरार बस्ती के युवकों पर हमला बोल दिया। जम कर ईंट-पत्थर चले। इसी घटना में सोनू मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। उधर घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जाम कर रहे लोगों को समझा-बुझा कर उन्हें शव के अंतिम संस्कार के लिए मनाया। बाद में पंद्रह लोगों को गिरफ्तार किया गया, अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### गिरफ्तार लोगों के नाम

अनिल यादव, कृष कुमार, रीतेश कुमार, विशाल कुमार यादव, रोहित कुमार, रोहन कुमार, सुनील राय, दीपक कुमार, रणजीत यादव, सुमित कुमार, मीना देवी, राधा कुमार, पूनम देवी, खुशी कुमार और ममता देवी।

### न्यूज रील्स

#### बोडो युवा ओलिंपिक की तैयारी में जुटें: शाह

गुवाहाटी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि जब भाजपा नेतृत्व वाली सरकार ने बोडो समझौता साइन किया था, तब कांग्रेस ने उसका मजाक उड़ाया था, लेकिन इस समझौते से क्षेत्र में शांति और विकास आया है। शाह असम के कोकराझार में अखिल बोडो छात्र संघ के 57वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 35 लाख जनसंख्या वाले बोडोलैंड के विकास के लिए 1500 करोड़ रुपये दिये हैं। बोडो समझौते के 82% प्रावधानों को लागू कर दिया गया है, बाकी अगले दो साल में पूरे कर लिये जायेंगे। शाह ने बोडो युवाओं से 2036 ओलिंपिक की तैयारी करने का आह्वान किया। शाह ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने यह कहकर हमारा मजाक उड़ाया था कि बोडो टेरिटोरियल रीजन में कभी शांति नहीं आयेगी।

#### वॉट्सएप के जरिये 50 लाख की ठगी, 6 आरोपी गिरफ्तार

कोलकाता। कोलकाता पुलिस ने वॉट्सएप के जरिये 50 लाख रुपये की ठगी करने वाले छह लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने कथित तौर पर 'सेंचुरी प्लाइ' के नाम से व्हाट्सएप अकाउंट बनाया। खुद को कंपनी का मालिक बताते हुए डॉक्टरों से ठगी की। पुलिस ने तीन मोबाइल फोन और पांच प्री-एक्टिवेटेड सिम कार्ड जब्त किये।

## नेमरा में बाहा पूजा में शामिल हुए मुख्यमंत्री

- हर्षोल्लास का माहौल, ढोल मांदर की थाप पर थिरके लोग
- कल्पना सोरेन ने बनाया खाना, परिजनों को खिलाया

अंजनी कुमार

**गोला (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बाहा पूजा मनाने शनिवार को गोला प्रखंड के नेमरा गांव पहुंचे। मुख्यमंत्री के साथ उनकी पत्नी विधायक कल्पना सोरेन, मां रूपी सोरेन सहित परिवार के कई सदस्य भी पहुंचे। इस मौके पर सीता सोरेन भी पहुंची थीं। गांव में पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ बाहा पूजा मनायी गयी। मांदर की थाप एवं ढोल-नगाड़ों की धुन पर मुख्यमंत्री खूब झूमे। कल्पना सोरेन ने अपने हाथों से पारंपरिक संथाली पकवान बनाकर परिजनों को खिलाया। पाहन नकुल बेसरा ने बताया कि मुख्यमंत्री हमलोगों के गांव प्रधान हैं। इस वर्ष उनके दोबारा मुख्यमंत्री बनने से ज्यादा खुशी है।

**सीएम को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया:** इससे पहले मुख्यमंत्री को गांव पहुंचने पर हैलीपेड पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह से लोग अपने-अपने तरीके से भगवान को याद करते हैं, उसी तरह हमारे समाज में बाहा पूजा की जाती है। उन्होंने बाहा पूजा पर सभी लोगों को शुभकामनाएं भी दी।



### सीता सोरेन भी शामिल हुईं

पूर्व विधायक सीता सोरेन भी बाहा पूजा में नेमरा पहुंची थीं। वह भी परिवार के लोगों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुईं। बताते चलें कि बीते साल सीता सोरेन लोकसभा चुनाव से पहले झामुमो छोड़ कर भाजपा में शामिल हो गयी हैं। उन्होंने लोकसभा और विधानसभा चुनाव भाजपा के टिकट पर लड़ा था। हालांकि उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

## पाकिस्तानी सेना पर बलूच आर्मी का फिदायीन हमला

इस्लामाबाद। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने रविवार को पाकिस्तानी सेना पर फिदायीन हमले का दावा किया है। इसमें 90 पाकिस्तानी सैनिक मारे गये हैं। हमला क्वेटा से कफ्तान जा रहे 8 मिलिट्री वाहनों पर नोशकी के हाइवे के पास किया गया। बीएलए के मुताबिक उसकी मजीद और फतेह ब्रिगेड ने सेना के काफिले पर सुसाइड बम से हमला किया। जानकारी के मुताबिक एक फिदायीन लड़ाका विस्फोटकों से भरी गाड़ी लेकर सेना के काफिले से टकरा गया। इसके बाद फतेह स्क्वॉड ने सेना के काफिले में घुसकर हमला किया। जिस वाहन पर सुसाइड अटैक किया गया था, वो पूरी तरह तबाह हो गया। घायलों को नोशकी के अस्पताल में भर्ती किया गया है। इलाके में इमरजेंसी लागू कर दी गयी है।

## गिरिडीह: तीन बच्चों की हत्या के बाद पिता ने की खुदकुशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के खुखरा थाना इलाके के महेशलिट्टी गांव में रविवार को तीन बच्चों और उनके पिता का शव घर में पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आयी है कि पिता ने अपने तीन बच्चों का गला दबाने के बाद अपनी जान दे दी है। मृतकों में महेशलिट्टी निवासी सनाउल अंसारी (36), सनाउल की बेटियां आफरीन परवीन (12), सफाउल (6 ) और जैबा नाज (8 ) शामिल हैं। बताया जा रहा है कि मृतक सनाउल राजमिस्त्री का काम करता था और घर में ही दुकान भी चलाता था। शनिवार की रात उसने पहले अपने तीनों बच्चों की गला दबाकर हत्या कर दी। सभी के गले पर निशान मिले हैं। इसके बाद कमरे के अंदर ही खुदकुशी कर ली।

ग्रामीणों के अनुसार मृतक कि पत्नी दो दिन पहले ही मायके गयी हुई थी। रविवार को चारों का शव मिलने के बाद लोगों की भीड़ जुट गयी। इस बीच जानकारी मिलते ही एसपी डॉ विमल कुमार भी घटनास्थल पहुंचे और लोगों से घटना की जानकारी ली। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।



## बाबूलाल ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। यह मुलाकात प्रधानमंत्री आवास में हुई। दोनों के बीच राज्य की मौजूदा राजनीतिक स्थिति और विकास को लेकर बातचीत हुई। इस मुलाकात को लेकर बाबूलाल ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट किया है। प्रधानमंत्री मोदी के साथ तस्वीर को साझा करते हुए उन्होंने लिखा 'आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। चर्चा के दौरान प्रदेश की वर्तमान परिस्थितियों, विकास कार्यों और भविष्य की रणनीतियों पर विचार-विमर्श हुआ। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश को प्रगति के नये आयाम देने के लिए हम सभी संकल्पित हैं।' दरअसल, झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के तीन महीने बाद बाबूलाल को भाजपा विधायक दल का नेता बनाया गया। इसके बाद वह झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बने हैं। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद पीएम मोदी से उनकी यह पहली मुलाकात थी।



## पाकिस्तान को शांति नहीं, छद्म युद्ध पर भरोसा: मोदी

- प्रधानमंत्री का लेक्स फ्रिडमैन के साथ तीन घंटे का इंटरव्यू आया सामने

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को कहा कि मेरी ताकत मेरे नाम में नहीं, बल्कि 1.4 अरब भारतीयों और देश की कालातीत संस्कृति और विरासत के समर्थन में निहित है। जब मैं विश्व के नेताओं से हाथ मिलाता हूं, तो ऐसा मोदी नहीं, बल्कि 1.4 अरब भारतीय करते हैं। जब भी हम शांति की बात करते हैं, तो दुनिया हमारी बात सुनती है, क्योंकि भारत गौतम बुद्ध और महात्मा गांधी की भूमि है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को शांति नहीं, छद्म युद्ध (प्रॉक्सी वॉर) पर भरोसा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका के जाने-माने पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन से लंबी बातचीत हुई है। इसमें पीएम मोदी ने लेक्स फ्रिडमैन से अपने बचपन से लेकर सार्वजनिक जीवन की यात्रा समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की है।

**पाक को एक दिन सद्बुद्धि आयेगी:** मोदी ने कहा कि मैंने अपने शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान को आमंत्रित किया था, ताकि एक नया अध्याय शुरू कर सकूं, लेकिन शांति के हर प्रयास का सामना दुश्मनी और विश्वासघात से हुआ। पाकिस्तान के लोग शांति चाहते हैं। हम पूरी ईमानदारी से आशा करते हैं कि पाकिस्तान को एक दिन सद्बुद्धि आयेगी और वह शांति का रास्ता अपनायेगा। अपनी आलोचना के सवाल पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं किसी भी तरह की आलोचना का स्वागत करता हूं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि यह लोकतंत्र की आत्मा है।



### आरएसएस को समझना आसान काम नहीं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरएसएस के बारे में कहा कि मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मैंने आरएसएस जैसे प्रतिष्ठित संगठन से जीवन का सार और मूल्य सीखा। मुझे उद्देश्यपूर्ण जीवन मिला। उन्होंने बताया कि बचपन में आरएसएस की सभाओं में जाना हमेशा अच्छा लगता था। मेरे मन में हमेशा एक ही लक्ष्य रहता था, देश के काम आना। यही संघ (आरएसएस) ने मुझे सिखाया। आरएसएस इस साल 100 साल पूरे कर रहा है। आरएसएस से बड़ा कोई 'स्वयंसेवी संघ' दुनिया में नहीं है। आरएसएस को समझना आसान काम नहीं है, इसके कामकाज को समझना होगा। यह अपने सदस्यों को जीवन का उद्देश्य देता है। यह सिखाता है कि राष्ट्र ही सब कुछ है और समाज सेवा ही ईश्वर की सेवा है। हमारे वैदिक संतों और स्वामी विवेकानंद ने जो सिखाया है, संघ भी यही सिखाता है। आरएसएस के कुछ सदस्यों ने शिक्षा में क्रांति लाने के लिए विद्या भारती नामक संगठन की शुरुआत की। उनके देश भर में करीब 25 हजार स्कूल चलते हैं। एक समय में 30 लाख छात्र इन स्कूलों में पढ़ते हैं। वामपंथियों द्वारा प्रचारित श्रमिक आंदोलन 'दुनिया के मजदूरों, एक हो जाओ!' का नारा लगाते हैं, जबकि आरएसएस का श्रमिक संगठन 'मजदूरों, दुनिया को एक करो!' का नारा लगाता है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW




# देवघर के जसीडीह में आग से दर्जनों दुकानें खाक

- एक-एक कर ब्लास्ट हुए कई सिलेंडर
- लाखों की संपत्ति का हुआ नुकसान

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** जिले के जसीडीह-चकाई मुख्य पथ पर अवस्थित अस्थायी बस पड़ाव के पास आग लग जाने से दर्जन भर से ज्यादा अस्थायी दुकानें जल कर खाक हो गयीं। आग से लाखों की संपत्ति भी जलकर खाक हो गयी। बताया जा रहा है कि झोपड़ी की शक्ल में बने होटलों और दुकानों में रखे गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने से आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग इतनी भयानक थी कि दुकान संचालक, परिवारजन और कर्मियों को जान बचा कर भागना पड़ा। बताया जाता है कि होली पर्व के कारण बाजार बंद था, जिससे किसी तरह की जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन दुकानदारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। अहले सुबह जब दुकानदार अपनी दुकानों पर पहुंचे, तो खाक हो चुकी संपत्ति देखकर मायूस हो गये। बताया जाता है कि होली के पर्व को लेकर लगभग सभी झोपड़पट्टी वाली दुकानें बंद थीं, जबकि दो होटल संचालक अंदर सोए थे। उस दौरान लगी आग की लपटें देख होटल छोड़कर सबों ने अपनी जान बचायी।

**रात के सन्नाटे में उठी आग की लपटें :** जानकारी के अनुसार रात करीब 10:45 बजे के आसपास घटना हुई। आग सबसे पहले एक झुग्गीनुमा दुकान में लगी। फिर देखते ही देखते आसपास की दुकानों में आग फैल गयी। दुकान प्लास्टिक और जूट के बोरे जैसी चीजों से बनी होने की वजह से आग तेजी से फैलने लगी। इस हादसे में होटल, पान की गुमटी, फास्ट फूड दुकान, साइकिल रिपेयरिंग सहित कई अस्थायी दुकानें पूरी तरह से नष्ट हो गयीं। लोगों का कहना है कि आसपास बने छोटे होटलों में रखे गैस सिलेंडर में विस्फोट होने के कारण आग ने विकराल रूप से ले लिया। उससे आग ने भयावह रूप धारण कर लिया। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटें इतनी तेज थीं कि उन्हें काबू कर पाना मुश्किल हो गया। तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी गयी। करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना की सूचना मिलते जसीडीह थाना प्रभारी दीपक कुमार समेत पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचे और जायजा लिया। सुरक्षा के लिहाज से स्टेशन मुख्य मार्ग भी चार घंटे तक बंद रखा गया।





## लाखों का हुआ नुकसान, दुकानदार मायूस

**होली की वजह से दुकानें बंद थीं, जिससे किसी की जान तो नहीं गयी, लेकिन छोटे-मोटे व्यापारियों को बड़ा आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। अनुमान लगाया जा रहा है कि आग में करीब 10 से 12 दुकानें पूरी तरह जल कर खाक हो गयीं। हादसे में नुकसान का आकलन अभी तक नहीं हो पाया है।**

**दुकानें देख छलक गये आंसू :** सुबह जब दुकानदार मौके पर पहुंचे, तो जल चुकी दुकानों को देखकर उनकी आंखों में आंसू आ गये। कई दुकानदारों ने बताया स्कूटर, ठेला, रिक्शा रिपेयरिंग की दुकान, पान गुमटी समेत हनुमान मंदिर की दीवार को भी आग से क्षति पहुंची है। दुकानों मे कुर्सी, टेबुल, बर्तन, फ्रिज, राशन सामग्री और नकदी सहित अन्य चीजें जलकर राख हो गयीं। वहीं हनुमान मंदिर की दीवार को भी क्षति पहुंची है।

**आग लगने के कारणों की जांच जारी :** आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस और अग्निशमन विभाग मामले की जांच में जुटे हैं। अधिकारियों ने कहा है कि जल्द आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाया जायेगा।

**दुकानदारों ने आर्थिक सहायता की मांग की :** घटना के बाद पीड़ित दुकानदार कुलदीप मोदी, रोहित कुमार, शंभू बरनवाल, सोनू कुमार, राहुल कुमार, संजय रामानी, रतन राम, जोगी, बुल्लू यादव, झगड़ु पंडित, श्रवण कुमार तूरी, कारू राम, रंजीत कुमार और अन्य ने प्रशासन से मांग की कि उन्हें आर्थिक सहायता दी जाये, ताकि दोबारा अपना व्यवसाय शुरू कर सकें।

**विधायक पहुंचे मौके पर :** घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय विधायक सुरेश पासवान मौके पर पहुंचे। दुकानदारों से मुलाकात कर उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन से बात कर प्रभावित दुकानदारों को उचित मुआवजा दिलाने की कोशिश की जायेगी।

# गिरिडीह : घोड़थंबा में स्थिति सामान्य, 22 भेजे गये जेल, 80 नामजद पर मुकदमा दर्ज

**होली के जुलूस को लेकर दो समुदाय के बीच हुई हिंसक झड़प**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के घोड़थंबा में होली के जुलूस को लेकर दो समुदाय के बीच हुई हिंसक झड़प-आगजनी की घटना को लेकर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। घोड़थंबा ओपी पुलिस ने रविवार को बताया कि सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने के इस मामले में गिरिडीह एसपी डॉ विमल कुमार के निर्देश पर घोड़थंबा ओपी में घटनास्थल पर तैनात दंडाधिकारी सुरेश बरनवाल के आवेदन पर केस दर्ज कर लिया है। दंगा भड़काने के आरोप में पुलिस ने दोनों समुदाय के 40-40 लोगों को नामजद और 250 अज्ञातों के खिलाफ केस दर्ज किया है। साथ ही छापेमारी कर इस मामले में पुलिस ने दोनों समुदाय के 11-11 आरोपितों को जेल भेजा है। इस बीच रविवार को घोड़थंबा में शांति बहाल करने के लिए खोरीमहुआ अनुमंडल कार्यालय में अधिकारियों के साथ दोनों समुदाय के लोगों के साथ बैठक की गयी। जिसमें खोरिमहुआ अनुमंडल एसडीएम अनिमेष रंजन और एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने घटना की कड़ी निंदा की और कहा कि काफी तेजी से तनाव पूर्ण स्थिति में सुधार हुआ है, अब लगभग स्थिति बिल्कुल सामान्य है। बैठक में मौजूद दोनों समुदाय के लोगों ने भी घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि इलाके में शांति व्यवस्था कायम रखने की जरूत है, लेकिन कुछ लोगों ने माहौल खराब किया। बैठक में सफीक अंसारी, गौतम सिंह, असगर अली, रामेश्वर चौधरी, राजू पांडेय, अजय रंजन, जयप्रकाश साहा, बसंत भोक्ता, नरेश विश्वरकर्मा, उदय सिंह, अशोक राय समेत कई नागरिक मौजूद थे।



# घोड़थंबा में पुलिसिया कार्रवाई बर्बरता की पराकाष्ठा : बाबूलाल

- घोड़थंबा घटना में दर्ज एफआइआर तुष्टिकरण से प्रभावित
- बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर साधा निशाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने घोड़थंबा में हुई पुलिसिया कार्रवाई की कड़ी निंदा की है और बर्बरता की पराकाष्ठा बताया है।

श्री मरांडी ने कहा कि गिरिडीह के घोड़थंबा में इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान चलाने वाले विकास शाह को पुलिस ने जिस क्रूरता के साथ पीटा है, वह चीख-चीख कर पुलिस की बर्बरता की गवाही दे रहा है।

कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा क्या इसी तरह जनता को पुलिसिया जुल्म के हवाले छोड़ दिया जायेगा? पुलिस की यह कारवाई बेहद शर्मनाक और अक्षम्य है। लोकतंत्र में लाठीतंत्र की कोई जगह नहीं है। पुलिस की दमनात्मक कारवाई को कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

इस मामले की जांच कर विकास के साथ अमानवीय व्यवहार करने वाले सभी पुलिसकर्मियों पर सख्त कारवाई हो, अन्यथा पीठ पर दिख रहे एक-एक जख्म का हिसाब लिया जायेगा।



विकास की पीठ पर पुलिसिया जुल्म के निशान।

## हिंदू विरोधी है गठबंधन सरकार : बाबूलाल

**रांची (आजाद सिपाही)।** बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार को हिंदू विरोधी बताते हुए कहा कि उनकी आशंका सही साबित हुई। कहा कि उन्होंने आशंका व्यक्त की थी कि होली के दिन गिरिडीह के घोड़थंबा में हुई हिंसा मामले में प्रशासन उपद्रवियों का बचाव करते हुए मामले को संतुलित दिखाने के लिए पीड़ित हिंदू पक्ष पर कार्रवाई कर सकती है।



कहा कि अब इस मामले में दर्ज एफआइआर को देखने से ऐसा लगता है जैसे यह कोई शिकायतवाद नहीं, बल्कि हिंदुओं पर हुए हमले का एक पूर्व नियोजित खाका हो। कहा कि एफआइआर में जिस प्रकार से घटना को वर्णित किया गया है, उससे ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस-झामुमो के शासन में हिंदुओं ने होली मनाकर कोई अपराध कर दिया है। यदि हिंदू अपना त्योहार मनायेंगे तो उनपर बोतल बम और पत्थर से हमला होगा, फिर उसके बाद घटना का दोषी बताते हुए उनपर ही मुकदमा भी दर्ज होगा।

कहा कि यह एफआइआर पूरी तरह तुष्टिकरण से प्रभावित है, जिसमें राज्य सरकार की हिंदूविरोधी मानसिकता स्पष्ट नजर आती है। सिर्फ पीड़ित हिंदू पक्ष को कटघरे में खड़ा कर उन्हें ही दोषी ठहराये जाने की सुनियोजित साजिश रची गयी है। घटना के असली गुनहगारों को बचाने की पटकथा (एफआइआर) लिखकर सरकार ने उपद्रवियों का मनोबल बढ़ाने और भविष्य में हिंदुओं के ऊपर ऐसे ही हिंसक हमले करने के लिए प्रेरित किया है।

# आइआइटी आइएसएम धनबाद के 10 विद्यार्थी सिक्किम में घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** सिक्किम से सड़क हादसे की बड़ी खबर सामने आयी है। इस दुर्घटना में आइआइटी आइएसएम धनबाद के 10 विद्यार्थी बुरी तरह घायल हो गये हैं। बताया जा रहा है कि आइआइटी आइएसएम धनबाद के विद्यार्थी होली की छुट्टियां मनाने सिक्किम जा रहे थे। इसी दौरान शनिवार रात सिक्किम के मंगन जिले में सड़क हादसा हो गया। यह दुर्घटना रात लगभग 9:30 बजे पाखशेप जंगल क्षेत्र में हुई। बस में सवार होकर सभी विद्यार्थी लाचुंग से गंगटोक जा रहे थे। बताया जा रहा है कि पर्यटक वाहन के नियंत्रण खोने से यह दुर्घटना हुई। पर्यटक वाहन सड़क से नीचे एक सौ फीट गहरी खाई में गिर गया। इस दुर्घटना में अन्य वाहनों में सवार लोग भी जख्मी हुए हैं। उक्त वाहन में आइआइटी आइएसएम के छह छात्र और चार छात्राएं थीं। हादसे में चालक समेत सभी यात्री घायल हो गये। घायलों में से तीन विद्यार्थियों को इलाज के लिए गंगटोक स्थित एसटीएनएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाकी छात्रों का इलाज मंगन जिला अस्पताल में किया गया। ये सभी सकुशल हैं। एक छात्र को हल्की चोट लगी है।



## होली की छुट्टियां मनाने गये थे सिक्किम

**इस बाबत आइआइटी आइएसएम के अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना की बात सही है, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है। तीन विद्यार्थी गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जबकि सात विद्यार्थियों को दुर्घटना में हल्की चोट आयी थी। इन सभी की अस्पताल से छुट्टी हो गयी है। सभी 10 विद्यार्थी सुरक्षित और सकुशल हैं। उन्होंने बताया कि सभी विद्यार्थी अलग-अलग राज्यों से हैं। होली की छुट्टी मनाने के लिए सभी विद्यार्थी सिक्किम गये हुए थे। विद्यार्थियों के परिजनों को भी घटना की जानकारी दे दी गयी है।**

## हादसे में परिवार के 3 लोगों की मौत

**रांची। ओडिशा-झारखंड सीमा पर एनएच-20 के दुरीता चौक के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इसमें सान्नई गांव के निवासी एवान प्रधान उनकी पत्नी और बेटे की मौके पर ही मौत हो गयी।**

# दोनों समुदाय के प्रबुद्ध लोगों ने शांति की अपील की

आजाद सिपाही संवाददाता

**खोरीमहुआ।** गिरिडीह में दोनों समुदाय के प्रबुद्ध लोगों ने एसडीएम, एसडीपीओ समेत पुलिस प्रशासन के वरीय अधिकारियों संग बैठक कर घोड़थंबा की अमन शांति को पुनः बहाल करने की बात कही। जिसके बाद सभी ने बाजार में भ्रमण कर दुकान खोलने और सौहार्द्र बनाते हुए रहने की अपील की। रविवार को घोड़थंबा ओपी सभागार में खोरीमहुआ एसडीएम अनिमेष रंजन की अगुवाई और एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद के संचालन में दोनों समुदायों से दर्जनों व्यक्तियों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक हुई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने एक राय बनाकर अमन शांति से रहने की बात कही। पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि धनवार क्षेत्र अमन शांति और भाईचारगी को लेकर जाना जाता है यह परंपरा जीवित रहे यह दोनों समुदायों की जिम्मेदारी है। उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष जांच की अपील की। मौके पर डीएसपी वन नीरज सिंह, इंस्पेक्टर दिनेश कुमार, धनवार प्रमुख गौतम सिंह, बीडीओ देवेंद्र कुमार, सीओ गुलजार अंजुम, बीस सूत्री अध्यक्ष शफीक अंसारी, पवन साव, जिप सदस्य सिराज अंसारी, सांसद प्रतिनिधि जयप्रकाश साहा, अजय रंजन, फिदा हुसैन, उपप्रमुख असगर अंसारी, मुखिया बिपिन कुमार राय, कारू पासवान, मकसूद आलम, अनवर अली, नकुल राय, रामेश्वर चौधरी, महेंद्र चौधरी, अहमद रजा, अरविंद कुमार, मुन्ना मियां, इस्लाम अंसारी, संजय साव, रंजीत दास आदि थे।




# एक अप्रैल से झारखंड में 2019 के पूर्व निबंधित वाहनों का बिहार में प्रवेश मुश्किल

**बिहार सरकार 31 मार्च तक हाइ सिक्युरिटी नंबर प्लेट नहीं लगे वाहनों से कड़ाई से फाइन वसूलेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एक अप्रैल 2025 से झारखंड में निबंधित वाहनों का बिहार और अन्य प्रदेशों में प्रवेश मुश्किल हो सकता है। बिहार और दूसरे प्रदेश लेकर जानेवालों वाहन मालिकों को भारी जुर्माना देना पड़ सकता है। अगर अन्य पड़ोसी राज्यों ने भी कड़ाई से नियमों का पालन करना प्रारंभ किया तो झारखंड के वाहन मालिकों के लिए बॉर्डर पार करना कष्टदायक हो जायेगा। मामला हाइ सिक्युरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट का है। केंद्र सरकार ने पांच साल पहले अपने एक आदेश में दिसंबर 2022 तक देश के सभी राज्यों के लिए हाइ सिक्युरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाना अनिवार्य कर दिया था। 2022 के बाद नये वाहनों में रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाये जाते समय ही हाइ सिक्युरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाया जाने लगा। लेकिन अप्रैल 2019 के पूर्व निबंधित वाहनों में एचएसआरपी लगाने का मामला दो-तीन वर्षों तक लटकता गया। लेकिन केंद्र सरकार के कड़े निर्देश के बाद राजस्थान, महाराष्ट्र और अब बिहार ने इसे अनिवार्य कर दिया है। बिहार ने 2019 से पूर्व के निबंधित वाहनों में 31 मार्च तक एचएसआरपी लगाना अनिवार्य कर दिया है। उसके बाद बिहार ने कड़ाई से फाइन वसूलने का निर्देश जारी किया है। झारखंड में एचएसआरपी लगाये जाने के बारे में पूछे जाने पर संयुक्त परिवहन आयुक्त प्रवीण प्रकाश ने कहा कि मामला अभी कोर्ट में है। राज्य सरकार ने फैसला किया था, लेकिन हाइकोर्ट ने उस पर स्टे दे दिया है। अब कोर्ट का अंतिम फैसला आने पर ही झारखंड में एचएसआरपी लगाने का काम आगे बढ़ेगा।



**झारखंड में एचएसआरपी का मामला सरकार और कोर्ट के बीच फंसा :** इधर झारखंड में हाइ सिक्युरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने का मामला सरकार और कोर्ट के बीच उलझा हुआ है। काफी जद्दोजहद के बाद झारखंड सरकार ने अक्तूबर 2024 में हाइ सिक्युरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने के लिए एजेंसी तय कर दी। कंपनी को यह काम दिया गया कि वह तय राशि लेकर पुराने वाहनों में एचएसआरपी लगा सकती है। इसी बीच किसी ने झारखंड हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाइकोर्ट ने पहली सुनवाई में ही राज्य सरकार के फैसले पर रोक लगा दिया। अब मार्च के अंतिम सप्ताह में इस मामले पर हाइकोर्ट में सुनवाई होगी। फैसला आने के बाद झारखंड में हाइ सिक्युरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

## 2500 से 10000 रुपये तक है जुर्माने का प्रावधान

**हाइ सिक्युरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट नहीं लगाने पर केंद्र सरकार के फैसले के तहत 2500 रुपये से 10000 रुपये तक जुर्माना का प्रावधान है। एक आंकड़े के अनुसार 2001 में झारखंड में 22240 वाहन निबंधित थे। उससे पहले झारखंड में चलनेवाले वाहन बिहार सरकार में निबंधित किये गये थे। 2022 तक झारखंड में लगभग 66.66 लाख वाहन निबंधित किये गये। एक अनुमान के अनुसार झारखंड में 2019 के पूर्व निबंधित वाहनों की लगभग 40 लाख के करीब है। इन वाहनों में हाइ सिक्युरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाया जाना है।**

## क्या है हाइ सिक्युरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट

हाइ-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट एक व्हीकल लाइसेंस प्लेट है। इसमें एक चिप भी लगी रहती है। इसमें वाहन के मालिक से लेकर उस वाहन के बारे में सभी तरह की जानकारी उपलब्ध रहती है। जिसे छेड़छाड़-रोधी और डुप्लिकेट बनाना मुश्किल है। एचएसआरपी प्लेट्स में एक यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर, होलोग्राम और रजिस्ट्रेशन नंबर होता है। यह नंबर प्लेट एल्यूमीनियम जैसी टिकाऊ मटेरियल से बनी होती है और इसमें हॉट-स्टैंप्ड अल्फा-न्यूमेरिक कोड होता है। अपराधियों द्वारा वाहन का उपयोग किये जाने पर उसमें लगे जीपीएस सिस्टम से, ट्रैक भी किया जा सकता है।

# हाइकोर्ट ने जिला जज के 15 रिक्त पदों पर शुरू की भर्ती प्रक्रिया

## 27 अप्रैल को होगी परीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने झारखंड सुपीरियर ज्यूडिशियल सर्विस के तहत जिला जज के 15 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की है। इसके लिए, विज्ञापन संख्या-01/2024 के तहत ऑनलाइन आवेदन मंगाये गये थे। न्यायालय प्रशासन की ओर से जारी सूचना के अनुसार मुख्य परीक्षा 27 अप्रैल को आयोजित की जायेगी। अभ्यर्थी 15 अप्रैल से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। आवेदन की स्क्रूटनी प्रक्रिया के दौरान 259 अभ्यर्थियों के आवेदन विभिन्न कारणों से रद्द कर दिये हैं। बता दें कि वर्ष 2022 में 22 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई थी। फाइनल रिजल्ट के बाद 13 अभ्यर्थियों को नियुक्त किया गया था। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा, जिसके आदेश के बाद बचे 9 पदों पर भी नियुक्ति हुई। अब वर्ष 2025 में 15 नये पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया जारी है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

| वेदर | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 37.0 °c | 20.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.58 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.57 बजे |



# धर्म-जाति में बांटने की भाजपा की साजिश कभी सफल नहीं होगी: विनोद कुमार पांडेय

- गिरिडीह में हिंसा फैलाने की साजिश को नाकाम किया जिला प्रशासन ने
- असामाजिक तत्वों का कोई धर्म-जाति नहीं होती, प्रशासन को निष्पक्ष कार्रवाई करने दें भाजपा के नेता
- सांप्रदायिक नफरत फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि गिरिडीह में उपद्रव और हिंसा फैलाने की साजिश को जिला प्रशासन ने नाकाम कर दिया। तत्परता दिखाते हुए प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की। जिससे समाज में नफरत फैलाने की साजिश असफल हो गयी। विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि होली के दिन गिरिडीह के घोड़थंबा में प्रशासन ने प्रभावी कार्रवाई की है, लेकिन नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और भारतीय जनता पार्टी के लोग हर घटना पर राजनीतिक रोटी सेंकने चाहते हैं। भाजपा जिस प्रकार के राजनीतिक चरित्र का प्रदर्शन कर रही है, वह बाबूलाल मरांडी के बयानों से उजागर हो रहा है। इन्हें राज्य में अमन-चैन पसंद नहीं है। उन्हें याद रखना चाहिए कि झारखंड में हेमंत सोरेन की नेतृत्व वाली सरकार में भोली-भाली जनता को उकसाने का प्रयास कभी सफल नहीं होगा। भाजपा के लोग जनता को उकसाने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि कुछ लोग प्रशासन पर दबाव बनाना चाहते हैं। इस प्रकार की सांप्रदायिक मानसिकता रखने वालों के खिलाफ प्रशासन को कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि भाजपा लोगों को धर्म, जाति, समुदाय में बांट कर विद्वेष फैलाने के लिए साजिश रचने से बाज आने वाली नहीं है। ऐसा इसलिए है क्योंकि जनता के विकास और उन्नति के लिए भाजपा नेताओं के पास कोई सकारात्मक सोच नहीं है। चुनाव में जनता ने इनका सूपड़ा साफ कर दिया। राज्य के किसान, मजदूर, गरीब, आदिवासी, मूलवासी, महिलाओं, अल्पसंख्यक, पिछड़ों के विकास के लिए भाजपा के नेता कभी आगे नहीं आते। ये सिर्फ और केवल पूंजीपति वर्ग पर केंद्रित राजनीति करते हैं। भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा पिछले विधानसभा चुनाव में बेनकाब हो चुका है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के मुताबिक प्रशासन ना सिर्फ अप्रिय घटनाओं को रोकने बल्कि घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और कानून व्यवस्था को हाथ में लेने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई भी कर रही है।




# पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर ने बाबा धाम में पूजा की



- बाबा बैद्यनाथ की पूजा कर राज्य के लिए की सुख-समृद्धि की कामना

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास परिवार के साथ रविवार को देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर और दुमका के बासुकीनाथ मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने अपने पूरे परिवार के साथ भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। रघुवर दास के साथ उनकी पुत्रवधू सह भाजपा विधायक पूर्णिमा दास भी मौजूद रहीं। मंदिर पहुंचने के बाद रघुवर दास ने अपनी पत्नी के साथ बाबा बैद्यनाथ और मां पार्वती के मंदिर में गठबंधन पूजा भी की।

रघुवर दास के आगमन को लेकर बाबा मंदिर परिसर में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये गये थे। वीआइपी सुविधा के तहत रघुवर दास और उनके परिवार को पूजा करायी गयी। इस दौरान झारखंड के पूर्व मंत्री राज पलिवार, पंडा धर्मरक्षिणी सभा के पूर्व अध्यक्ष कार्तिक ठाकुर, भाजपा जिला अध्यक्ष सचिन रवानी सहित कई लोग मौजूद रहे।

**पूजा कर की राज्य की सुख-समृद्धि की कामना :** भोलेनाथ की पूजा करने के बाद रघुवर दास ने मीडिया से भी बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मंदिर पहुंचकर बाबा बैद्यनाथ की पूजा की और राज्य की सुख-समृद्धि और शांति के लिए कामना की है। अपने पूरे परिवार के साथ देवघर के बैद्यनाथ मंदिर में पूजा करने के बाद रघुवर दास कड़ी सुरक्षा के बीच दुमका जिले के बासुकीनाथ मंदिर के लिए रवाना हो गये।

## गिरिडीह की घटना को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

वहीं मंदिर पहुंचने से पूर्व रघुवर दास ने सोशल मीडिया के माध्यम से होली के दौरान गिरिडीह में हुई घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि जब से झारखंड में हेमंत सरकार आयी है कोई भी हिंदू त्योहार बिना हिंसक घटना के पूरा नहीं हो रहा है। यह वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति की पराकाष्ठा है। सरहुल का जुलूस हो या सरस्वती प्रतिमा का विसर्जन, रामनवमी हो या होली जुलूस, समुदाय विशेष द्वारा पथराव और आगजनी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। दुखद ये है कि शासन और प्रशासन मूक दर्शक बना रहता है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | कामकाज में अनपेक्षित परिस्थितियों के बावजूद कुछ तात्कालिक समस्याओं का समाधान हो सकेगा। |
| वृष | मन में विचित्र आशंकाएं और दुर्भावनाएं पैदा होंगी, अप्रत्यक्ष शत्रुओं से मार्मिक पीड़ा होगी। |
| मिथुन | हर्ष-विषाद की समानता, अनेक विपदाओं का सामना करना होगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी। |
| कर्क | आर्थिक स्थिति सुदृढ़, रोजी-रोजगार के क्षेत्र में विपदायें व मानसिक तनाव कम होगा। |
| सिंह | नये लोगों से संपर्क, महिला मित्र के माध्यम से लाभ, शुभ समाचार मिलेगा। |
| कन्या | विपरीत स्थितियों में सुधार, सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगी। |
| तुला | सरकारी सेवा से जुड़े हैं तो आपको अनुकूल परिस्थितियों का लाभ मिलेगा। |
| वृश्चिक | कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, हर काम में अड़चन आयेगी। |
| धनु | सरकारी उच्चाधिकारियों पर निजी प्रभाव शक्ति बढ़ेगी, नवीन व्यापारिक योजना सफल। |
| मकर | रोजगार की दिशा में कार्यों की अधिकता रहेगी, निराशा दूर होगी। |
| कुंभ | धन एवं सुख की प्राप्ति होगी, थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। |
| मीन | भूले बिसरे प्रसंग पुनर्जीवित होंगे, परिश्रम से महत्वपूर्ण काम पूरा होगा। |

# पश्चिमी सिंहभूम में जंगल से 5 किलो का आइइडी बरामद

- सुरक्षा बलों पर हमला करने की थी साजिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षा बलों का एंटी नक्सल ऑपरेशन लगातार जारी है। इस अभियान के तहत सुरक्षा बलों को नक्सलियों के कई ठिकानों से हथियार और विस्फोटक बरामद हो रहे हैं। रविवार को जराइकेला थाना क्षेत्र में एक बार फिर 5 किलो का आइइडी बम बरामद हुआ, जिसे नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए जमीन में दबाकर रखा था। सुरक्षा बलों ने तुरंत बम निरोधक दस्ते को बुलाया और उसी स्थान पर आइइडी बम को सुरक्षित तरीके से नष्ट कर दिया। पुलिस अधीक्षक आशुतोश शेखर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छोटानागपुर, छोटानागरा और जराईकेला थाना क्षेत्र के सीमावर्ती जंगलों और पहाड़ी इलाकों में यह ऑपरेशन चलाया गया था।

एसपी ने बताया कि रविवार सुबह करीब 9 बजे बाबूडेरा जंगल के पास आइइडी बम बरामद हुआ। उन्होंने कहा कि पश्चिमी सिंहभूम पुलिस, झारखंड जगुआर, कोबरा 209, सीआरपीएफ की 26, 60, 134, 193 और 197 बटालियन की टीम मिलकर नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। सुरक्षा बलों की सतर्कता और त्वारित कार्रवाई से एक बड़ी अनहोनी टल गयी। इलाके में सघन तलाशी अभियान जारी है ताकि किसी और तरह के विस्फोटक या नक्सली ठिकानों का पता लगाया जा सके।



# रांची से पटना की यात्रा होगी आसान, आज से स्पेशल ट्रेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची से पटना जाने के लिए ट्रेन में टिकट नहीं मिल पा रही है, तो अब चिंता करने की जरूरत नहीं है। भारतीय रेलवे ने रांची से पटना जाने के लिए एक नयी स्पेशल ट्रेन की शुरूआत की है, जिसका परिचालन चर्लपल्ली और रांची के रास्ते से होगा। यह ट्रेन हटिया और बोकारो स्टेशन में भी रुकेगी, जिससे यात्रियों को अतिरिक्त सहूलियत मिलेगी।

वहीं, इस संबंध में दक्षिण-पूर्व रेलवे के रांची मंडल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए 17 मार्च 2025 से स्पेशल ट्रेन सेवा शुरू की जा रही है। इस दौरान ट्रेन नंबर 03253 पटना-चर्लपल्ली स्पेशल (वाया रांची) हर सोमवार और बुधवार को पटना से चलेगी। इस स्पेशल ट्रेन का परिचालन 28 मई 2025 तक होगा। इसका रूट पटना, गया, बोकारो, रांची, हटिया, राउरकेला, दुर्ग, नागपुर और चर्लपल्ली के बीच होगा।

**ट्रेन में होंगे 24 कोच :** इसके अलावा हर बुधवार और शुक्रवार को चर्लपल्ली से पटना के लिए भी ट्रेनें चलायी जायेंगी। इन स्पेशल ट्रेनों में कुल 24 कोच होंगे, जिसमें एसएलआरडी के 2 कोच, सामान्य श्रेणी के 6 कोच, 12 द्वितीय श्रेणी स्लीपर कोच, 2 वातानुकूलित 3-टियर कोच और 2 वातानुकूलित 2-टियर कोच शामिल होंगे।



# संजय सिन्हा उर्फ नागमणि के निधन से जदयू में शोक की लहर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जदयू के प्रदेश सचिव संजय सिन्हा उर्फ नागमणि का शनिवार को निधन हो गया। वह निमोनिया से ग्रसित थे। रिम्स में उनका इलाज चल रहा था। उन्होंने शनिवार को रिम्स में आखिरी सांस ली। उनके निधन पर झारखंड प्रदेश जदयू अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो, विधायक सरयू राय एवं अन्य नेताओं ने शोक प्रकट किया। झारखंड प्रदेश जदयू अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने कहा कि संजय सिन्हा पार्टी के स्थापना काल से ही जदयू में रहे। वह एक जुझारू नेता थे। उनके निधन से संगठन को अपूरणीय क्षति हुई है। इसकी भरपाई संभव नहीं है। जदयू के प्रवक्ता सागर कुमार ने जानकारी दी है कि संजय सिन्हा फेफड़े में संक्रमण (निमोनिया) की शिकायत के बाद पिछले दिनों रिम्स में एडमिट हुए थे, जहां उनका इलाज चल रहा था। शनिवार को इन्होंने आखिरी सांस ली।

संजय सिन्हा उर्फ नागमणि के निधन पर पूर्व विधायक सुधा चौधरी, कामेश्वर दास, जदयू नेता डॉ आफताब जमील, धर्मेंद्र तिवारी, श्रवण कुमार, पीएन सिंह, भगवान सिंह, सागर कुमार, सोमेन दत्ता, उपेंद्र सिंह, संजय सिंह, लालचन महतो, रेणु पन्नीकर, आशा शर्मा, आशीष शीतल मुंडा, अखिलेश राय, रत्ना शर्मा पिंटू सिंह आदि ने शोक व्यक्त किया है।



# हथियार और चोरी की बाइक के साथ तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोअर बाजार थाना पुलिस ने अवैध हथियार और चोरी की बाइक के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में सदर थाना निवासी शेख अफरोज उर्फ पुटीलाल, नामकुम थाना निवासी मो अशफाक अंसारी और आशिफ सिद्धिकी शामिल हैं। इनके पास से आठ चक्रीय रिवाल्वर, एक पिस्टल, मैगजीन, आठ गोली, एक हीरो पैशन बाइक और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद कुमार ने रविवार को बताया कि एसएसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर प्रभारी खादगढ़ा टीओपी दिवाकर कुमार और एएसआइ भीम सिंह के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया और वाहन चेकिंग के क्रम में एक बाइक पर बैठे तीन सवार युवक पुलिस को देखते ही तेजी से कांटा टोली चौक से कोकर चौक की ओर भागे। पुलिस टीम ने उन्हें खदेड़ कर बासुदेव नगर के एक खंडहरनुमा कमरे से पकड़ा। इन तीनों के पास से अवैध आग्नेयास्त्र एवं गोली और चोरी की बाइक बरामद हुई है। गिरफ्तार अपराधियों का पूर्व अपराधिक इतिहास भी है।



## झारखंड में 41 डिग्री के पार पहुंचा तापमान, बारिश के आसार

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के कई जिलों में तापमान 41 डिग्री के पार पहुंच गया है। अत्यधिक तापमान बढ़ने का प्रतिकूल असर आम जन जीवन पर पड़ रहा है। रविवार को राज्य में सबसे अधिक तापमान चाइबासा में 41 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि राज्य के तीन शहरों में तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया है। जिन जिलों में तापमान 40 डिग्री हो गया है उनमें डालटेनगंज 40.7, जमशेदपुर में 40.0, बोकारो में 40.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं रांची में भी तापमान बढ़कर 37 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के पश्चिमी जिलों में हल्की बारिश होने और वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में अगले एक-दो दिनों में अन्य जिलों में भी बारिश होने का आसार हैं।

# सिरमटोली सरना स्थल के पास बने रैंप को आदिवासी समाज ने तोड़ने का निर्णय लिया

## 21 मार्च को मशाल जुलूस और 22 मार्च को रांची बंद का किया आह्वान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सिरमटोली सरना स्थल के पास बने रैंप को आदिवासी समाज ने तोड़ने का निर्णय लिया है। यह फैसला रविवार को हुई आदिवासी समाज की बैठक में लिया गया। बैठक में पूर्व मंत्री और कांग्रेस के विधायक रामेश्वर उरांव भी उपस्थित थे। सिरम टोली सरना स्थल में आदिवासी संगठन और आदिवासी बुद्धिजीवियों के बीच रैंप हटाने को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता कुंदरस मुंडा ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि एक अप्रैल को सरहुल पर्व मनाया जायेगा, लेकिन आदिवासी संगठन के लोग उपायुक्त द्वारा सरहुल शोभायात्रा की तैयारी को लेकर शांति समिति का बैठक में शामिल नहीं होंगे। बैठक में लोगों ने कहा कि इस बैठक का आदिवासी समाज विरोध करेगा। क्योंकि सिरम टोली सरना स्थल के पास बने रैंप को हटाने के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गयी है। बैठक में निर्णय लेते हुए आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि 17 मार्च को सीएम हेमंत सोरेन का पुतला जलाया जायेगा। इसके साथ ही पक्ष-विपक्ष के सभी 81 विधायकों की शव यात्रा निकालकर विरोध दर्ज कराया जायेगा। 21 मार्च को मशाल जुलूस निकाला जायेगा और 22 मार्च को रांची बंद का आह्वान किया गया है। बैठक में राहुल तिर्की, निरंजना हेरेंज टोप्पो, अजय टोप्पो, बब्लू मुंडा, रवि मुंडा, प्रेमशाही मुंडा, लक्ष्मी नारायण सिंह मुंडा, फूलचंद तिर्की, जगलाल पाहन, सूरज टोप्पो, अमित मुंडा, मुन्ना टोप्पो, आकाश तिर्की, विजय तिर्की, संगीता कच्छप, अजय टोप्पो, अनिल कुमार भगत, जागरे उरांव, अरविंद हंस, विजय उरांव, सुशीला कच्छप, प्रदीप लकड़ा समेत अन्य शामिल थे।



# बेहतर प्रदर्शन की रणनीति तैयार की जायेगी : केशव महतो

- 26 से 30 मार्च तक होंगी अहम बैठक, मिशन मोड में काम करेंगे कार्यकर्ता
- झारखंड में कांग्रेस को मजबूत करने की तैयारी तेज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में कांग्रेस पार्टी को संगठित और मजबूत करने के लिए 26 से 30 मार्च 2025 तक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जायेगी। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी प्रमुख पदाधिकारियों को विशेष कार्य सौंपे जायेंगे, जिन्हें अगले 100 दिनों में जमीनी स्तर पर लागू किया जायेगा।

**पार्टी संगठन को मजबूत करने की रणनीति :** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के झारखंड प्रभारी के राजू ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो को लिखे पत्र में बताया कि इन बैठकों का उद्देश्य पार्टी की लंबी अवधि की रणनीति तैयार करना है। इसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और नागरिक संगठनों से विचार-विमर्श किया जायेगा।

बैठकों की विस्तृत कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू 26 मार्च को सुबह 10:30 से 2:00 बजे तक जेपीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और महासचिवों के साथ चर्चा होगी, जबकि दोपहर 3:00 से 6:00 बजे प्रदेश कांग्रेस सचिवों के साथ बैठक होगी। 27 मार्च को एसटी, एससी, ओबीसी और अल्पसंख्यक विभाग के राज्य समिति सदस्यों के साथ बातचीत की जायेगी, इसके अलावा युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआइ और इंटक के सदस्यों से चर्चा होगी। 28 मार्च को कांग्रेस के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, पूर्व विधायकों, पूर्व सांसदों, पूर्व मंत्रियों और जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों के साथ अहम बैठक होगी। 29 मार्च को नागरिक समाज संगठनों के साथ दो चरणों में विचार-विमर्श किया जायेगा। 30 मार्च को पूर्व लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ चुके कांग्रेस प्रत्याशियों से मुलाकात होगी, इसके बाद मीडिया, सोशल मीडिया और कम्युनिकेशन विभाग के पदाधिकारियों से संवाद किया जायेगा। इसी दिन शाम 3:00 बजे प्रेस वार्ता के माध्यम से मीडिया से बातचीत होगी और 5:30 बजे कांग्रेस कनेक्ट सेंटर, रांची का दौरा किया जायेगा।

**झारखंड में कांग्रेस की नयी रणनीति :** इन बैठकों के दौरान प्रदेश कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए विशेष कार्ययोजना बनायी जायेगी। पार्टी कार्यकर्ताओं को मिशन मोड में काम करने के निर्देश दिये जायेंगे। कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि झारखंड में पार्टी की उपस्थिति को फिर से मजबूत करने के लिए जनसंवाद, मीडिया रणनीति और संगठनात्मक मजबूती पर विशेष ध्यान देना होगा। केशव महतो ने बताया झारखंड कांग्रेस के लिए यह कार्यक्रम काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे राज्य में संगठन को मजबूत करने और बेहतर प्रदर्शन की रणनीति तैयार करने में मदद मिलेगी।



# होली के दौरान विभिन्न हादसों में एक की मौत, दो दर्जन घायल





## दो युवकों ने किया आत्महत्या का प्रयास

कोडरमा। जिले में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को कोडरमा थाना क्षेत्र के इंदरवा के चितरपुर में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसकी पहचान महेश यादव (उम्र 32, पिता युगर यादव) के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार मामला घरेलू विवाद का है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन रस्सी से उतार कर आनन फानन मे सदर अस्पताल कोडरमा ले गये, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर रिम्स रेफर कर दिया। वहीं दूसरी घटना डोमचांच थाना क्षेत्र के नावाडीह की है। शुक्रवार शाम को महेश मेहता (उम्र 30 वर्ष पिता स्व. सुग्गी मेहता) ने फांसी लगा लिया। यहां भी परिजनों की सूझ - बुझ से तुरंत सदर अस्पताल कोडरमा ले जाया गया। चिकित्सकों ने उपचार कर रांची रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार पत्नी से विवाद के कारण युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था।

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में शुक्रवार और शनिवार को जहां एक ओर सभी लोग होली के जश्न में सराबोर थे, वहीं दूसरी ओर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए मारपीट, सड़क दुर्घटना के अलग-अलग मामलों में एक युवक की मौत हो गयी और लगभग दो दर्जन लोग घायल हो गये। जयनगर थाना क्षेत्र के शुक्रवार को भुवालडीह निवासी रामप्रवेश यादव (26, पिता शिवशंकर यादव) की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। मृतक के भाई अजीत यादव ने बताया कि रामप्रवेश केटीपीएस (बांझेडीह) में काम करता था। होली की छुट्टी को लेकर घर में ही था।

अपराह्न वो अपने किसी मित्र के यहां होली मनाने गया हुआ था। इसी बीच उसके घरवालों ने उसे घर आने को कहा। वह अपने बाइक से घर आ रहा था कि तभी घर के नजदीक ही उसकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। जिसके पश्चात उसे हमलोग सदर अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इधर कोडरमा थाना अंतर्गत बदडीहा में दो पक्ष में हुई झड़प और मारपीट में लगभग दो दर्जन लोग घायल हो गये। एक अन्य घटना में कोडरमा थाना क्षेत्र के जेजे कॉलेज के समीप बाइक को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिसमें बाइक सवार घायल हो गया। घायल की पहचान उत्तम कुमार के रूप में हुई है जो बोकारो से नवादा जा रहा था। स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया।

# डीजे साउंड बजाने को लेकर मारपीट, दर्जनों लोग घायल

ऊंची आवाज में डीजे साउंड बजाने को लेकर दो गुटों के बीच मारपीट

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में होली के हुरदंगियों ने उत्पात मचाया, पत्थरबाजी किया। इस कारण दर्जन भर लोग घायल हो गये। बड़कागांव अस्पताल दर्द और कराह से घायल लोग परेशान थे। बादम के पांचबहिनी चट्टान के पास होली की रात करीब 8:00 बजे ऊंची आवाज में डीजे साउंड बजाने को लेकर दो गुटों के बीच मारपीट हो गयी। इस कारण आधा दर्जन लोग घायल हो गये। जिसमें से शकुन देवी, हरिल महतो, आशा देवी, राजेश कुमार, सुजीत कुमार दांगी घायल हों गये। वहीं दूसरे पक्ष से पंछी देवी घायल है।

मिली जानकारी के अनुसार 15 मार्च के होली की रात 8:00 बजे बादम गांव के कुछ युवक ने डीजे साउंड लगाकर ऊंची आवाज में बजा रहे थे। इसी बीच सुजीत कुमार दांगी पिता धर्मनाथ महतो ने ऊंची आवाज ना बजाने का आग्रह किया। इसके बाद दोनों तरफ से तू तू मैं मैं करते हुए पत्थरबाजी और मारपीट में तब्दील हो गयी। इस संबंध में दोनों पक्षों से बड़कागांव थाना में आवेदन दिया गया है। गंभीर स्थिति को देखते हुए होरिल महतो और शकुन देवी को हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल अस्पताल में बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया।





## भागने के क्रम में महिला को कुचला

डीजे साउंड बजाने को लेकर मारपीट किये जाने की घटना के बाद बोलेरो चालक ने एक महिला को रौंदते हुए बिजली खंभे से टकराया। बोलोरो गाड़ी नंबर (जे एच 02 बी एस 8956) काफी क्षतिग्रस्त हो गया। थाने में दिये गये आवेदन के अनुसार मारपीट के दौरान बोलोरो लेकर राहुल कुमार भाग रहा था। इसी दौरान अपने घर के पास खड़ी नंदकिशोर महतो की पत्नी अनीता देवी को रौंदते हुए बिजली के खंभे से टकरा गया। इसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। डॉक्टर के अनुसार उक्त महिला का पैर टूट गया है। इस संबंध में बड़कागांव थाना में आवेदन दिया गया।

## सतगावां में छिटपुट घटना में दर्जन भर लोग घायल

सतगावां (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में होली में करीब आधा दर्जन गांव में मारपीट का मामले प्रकाश में आया है। वहीं भखरा गांव में होली खेलने के दौरान आपसी विवाद में जातीय समीकरण बिगड़ा जिसके कारण मारपीट में कई लोग घायल हो गये। मामला प्रकाश में आने के बाद सीओ केशव प्रसाद चौधरी, थाना प्रभारी विजय गुप्ता घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों पक्षों से आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। वहीं दूसरी तरफ सतगावां थाना क्षेत्र के राजाबर गांव में होली के दौरान मारपीट की घटना सामने आयी है। इसके अलावा अन्य स्थानों में भी होली खेलने के दौरान आपसी मारपीट की कई घटना हुई है। जिसमें सबसे बड़ी घटना कटैया पंचायत के भखरा गांव में घटी। जिसमें भखरा में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसी दौरान दोनों पक्ष से हुई विवाद को लेकर जमकर रोड़ेबाजी हुई। लाठी डंडे चलने में दर्जनों लोग घायल हो गये। घायलों में निगम कुमार 21 वर्ष, भगवान दास 76 वर्ष, आकाश कुमार 18 वर्ष, पृथ्वी सिंह 45 वर्ष अधीर सिंह उम्र 48 वर्ष, रिया कुमारी 18 वर्ष, श्रवण कुमार उम्र 33 वर्ष, ज्योति कुमारी 15 वर्ष, पलक कुमार 18 वर्ष,विमला देवी 40 वर्ष, अधीर कुमार उम्र 25 वर्ष वहीं दूसरे पक्ष से राहुल पासवान उम्र 27 वर्ष, अरुण पासवान 60 वर्ष, मुकेश पासवान 27 वर्ष,कमलेश पासवान 30 वर्ष, संदीप पासवान 30 वर्ष, दिनेश पासवान आदि कई अन्य लोग घायल हो गये।

# बेरहवा जंगल से सटे गांवों में हाथियों का कहर जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मरकच्चो।** प्रखंड के बेरहवा जंगल से सटे गांवों में हाथियों का कहर जारी है। इससे बेरहवा जंगल से सटे गांवों के ग्रामीणों में दहशत है बार-बार जंगली हाथियों के गांव में प्रवेश करने और इसको लेकर वन विभाग की कार्यशैली से ग्रामीणों में आक्रोश है। हाथियों का झुंड दसारो पंचायत के ग्राम दशारो खुर्द गांव पहुंच जम कर उत्पात मचाया। जंगली हाथियों के झुंड ने खेतों में लगी गेंहू के फसलों को नष्ट कर दिया। पंचदेव यादव 21 कट्ठा, रामसहाय सिंह 26 कट्ठा, रघुनाथ राणा 28 कट्ठा, उमा देवी 17 कट्ठा गेहूं फसल को पैरो से रौंद दिया। ग्रामीणों ने मशाल जला कर और पटाखे फोड़ कर हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा। लगातार हो रहे हाथियों के उत्पात से ग्रामीणों में दहशत है। जंगली हाथियों का झुंड अभी भी बेरहवा जंगल में अपना डेरा जमाये हुए है।



## निर्माण कार्य के खिलाफ दिया आवेदन

डोमचांच (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत मसनोडीह में 145 का नोटिस मिलने के बाद भी निर्माण कार्य जारी है। कौशल्या देवी पति भोला प्रसाद बर्नवाल को डोमचांच अंचल के द्वारा लगान रसीद भी निर्गत की गयी है। उसके बावजूद ग्रामीणों के द्वारा मंदिर का निर्माण का आरोप है। प्रशासन को लिखित आवेदन दिया गया तो उसके बाद सीओ रविन्द्र कुमार पांडेय और डोमचांच थाना प्रभारी अपने दल बल लेकर पहुंचे। डोमचांच थाना प्रभारी ओम प्रकाश और डोमचांच पुलिस अंचल अधिकारी बिनोद कुमार के समझाने के बाद निर्माण कार्य रोका गया है।

# होली के बाद रेलवे ने कई ट्रेनों को चलाने की घोषणा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** होली के बाद अपने काम पर या रोजगार के लिए बड़े नगरों को जाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। इधर रेलवे ने भी इसके लिए अतिरिक्त ट्रेनों को चलाने की घोषणा की है। होली के उपरांत पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से खुलने गुजरने वाली स्पेशल ट्रेनों की सूची जारी की गयी है। जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र नेबताया कि इनमें 12 ट्रेनें कोडरमा होकर गुजरेगी, जिसका ठहराव कोडरमा में दिया गया है। इनमे गाड़ी सं. 08538 पटना विशाखपट्टणम स्पेशल (गया कोडरमा बोकारो रांची सम्बलपुर के रास्ते) गाड़ी सं. 08538 पटना-विशाखपट्टणम स्पेशल 17, 24 और 31 मार्च, 2025 को पटना से 22.30 बजे खुलकर तीसरे दिन 03.50 बजे विशाखपट्टणम पहुंचेगी। गाड़ी सं. 03253 पटना-चर्लपल्ली (हैदराबाद) स्पेशल (गया कोडरमा गोमो बोकारो रांची बिलासपुर रायपुर नागपुर के रास्ते) - गाड़ी सं. 03253 पटना-चर्लपल्ली (हैदराबाद) स्पेशल 17.03.2025 से 28.05.2025 तक पटना से प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को 15.00 बजे खुलकर तीसरे दिन 03.30 बजे चर्लपल्ली पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 03011 हावड़ा-आनंद विहार होली स्पेशल (धनबाद कोडरमा गया डीडीयू प्रयागराज के रास्ते): गाड़ी संख्या 03011 हावड़ा-आनंद विहार होली स्पेशल 19 एवं 23 मार्च, 2025 को हावड़ा से 17.40 बजे खुलकर अगले दिन 00.20 बजे धनबाद, 03.20 बजे गया और 07.15 बजे डीडीयू सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 22.30 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। गाड़ी सं. 01929 ग्वालियर-पुरी स्पेशल - गाड़ी सं. 01929 ग्वालियर पुरी स्पेशल 21 और 28 मार्च, 2025 को ग्वालियर से 13.00 बजे खुलकर अगले दिन 00.10 बजे डीडीयू रूकते हुए 20.15 बजे पुरी पहुंचेगी। गाड़ी सं. 01930 पुरी-ग्वालियर स्पेशल - गाड़ी सं. 01930 पुरी ग्वालियर स्पेशल 15, 22 और 29 मार्च, 2025 को पुरी से 23.45 बजे खुलकर अगले दिन 19.00 बजे डीडीयू रूकते हुए तीसरे दिन 09.25 बजे ग्वालियर पहुंचेगी।

## कोडरमा अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम बोकारो गयी



कोडरमा (आजाद सिपाही)। झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जाने वाले इंटर डिस्टिक अंडर-19 वूमेन एस क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए कोडरमा की टीम रविवार को (कप्तान) सृष्टि कुमारी के नेतृत्व में बोकारो के लिए रवाना हो गयी। टीम में सृष्टि कुमारी (कप्तान), राधा कुमारी, रिया कुमारी, मुस्कान कुमारी, पायल कुमारी, करीना कुमारी, सुमन कुमारी, अंबिका कुमारी, रिया कुमारी, प्रियंका कुमारी, काजल कुमारी, करुणा कुमारी, नितिशा कुमारी, इतिशा कुमारी और मनीषा कुमारी तथा टीम मैनेजर ओम प्रकाश और राजू रंजन सिन्हा हैं। इस टूर्नामेंट में कोडरमा की टीम 17 मार्च से 22 मार्च तक रांची, जमशेदपुर, रामगढ़ और देवघर के साथ मैच खेलेगी। केडीसीए के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा और सचिव दिनेश सिंह ने बताया कि नई टीम होने के बावजूद टीम में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल हैं। टीम में शामिल खिलाड़ियों को केडीसीए के द्वारा ड्रेस उपलब्ध कराया गया है।

# रमजान का पूरा महीना रहमत और बरकतों से लबरेज: नदीम रजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मरकच्चो।** प्रखंड के कर्बला नगर मस्जिद के इमाम कर्बला नगर मस्जिद के इमाम मौलाना मो नदीम रजा फैजी ने बताया कि रमजान का पूरा महीना मोमिनो के लिये खुदा की तरफ से अजमत, रहमत और बरकतो से लबरेज है। लेकिन अल्लाह ने इस मुबारक महीने को तीन अशरो मे तक्सीम किया है। पहला अशरा खुदा की रहमत वाला है। रमजान के पहले अशरे मे अल्लाह की रहमत के लिये ज्यादा से ज्यादा ईबादत करनी चाहिये, दूसरा अशरा अपने गुनाहो की माफी मांगने का है तीसरा अशरा जहन्नम की आग से अल्लाह की पनाह मांगने का है उन्होंने कहा रमजान का हर पल महत्त्व रखता है। रमजान वक़्त की पाबंदी का आभास कराता है। रमजान मे समय पर नमाज अदा करना, समय पर कुरआन की तिलावत करना, समय पर ईफ्तार करना, समय पर सेहरी करना यानी रमजान के महीने मे वक़्त की पाबंदी खुदा का नायब तोहफा है। रोजा ही एक ऐसी ईबादत है जिसमे सीधा अल्लाह ताला से इंसान का संपर्क होता है रमजानुल मुबारक मे मुसलमानो की दिनचर्या ही बदल जाती है। वैसे यो रोजाना पांच वक़्त की नमाज पढ़ना हर मोमिन के लिए फर्ज है। लेकिन इस महीने फजीलत ही अलग है। इस महीने मे मुसलमान रोजा रख रहे है ओर पाबंदी से पांच वक़्त की नमाज के अलावा तरावीह की नमाज भी अदा कर रहे है।



# गुरुचट्टी में मटका फोड़ कार्यक्रम प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** होली के अवसर पर बड़कागांव गुरु चट्टी स्थित थाना के समीप बाजारटांड़ में मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मां अंबे दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बिंदु दांगी उर्फ बिंदेश्वर के द्वारा आयोजित किया गया। गुरुचट्टी ग्राम के सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें कई टीम शामिल थे। विजई टीम को उपहार स्वरूप नगद राशि समिति के अध्यक्ष बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी और हंटर ग्रुप के अध्यक्ष बिंटू कुमार के द्वारा देकर सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से बिंदु दांगी, दामोदर मेहता, हुलास प्रसाद दांगी, दर्शन महतो, बीगल किशोर महतो, जयशंकर महतो, प्रेमनाथ महतो, शिबू मेहता जय हिंद महतो, अनिल कुमार, अमित कुमार, विजय कुमार, सूरज कुमार, जतिन कुमार, घनश्याम कुशवाहा, ममता कुमारी, गीता देवी, राधा देवी, उर्मिला देवी, कार्तिक महतो, पिंटू कुमार, जयवीर कुमार, डोली कुमारी, दिव्या, अंबिका कुमारी, गुड़िया मेहता, खुशबू कुमारी, सोहन महतो, राहुल कुमार, सतीश कुमार, सत्यजीत विद्या अलंकार के अलावा कई उपस्थित थे।



## घर के बाहर खड़ी कार में लगी आग



झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। तिलैया थाना क्षेत्र के वैशाली प्रेस गली में खड़ी एक हुंडई आई 20 कार में शनिवार की देर रात आग लग गई। आग की सूचना मिलने के बाद कार के मलिक रितेश चौरसिया पिता उमेश चौरसिया ने तिलैया थाना और दमकल विभाग को इसकी सूचना दी। जिसके बाद पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। तब तक गाड़ी का अधिकांश हिस्सा जल चुका था। धनबाद के रहने वाले रितेश चौरसिया ने बताया कि वह वैशाली प्रेस गली में किराये के मकान में रहते हैं और एक इंश्योरेंस कंपनी में काम करते हैं। शनिवार की रात उन्हें मकान के बाहर खड़ी कार में आग लगे की जानकारी मिली थी। उन्होंने बताया कि कार करीब एक साल पहले लिया था और कार में 15 से 20 लीटर पेट्रोल भी था। गनीमत रही की आग पर दमकल की टीम ने समय पर काबू पा लिया।

## इंटर डिस्ट्रिक्ट सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट का मैच 17 मार्च से कोडरमा में

कोडरमा (आजाद सिपाही)। झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जाने वाले इंटर डिस्ट्रिक्ट सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट (प्लेट ग्रुप) रणधीर वर्मा ट्रॉफी के लिए कोडरमा को मेजबानी का मौका दिया गया है। कोडरमा वेन्यू का मैच 17 मार्च से 22 मार्च तक चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में खेले जायेंगे। यहां लातेहार, पलामू, गढ़वा और दुमका की टीम भाग लेगी। सोमवार को पलामू और दुमका के बीच पहला मैच खेला जायेगा। केडीसीए के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा और सचिव दिनेश सिंह ने बताया की मैच के सफल आयोजन की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

# हजारीबाग में ख्याति प्राप्त रामनवमी का हुआ आगाज

महासमिति अध्यक्ष पद के लिए 7 ने की दावेदारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** होली खत्म होते ही हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी महापर्व का आगाज रविवार से हो गया। 100 साल से चली आ रही परंपरा के तहत होली के बाद पड़ने वाले पहले रविवार को बड़ा अखाड़ा में बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास ने किया। बैठक में सात उम्मीदवारों ने रामनवमी महासमिति अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी की है। आने वाले शुक्रवार या शनिवार को मतदान के जरिये महासमिति के अध्यक्ष का चुनाव होगा। पिछले 100 साल से यह परंपरा चल रही है। इसी परंपरा के तहत हजारीबाग में लगभग सभी अखाड़े के सदस्यों ने बैठक में हिस्सा लिया। रामनवमी महासमिति का अध्यक्ष कौन होगा इसे लेकर 7 लोगों ने अपना नाम दिया है। बैठक में तय किया गया है कि चुनाव के जरिये महासमिति के अध्यक्ष का चयन किया जायेगा। आगामी शुक्रवार शनिवार को चुनाव संपन्न कराने की बात कही जा रही है। सोमवार शाम के 3 बजे तक नाम वापसी का भी समय तय किया गया है। हजारीबाग का रामनवमी जिसे इंटरनेशनल कहा जाता है। हजारीबाग में लगभग 120 अखाड़े हैं। जुलूस नवमी, दशमी और एकादशी तीन दिनों तक सड़कों पर रहती है। साथ ही साथ होली के बाद और रामनवमी के पहले पड़ने वाले सभी मंगलवार को मंगला जुलूस निकाला जाता है जो आकर्षक और भव्य होता है। बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास ने कहा कि हजारीबाग का रामनवमी बेहद खास है। परंपरा को राम भक्त निर्वहन भी कर रहे हैं। यह उम्मीद की जा रही थी आपसी ताल मेल के जरिये महासमिति अध्यक्ष का ऐलान किया जायेगा, लेकिन 7 नाम आने से चुनाव के बाद तय होगा कि आने वाले 1 साल के लिए हजारीबाग रामनवमी महा समिति का अध्यक्ष कौन होगा। उम्मीदवार और चुनाव चिन्ह विशाल वाल्मीकि को डमरू, दिलीप यादव को गदा, मीत यादव को शंख, जीतू यादव को चक्र, बसंत यादव को ओम, दीप नारायण प्रकाश को स्वास्तिक, अजय कुमार दास एक को त्रिशूल चुनाव चिन्ह दिया गया है। रामनवमी महासमिति 2025 के अध्यक्ष चुनाव हेतु चुनाव संचालन समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान को बनाया गया। चुनाव संचालन समिति प्रशांत कुमार प्रधान, राजकुमार यादव पूर्व महासमिति अध्यक्ष, निशांत कुमार प्रधान, पूर्व महासमिति अध्यक्ष राजेश गोप, लब्बू गुप्ता, बप्पी करण, अभिषेक कुमार, पवन कुमार गुप्ता, मनमीत अकेला, अमन कुमार, शशि भूषण केसरी, उदय मेहता, राहुल वाल्मीकि और रोहित राम है।



## मचान और टेंट हाउस में लगी आग, छह लाख की संपत्ति राख

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव मध्य पंचायत स्थित कुम्हार मोहल्ला में दो मचान, टेंट हाउस और दो शौचालय में आग लग जाने से आठ बकरी और बकरी के बच्चे जिंदा जल गये। लगभग 6 लाख रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गयी। यह घटना होली के दिन 15 मार्च को 2:00 बजे अपराह्न की है। ग्रामीणों द्वारा आग बुझाने के बाद देर से अग्निशमन वाहन आई। आंशिक रूप से जल रहे मचान और पुआल को अग्निशमन वाहन द्वारा बुझायी गयी। मचान पेरू प्रजापति और उनके दो पुत्र पिंटू प्रजापति और विवेक प्रजापति का टेंट हाउस था। घटना के संबंध में पेरू प्रजापति और उसके पुत्र पिंटू प्रजापति ने बताया कि हम लोग सभी होली खेलने के लिए घर से बाहर में थे। इस दौरान अचानक आग लगने की आवाज सुनाई दी, तो देखा कि अपने ही मचान में आग लगी हुई है। आग लगने के करण मचान जलकर गिर गया जिसमें दो बकरी, दो खांसी, चार बकरी के बच्चे मचान में दबकर जिंदा जल गये। इसके अलावे टेंट हाउस के सामान जलकर राख हो गये। इसके अलावा पड़ोस हीरालाल प्रजापति का मचान में भी आग लग गयी और उनके घर को भी आंशिक रूप से नुकसान हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि अग्नि शमन वाहन बुलाने के लिए फायर ब्रिगेड में कई बार फोन लगाने के बाद भी लोग नहीं उठायें। इसके बाद बड़कागांव थाना को सूचना दी गयी। पुलिस द्वारा एनटीपीसी त्रिवेणी सैनिक को सूचना दी गयी। तत्पश्चात अग्निशमन वाहन पहुंची थाना प्रभारी नेमधारी रजक के नेतृत्व में बड़कागांव पुलिस पहुंच कर घटना स्थल की जांच पड़ताल की।

## बाजार समिति परिसर में लगी आग

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के अड्डी बांग्ला रोड स्थित बाजार समिति के प्रांगण में शुक्रवार की रात करीब 10 बजे फल के अपशिष्ट केला के पत्ता और डाली में आग लग गयी। आग लगने की सूचना मिलने पर तिलैया पुलिस और दमकल विभाग कोडरमा की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार आग पर तुरंत काबू पाने से आग फैलने से बच गया नहीं तो आग की चपेट में कई दुकान भी आ सकते थे और बड़ी घटना हो सकती थी।

## पोक्सो एक्ट के अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तिहार



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के मासीपीडी गांव में पोक्सो एक्ट के अभियुक्त के घर बरकट्ठा पुलिस ने इस्तिहार चिपकाया। इस बाबत इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी ने बताया कि बरकट्ठा थाना कांड संख्या 43/24 पोक्सो एक्ट के अभियुक्त चंदन कुमार पिता महेश प्रसाद और दिपक भूइयां पिता स्व बेनी भूइयां दोनों ग्राम मासीपीडी निवासी के घर पर कोर्ट के आदेशानुसार डुगडुगी बजा कर इस्तिहार चिपकाया गया।

## ससुराल में युवक का शव बरामद

गोला(आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बरवाटांड़ निवासी रुपेश कुमार पिता महाबीर महतो 23 वर्ष का शव शुक्रवार को फांसी के फंदे से पुलिस ने बरामद किया है। बताया जाता है कि दिन दोपहर डेढ़ बजे के करीब ससुराल से फोन आने के बाद बगल गांव के खरैयाटांड़ चला गया। ससुराल पहुंचने पर पत्नी से किसी बात पर कहासुनी हो गयी। बाद में पंखे में गमछा का फंदा गले में डालकर जान दे दी। ससुराल वालों ने कमरे का दरवाजा खोलने पर देखा कि रुपेश का शव पंखा से लटका हुआ है। परिजन उन्हें सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। इधर मृतक के भाई आकाश कुमार ने थाना में आवेदन देकर अपने भाई की हत्या कर शव को फंदे में लटकाने का आरोप लगाया है। हत्या का आरोप मृतक के पत्नी रिया और सास जयंती देवी पर लगाया गया है। मृतक कि पत्नी और सास से पूछताछ की जा रही है। मृतक की शादी पिछले वर्ष 17 जुलाई को धूमधाम से हुई थी। इसके बाद दोनों पति पत्नी के बीच अकसर किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था।

# पायल होटल में जमकर हुई मारपीट, महिला घायल

### रामगढ़ में छिटपुट घटनाओं के साथ संपन्न हुआ होली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रंगों का त्योहार होली रामगढ़ जिले में छिटपुट घटनाओं को छोड़कर बेहद शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। हर आदमी रंगों में सराबोर दिखा। होली का हुड़दंग सड़कों पर था और दिलों में नया जोश। बच्चे, बूढ़े, जवान और महिलाएं, हर कोई होली के रंग में डूबा नजर आया। होली और रमजान के महीना को देखते हुए रामगढ़ थाना पुलिस शहर के संवेदनशील इलाकों में मुस्तैद रही। शहर में सौदागर मोहल्ला, गोलपार्क, कर्बला, नई सराय, आजाद बस्ती, मनुवा फुलसराय में पुलिस और दंडाधिकारी मुस्तैद रहे। क्योंकि शुक्रवार को बड़े पैमाने पर होली बनाई जा रही थी और जुम्मे की नमाज भी अता की जानी थी। दोनों ही त्योहार



शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसके लिए पुलिस अलर्ट थी।

**होली के दिन महिला हुई घायल:** शहर के पायल होटल में होली के दिन जमकर मारपीट हुई। इस मारपीट की घटना में होटल की मालकिन ममता शरण गंभीर रूप से घायल हो गयी हैं। उनका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। उन्होंने अपने देवर, भतीजे और उसके दोस्तों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने पुलिस को बताया कि वह विधवा महिला बड़े मुश्किल से होटल का संचालन करती हैं उनके देवरा रविंद्र शरण, भतीजे आदित्य सारण, कुणाल शरण उन लोगों के दोस्त पोचरा निवासी विनोद नायक के द्वारा उनके साथ मारपीट की गयीहै। उन्होंने यह भी बताया कि सुनियोजित तरीके से उनके गोतिया लोगों ने होली का दिन चुना। वे लोग जान मारने की नीयत से घर में घुसे और मारपीट की। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### परिजनों पर हुआ जानलेवा हमला, थाने पहुंची महिला

मारपीट की एक दूसरी घटना रामगढ़ थाना क्षेत्र के न्यू कॉलोनी सोनार मोहल्ला में हुई। सुशीला देवी ने पुलिस को बताया कि उनके देवर राहुल सोनी और भतीजे ऋषभ राज पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला किया। इस हमले में वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रांची रेफर कर दिया गया है। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। सुशीला देवी ने सुमित सोनी उर्फ शनि, रोहन सोनी, राहुल सोनी, धीरज गुप्ता और सात अज्ञात लोगों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है।

### राशन दुकान में युवक के साथ हुई मारपीट

शहर के नेहरू रोड में भी राशन दुकान में स्वीपर कॉलोनी के लड़कों ने नशे में धुत्त होकर मारपीट की। इस वारदात में घायल विनोद कुमार ने रामगढ़ थाने में शिकायत दर्ज करायी है। उसने बताया कि क्वार्टर के कुछ लड़के दुकान में पहुंचे और महिलाओं को देखकर अश्लील हरकतें करने लगे। जब उसने विरोध किया तो नशे में धुत्त युवकों ने उसकी पिटाई कर दी।

# अलग-अलग सड़क हादसों में 27 लोग हुए घायल

### दो ट्रेलरों की टक्कर, एक में लगी आग, बचे चालक-खलासी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रांची-पटना मुख्यमार्ग अंतर्गत फोरलेन के चुटूपालू घाटी में शुक्रवार को दो ट्रेलरों की टक्कर हो गयी। जिसमें एक में ट्रेलर में अचानक आग लग जाने से अफरा तफरी का माहौल हो गयी। घटना के बाद चालक और खलासी बाल-बाल बच गये। जानकारी के अनुसार उड़ीसा के राउरकेला से हिमाचल जा रही ट्रेलर संख्या एचआर69सी 9422 का अचानक घाटी में ब्रेक फेल हो गया। ट्रेलर के चालक ने कई वाहनों को बचते बचाते जब रोकने का प्रयास किया तो एक अन्य ट्रेलर संख्या आरजे36जीए 5002 अपनी चपेट में लेते हुए गाड़ी मोड़ ली और चट्टान से जा टकरायी। चट्टान से टकराने के बाद टेलर में आग लग गयी। इधर घटना की सूचना प्रकार रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर सलीम खान सदलबल के साथ पहुंचे और



घायल चालक और खलासी को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इन दोनों का उपचार किया गया।

रांची-पटना मुख्यमार्ग अंतर्गत फोरलेन के सैनी होटल के समीप एक कार संख्या जेएच01डीवी 0356 सड़क किनारे चट्टान से टकरा गयी। इस हादसे में कार पर सवार चार लोग घायल हो गये। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने उनका इलाज सदर अस्पताल में कराया।

अलग अलग सड़क हादसों में 27 लोग घायल हो गये, जिनका इलाज सदर अस्पताल में हुआ। घायलों में नितेश कुमार 21 वर्ष, विक्की कुमार 25 वर्ष, रितिक कुमार 19 वर्ष, अभिषेक कुमार 18 वर्ष, विनोद कुमार 24 वर्ष, रितिक कुमार 23 वर्ष, श्रीमती देवी 39 वर्ष, गोपाल प्रसाद कुशवाहा 47 वर्ष, महेंद्र कुमार 28 वर्ष, चिंता देवी 30 वर्ष, अनिल राम 40 वर्ष, महेंद्र कुमार 28 वर्ष, चिंता देवी 30 वर्ष, अनिल राम 40 वर्ष, महेंद्र कुमार 20 वर्ष, रूपलाल मांझी 35 वर्ष, विष्णु कुमार 17 वर्ष, आदित्य कुमार 16 वर्ष, बिट्टू कुमार 15 वर्ष, राहुल कुमार 25 वर्ष, रंजन कुमार 10 वर्ष, सन्नी कुमार 25 वर्ष, सनिल कुमार 17 वर्ष, अमरलाल महतो 31 वर्ष, सुमित सोनी 28 वर्ष, डालो देवी 43 वर्ष और संजय कुमार 22 वर्ष शामिल है।

## जब्त वाहनों में फिर लगी आग



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू पुलिस ने कुजू चौक स्थित मस्जिद के सामने रखे गये जब्त वाहनों में शुक्रवार को एक बार फिर से आग लग गयी। जिसके कारण कई वाहन जल कर राख हो गये। आग लगने की खबर के साथ लोगों का हुजूम घटनास्थल पर उमड़ पड़ा। वहीं, सूचना पाकर ओपी प्रभारी मो नौशाद तत्काल उक्त स्थल पहुंचे। साथ ही, फायर ब्रिगेड को सूचना देते हुए स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन आग तेज होता चला गया। बाद में पहुंचे फायर ब्रिगेड की टीम ने पानी की बौछार कर आग को नियंत्रण में कर लिया। तब जाकर आसपास के दुकानदारों और निवासियों ने राहत की सांस ली। बताया जाता है कि इससे पहले भी दो बार जब्त कर रखे वाहनों में आग लग चुका है। वहीं, आग लगने से पास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

## ग्रामीणों ने करायी प्रेमी युगल की शादी



**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के मुरुडीह गांव निवासी एक युवती और संग्रामपुर गांव निवासी एक युवक को होली के अवसर पर ग्रामीणों ने एकांत जगह पर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाते हुए देखा। जिससे लोगों को शक हुआ कि दोनों प्रेमी युगल होंगे। तभी एकांत जगह पर एक दूसरे को रंग गुलाल लगा रहे हैं। तभी दो चार ग्रामीण एकत्रित हुए और दोनों को घेर लिया। बातों बातों में मामला आग की तरह फैल गयी। देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गये। जिसके बाद दोनों को पूछताछ की गयी। इस दौरान प्रेमी अजय करमाली और प्रेमिका नंदनी कुमारी ने अपना प्रेम प्रसंग स्वीकार किया। दोनों ने बताया कि हम दोनों का प्रेम प्रसंग लगभग तीन साल से चल रहा है। जिसके बाद मुखिया उक्त पंचायत के सीताराम मुंडा, समाजसेवी पोखन महतो, सैकड़ों महिला और पुरूष के बीच दोनों के माता-पिता की सहमति से शादी करा दी गयी।

## रामगढ़ में मिनी मैराथन दौड़ 23 को

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहीद भगत सिंह के शहादत दिवस पर जिला एथेलेटिक्स एसोसिएशन और सभी खेल संघ के संयुक्त तत्वावधान में 23 मार्च को दौड़ेगा रामगढ़- बढ़ेगा रामगढ़ मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया जायेगा। जिसे लेकर रविवार को आयोजन समिति के अध्यक्ष राजीव जायसवाल, सचिव सीडी सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष शशि पांडेय, वरीय उपाध्यक्ष सह गुरुद्वारा प्रधान परमजीत सिंह कालरा, मनमोहन सिंह लांबा, गोपाल राम, कीर्ति गौरव, पूरन महतो, स्मृति भारद्वाज, संजय सोनकर, परमजीत सिंह सैनी, सुजीत सोनकर, राहुल पासवान, मनीष पॉल, शेखर कुमार सहित आयोजन समिति के कई सदस्यों ने छावनी फुटबॉल मैदान का निरीक्षण किया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि मिनी मैराथन दौड़ की तैयारी जोरों से चल रही है।

# सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस का ग्रामीणों ने किया स्वागत

### सांसद मनीष जायसवाल के कार्यों को हर घर तक पहुंचना हमारा उद्देश्य: धनंजय पुटूस

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा भाजपा नेता धनंजय कुमार पुटूस को सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) बनाये जाने पर रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोधमा के ग्रामीणों के द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता कृष्णा यादव और संचालन गुड्डू यादव और शंकर यादव ने किया। स्वागत समारोह में काफी संख्या में लोधमा ग्राम के बड़े बुजुर्गों और युवा शामिल हुए। स्वागत समारोह में उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि धनंजय कुमार पुटूस शुरू से जनता की समस्याओं के समाधान



के लिए संघर्ष करते रहे हैं, पूर्व में लोधमा को रामगढ़ जिला के नक्शे में जुड़वाने के लिए भी इन्होंने लंबा संघर्ष किया था। तब जाकर लोधमा को रामगढ़ के नक्शे में जोड़ा गया था। धनंजय कुमार पुटूस को सांसद प्रतिनिधि बनाये जाने से ग्रामवासी काफी खुश नजर आये। धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल एक जुझारू सांसद हैं, वो हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोगों के लिए लगातार काम कर रहे हैं, अब उनके कार्यों को रामगढ़ विधानसभा के हर एक घर तक ले जाने का हमारा प्रयास रहेगा। मौके पर हीरा गोप, पवन यादव, सिकंदर बेदिया, शंकर यादव, संतोष यादव, सूरज यादव, महेश गोप, गुड्डू यादव, प्रदीप गोप, पेमल गोप, आयुष कुमार, बिट्टू यादव, रूपेश यादव, बिट्टू यादव, अमर बोदरा, अजय राम आदि उपस्थित थे।

# जिला सीनियर टीम की घोषणा की गयी



### क्रिकेट एसोसिएशन ने प्रशिक्षण देकर 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की

### पतरातू में चल रहे पिछले एक सप्ताह से प्रशिक्षण शिविर का समापन रविवार को महुआ ग्राउंड लबगा में हुआ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुरकुंडा।** रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा रविवार को रामगढ़ जिला सीनियर टीमों की घोषणा किया गया। बताया गया कि रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष गिरधारी गोप, मानद सचिव अरुण कुमार राय के मौजूदगी में रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सिलेक्टर सह कोच सुभोजित दत्ता, कोषाध्यक्ष और सिलेक्टर सूरज प्रसाद, कोच और सदस्य महेंद्र प्रसाद राणा ने पिछले एक सप्ताह तक शिविर के माध्यम से प्रशिक्षण देकर 15 सदस्यीय टीम का घोषणा की है। पतरातू में चल रहे पिछले एक सप्ताह से प्रशिक्षण शिविर का समापन रविवार को महुआ ग्राउंड लबगा में हुआ। घोषित टीम में कप्तान प्रभात कुमार महतो, उप कप्तान अभिषेक कुमार, हर्ष राणा, पीयूष यादव, सावंत कुमार, रोशन कुमार, मनीष कुमार, आदर्श गिरी, मो. सोहेल, दिव्यम राज, अरुनीसी राज, वामिक राजा, सौरभ सिंह और शुभम यादव सहित स्टैंड बाय में पांच सदस्यों को रखा गया। इसमें अनंत कुमार, अभिषेक आर्य, विवेक कुमार, कुमार कुशाग्र अजय मांझी शामिल हैं। वहीं रवि मुंडा को टीम मैनेजर बनाया गया है। मौके पर सचिव अरुण कुमार राय ने बताया कि झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित रणधीर वर्मा क्रिकेट टूर्नामेंट 2024-25 में भाग लेने हेतु रामगढ़ जिला की टीम 17 मार्च को सुबह 10 बजे रामगढ़ फुटबॉल ग्राउंड से हजारीबाग के लिए रवाना होगी। प्रथम राउंड में रामगढ़ की टीम लीग मैच खेलेगी। टीम काफी बैलेंस और मेहनती है। उपाध्यक्ष गिरधारी गोप ने कहा कि आपकी मेहनत और अनुशासन ही आपको महान क्रिकेटर बना सकता है। रामगढ़ जिला आपको प्लेटफार्म दिया है। आप बेहतर प्रदर्शन करें। आपकी बेहतर प्रदर्शन से रामगढ़ जिला की टीम फाइनल तक तो खिलेगा ही साथ ही आपका परफॉर्म भी राज्य तक पहुंचेगी। इसके बाद आप राज्य के लिए खेल सकेंगे। हमारी शुभकामनाएं आपके साथ है आप बेहतर प्रदर्शन कर रामगढ़ जिला को और खुद का नाम रोशन करें।

# झामुमो की बड़गांव पंचायत कमेटी का किया गया पुनर्गठन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**टंडवा।** बड़गांव क्षेत्र अंतर्गत पंचायत भवन बड़ागांव में झारखंड मुक्ति मोर्चा का पंचायत स्तरीय बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता उमेश यादव, संचालन अख्तर अंसारी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जेएमएम नेता चंद्रदेव साहू, प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश कुमार यादव, पंचायत प्रभारी संतोष नायक, दिनेश कुमार, उपस्थित थे। बैठक में सर्व समिति से पंचायत अध्यक्ष शौकत अंसारी, सचिव



राम प्रकाश यादव, सह सचिव अख्तर अंसारी, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार दास, संगठन सचिव अशोक कुमार महतो, उपाध्यक्ष उमेश यादव, कार्यकारिणी सदस्य बसंत प्रजापति, कृष्ण यादव, सफीक अंसारी, शिवेंद्र यादव, प्रमोद नायक, मुजफ्फर अंसारी, प्रेम यादव, अंकित यादव, संजय यादव, शमशाद अंसारी, जावेद अंसारी, मुकेश यादव, निर्मल कुमार, जावेद इराकी चुने गये। इसके अलावे सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लबगा विस्थापित विकास समिति की बैठक

**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** मां पंचवाहिनी मंदिर प्रांगण में लबगा विस्थापित विकास समिति की बैठक हुई। जिसमें ग्रामीणों ने पीवीयूएनएल (एनटीपसी) पर गंभीर भेदभाव के आरोप लगाते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस अन्याय के खिलाफ स्थानीय प्रशासन और विधायक को लिखित शिकायत दी जायेगी। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि पीवीयूएनएल गांव के नौजवानों को रोजगार और प्रशिक्षण से वंचित कर रहा है। साथ ही गांव में सीएसआर के तहत कोई विकास कार्य नहीं किए जा रहे हैं, जबकि इसी गांव के संसाधनों का उपयोग बिजली विभाग द्वारा किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव का 90 प्रतिशत जमीन पतरातु थर्मल बनाने के लिए लिया जा चुका है।

# होली: सड़क दुर्घटना और मारपीट में घायलों का सदर अस्पताल में इलाज

### तीन मृतकों का किया गया पोस्टमार्टम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** जिले भर में होली के मौके पर जहां जमकर लोगों ने रंग-गुलाल उड़ाया और खुशियां मनायी। वहीं सदर अस्पताल में नशे की हालत में अनेकों सड़क दुर्घटना और मारपीट की घटनाओं में घायलों की भीड़ दिन भर लगी रही। सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ अजहर अली ने बताया कि उनके ड्यूटी के दौरान मारपीट की घटनाओं में छह लोग घायल अवस्था में सदर अस्पताल आये थे। जिसका प्राथमिक उपचार कर दो लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उनको रांची रेफर कर दिया गया। इसके अलावा सड़क दुर्घटना में 48



घायलों का इलाज किया गया। डॉ अजहर ने बताया कि सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। जिसमें 11 घायलों को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि जबकि शहर से सटे डोमसिटवा मुहल्ला निवासी 16 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। मृतक नशे की हालत में मोटरसाइकिल से जा रहा था। इसी बीच वह एक खंभे से टकरा गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। डॉ अजहर ने बताया कि इसके अलावा जहर खाने से एक महिला की मौत और फांसी लगाकर एक महिला के जान देने का मामला सामने भी सदर अस्पताल में आया है। जिसका सदर अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। जानकारी के अनुसार डॉ अजहर के ड्यूटी के बाद भी मारपीट के कई मामले सदर अस्पताल में आये, जिसके घायलों का इलाज किया गया।

# जहर खाने से महिला की मौत

### मायके वालों ने दहेज के कारण हत्या करने का लगाया आरोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** इटखोरी थाना क्षेत्र के गुल्ली गांव में एक विवाहिता की संदेहास्पद मौत का मामला प्रकाश में आया है। वहीं मृतका के मायके वाले दहेज को लेकर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। मृतका का नाम विनीता देवी पति सिकंदर यादव बताया जा रहा है। परिजनों का आरोप है कि ससुराल वालों द्वारा जहर देकर उसकी हत्या किया गया है। इस घटना की जानकारी मिलते ही इटखोरी थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। जहां शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। कुछ लोग इसे आत्महत्या का मामला बता रहे है। मृतका के मायके वालों ने थाने में आवेदन दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस घटना से मृतका के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। शव के गांव पहुंचते ही चारों ओर गम का माहौल है।

### फांसी लगाकर महिला ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

चतरा। सदर थाना क्षेत्र के अकौना गांव निवासी रामदेव भुंईयां की पत्नी रीता देवी ने शुक्रवार की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने फंदे से शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में कर रही है। इधर मृतका के पिता माघो भुईयां ने सदर थाना में आवेदन देकर दामाद रामदेव भुइयां पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज करायी है। आरोप है कि वर्ष 2015 में उसकी पुत्री की शादी रामदेव से हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। उसके दो वर्ष बाद रामदेव ने दूसरी शादी कर ली। जिसके बाद उसकी पुत्री का अपनी सौतन और पति के साथ हमेशा विवाद होते रहता था। शुक्रवार की रात मामूली बात को लेकर रीता और रामदेव के बीच लड़ाई हो गयी। उसके बाद रामदेव ने गला दबाकर उसकी बेटी की हत्या कर दिया और साक्ष्य छुपाने के लिए फांसी के फंदे पर लटका दिया। इधर सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या के कारणों का खुलासा होगा। हालांकि पुलिस हर एक पहलू की जांच पड़ताल कर रही है।

## शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं.8513 दिनांक 11.03.2025 मैं सागर कुमार पिता- श्री बालेश्वर प्रसाद मेहता, उम्र - 18 वर्ष लगभग, धर्म -हिन्दू, पेशा -विद्यार्थी, निवासी ग्राम अलौंजा कला, थाना - इचाक, जिला -हजारीबाग, राज्य -झारखंड, शपथ पूर्वक ब्यान करता हूं कि-
1.यह की मेरा आधार कार्ड संख्या 3620 3522 5262 है उसमें मेरा नाम विशाल कुमार दर्ज है, जो गलत है।
2.यह की मेरा दशम वर्ग के मार्गशीट एवं जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम सागर कुमार दर्ज है, जो सही वो सत्य है।
3.यह की आधार कार्ड में जो मेरा नाम विशाल कुमार दर्ज है उसे शुद्धिकरण कर सागर कुमार किया जाय, इसके लिए मैं शपथ पत्र करके दे रहा हूं। 4. यह की उपरोक्त लिखित बाते सही वो सत्य है। मैं सागर कुमार सत्यापित करता हूं कि उपरोक्त लिखी बाते सही वो सत्य है जिसे सत्य पाकर आज दिनांक 11.03.2025 को हजारीबाग में अपना हस्ताक्षर बनाया।

## AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 807 date 01.03.2025, I, BIKASH KUMAR MAHTO S/O-Kapileshwar Mahto, Aged about 32 years, resident of Vill-Rath Tand, Hosir, Post- Hosir, PS- Gomia, Distt-Bokaro (Jharkhand), do hereby solemnly affirm and declare as follows:- 1. That, my Nationality is Indian. 2. That, my correct and real name is BIKASH KUMAR MAHTO which has been mentioned in my Aadhar card vide Aadhar No. 8549 4225 9097.
3. That, in my Bank Passbook of Bank of India, Saram Bazar Branch vide Account No.48361011009193 my name has been mentioned as VIKASH KUMAR.
4. That, BIKASH KUMAR MAHTO and VIKASH KUMAR is same and only one person that is myself. 5. That, I want to correct or rectify my name in my aforesaid bank account as BIKASH KUMAR MAHTO in place of VIKASH KUMAR.
6. That, I am swearing this affidavit to file it before authority concern for needful purpose. 7. That, the contents of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge, information and belief and if found incorrect or false I shall be liable for the prosecution in the relevant section of law.

# सागर से महासागर तक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय मॉरिशस यात्रा ने दोनों देशों के करीबी रिश्तों के अतीत, वर्तमान और भविष्य से जुड़े तमाम पहलुओं को बेहतरीन ढंग से रेखांकित किया है। इस दौरान दोनों देशों के बीच हुए आठ समझौते बेहद अहम हैं। पीएम मोदी को वहां के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा जाना भी खास है। लेकिन ये सब उन रिश्तों के अच्छे फल मात्र हैं, जिनकी जड़ें दोनों देशों की समान सांस्कृतिक और औपनिवेशिक पृष्ठभूमि से ताकत लेते हुए उन्हें वर्तमान और भविष्य की साझा दृष्टि से लैस करती हैं।

**सांस्कृतिक विरासत:** इस साझा सांस्कृतिक विरासत का एक बड़ा आधार है मॉरिशस के समाज के बड़े हिस्से का भारतीय मूल। 13 लाख आबादी वाले इस द्वीपीय देश में करीब 70% लोग भारतीय मूल के हैं। इसी से जुड़ा दूसरा अहम पहलू यह है कि मॉरिशस भी गुलामी के खिलाफ लंबे संघर्ष से गुजर चुका है। 1968 में ब्रिटेन से आजादी हासिल करने के बाद भी देश के एक हिस्से पर संप्रभुता कायम करने की उसकी जद्दोजहद हाल तक चलती रही।

**चागोस पर विवाद:** ब्रिटेन ने मॉरिशस की आजादी के बाद भी उसके एक द्वीपसमूह चागोस पर अपनी संप्रभुता बनाये रखी थी। लंबी कशमकश के बाद पिछले साल उसने चागोस पर मॉरिशस की संप्रभुता को मान्यता देना स्वीकार कर लिया, इस शर्त के साथ कि उसके एक हिस्से, डिएगो गार्सिया द्वीप पर अगले 99 साल तक उसका कब्जा रहेगा। ध्यान रहे, डिएगो गार्सिया में अमेरिका-ब्रिटेन का सैन्य अड्डा है। इस लंबी कशमकश के दौरान भारत मॉरिशस के संघर्ष में उसके साथ बना रहा। न सिर्फ पीएम मोदी ने यात्रा के दौरान इस तथ्य को रेखांकित किया, बल्कि मॉरिशस के प्रधानमंत्री रामगुलाम ने भी इसे दोनों देशों की दोस्ती का एक पुख्ता प्रमाण बताया।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मॉरिशस यात्रा में आठ महत्वपूर्ण समझौते हुए और उन्हें सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया। 70% भारतीय मूल की आबादी वाले इस देश में भारतीय और मॉरिशस के सांस्कृतिक और औपनिवेशिक पृष्ठभूमि ने रिश्तों को मजबूत किया। भारत ने मॉरिशस की चागोस स्वतंत्रता की लड़ाई में समर्थन किया।**

**दस साल का अंतराल:** पीएम मोदी की यह यात्रा दस वर्षों के अंतराल पर हुई और इसमें द्विपक्षीय रिश्तों की बेहतरी इस रूप में भी व्यक्त हुई कि तब भारत का जो विजन उन्होंने सागर (सिक्यॉरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन) के रूप में प्रकट किया था, वह अब महासागर (म्युचुअल एंड होलिस्टिक एडवांसमेंट फॉर सिक्यॉरिटी एंड ग्रोथ अक्रॉस रीजंस) का रूप ले चुका है।

**सहयोग और सुरक्षा:** इसका असर स्वाभाविक ही सहयोग और साझेदारी के तमाम रूपों पर नजर आ रहा है। खासकर हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की आक्रामकता के मद्देनजर भारत इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के साथ ही सुरक्षा पहलुओं पर भी खासा ध्यान दे रहा है।

**सामरिक दृष्टि से भी अहम:** भारत और मॉरिशस के बीच निकट का संबंध दोनों देशों के लिए ही नहीं, पूरे एशिया-प्रशांत महासागर क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। मॉरिशस की आजादी के बाद से ही भारत की हमेशा यही कोशिश रही है कि क्षेत्र में स्थायी शांति के लिए मॉरिशस को अपने साथ जोड़ना बेहद अहम होगा। इसलिए भारत और मॉरिशस के बीच के रिश्ते हमेशा से बेहद दोस्ताना और सहयोगपूर्ण रहे हैं। पीएम मोदी ने 10 साल में दूसरी बार मॉरिशस की यात्रा कर इस रिश्ते को मजबूत किया है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**यह परिणाम-उन्मुख समय है। कॉरपोरेट सेक्टर की हर मीटिंग में इसी पर चर्चा होती है। हर महीने और साल के अंत में टारगेट तक पहुंचकर, व्यावसायिक सफलता मिल जाती है, लेकिन चेहरे की चमक कम पड़ जाती है। शरीर थक और पक जाता है। पारिवारिक जीवन में भी ऊब भर जाती है। परफॉरमेंस के चक्कर में जीवन में जो बिखराव आता है, वह हौले-हौले हमारे अनमोल समय को त्रासदियों का अजायबघर बना डालते हैं। सवाल यह है कि हम हमेशा इतनी जल्दी में क्यों रहते हैं? समय की बीमारी का इलाज क्या है? क्या धीमा होना संभव है?**

# समय की गुल्लक से गायब सुख के पल


**डॉ मयंक मुरारी**



**हम** गति के पथ में शामिल हो गये हैं, हम गति के झूठे देवता की पूजा कर रहे हैं। हम वरण और समय-बीमारी से पीड़ित हैं। अपनी सारी गति के बावजूद, हमने अपनी जीवंतता खो दी है, हम थक गये हैं और हमने अपना स्पर्श खो दिया है। लोग तर्क देते हैं कि हमें कम काम करने चाहिए, ताकि हम उन्हें बेहतर तरीके से कर सकें। अल्बर्ट आइंस्टीन अंतरिक्ष में घूरते हुए युग बिताने के लिए प्रसिद्ध थे। विडंबना यह है कि उन्होंने पाया कि प्रकाश की गति स्थिर है, बहुत तेज, शायद सबसे तेज। उन्होंने सिखाया कि हमारे पास समय का केवल एक बोध है, क्योंकि हम इसे किसी और चीज से मापते हैं, जैसे सूर्य की गति, घड़ी की टिक-टिक, किसी चलती हुई वस्तु द्वारा तय की गयी दूरी। समय का मापन हम नहीं करते हैं। ये दूसरी चीजें हैं, जो समय को मापती है। अगर हम धीमे हो जायें, तो क्या होगा ? हम फटेंगे नहीं। हम विस्फोटित नहीं होंगे। क्या होगा कि हम इन अन्य चीजों को उतना हासिल नहीं कर पायेंगे, जितना हम चाहते थे। समय और गति समस्या नहीं हैं, यह वास्तव में इन अन्य चीजों से हमारी अपेक्षाएं हैं, वे चीजें जिन्हें हम समय में भरने की कोशिश कर रहे हैं। हम यह सोचने के लिए समय निकालना चाहिए कि वास्तव में क्या महत्वपूर्ण है।

**गति हमको उत्साह की एक बड़ी भावना दे सकती है। जीवन और संगीत में इसके लिए एक जगह है, लेकिन हमको एक सीमा खींचनी होगी।**

यह परिणाम-उन्मुख समय है। कॉरपोरेट सेक्टर की हर मीटिंग में इसी पर चर्चा होती है। हर महीने और साल के अंत में टारगेट तक पहुंचकर, व्यावसायिक सफलता मिल जाती है, लेकिन चेहरे की चमक कम पड़ जाती है। शरीर थक और पक जाता है। पारिवारिक जीवन में भी ऊब भर जाती है। परफॉरमेंस के चक्कर में जीवन में जो बिखराव आता है, वह हौले-हौले हमारे अनमोल समय को त्रासदियों का अजायबघर बना डालते हैं। सवाल यह है कि हम हमेशा इतनी जल्दी में क्यों रहते हैं? समय की बीमारी का इलाज क्या है? क्या धीमा होना संभव है? निरंतर गति के लिए हम जो कीमत चुकाते हैं, उसकी भरपाई का कोई तरीका है ? अब संसार में समय का पहिया उल्टी दिशा में घूमना शुरू हो गया है। दुनिया भर के लोग अपना समय वापस पाना चाह रहे हैं और वे गति को धीमा कर रहे हैं! अस्तित्व की अपनी गतिशीलता और क्रियाशीलता है, उसके समरूप रहकर ही जीवन का मजा है।



एक समय था, जब हमारे पास समय था, लेकिन भौतिक सुख सीमित थे। आज हमने आराम के लिए भौतिक पदार्थों की अनंत श्रृंखलाएं खड़ी कर दी। हमारे जीवन की रफ्तार इतनी तेज है कि हमारे वक्त का एक दिन की धार सालों पर भारी है। परंतु इन सब के बीच समय के गुल्लक में सुख के दो पल गायब है। आतुरत के दौर में इत्मीनान एक मृग-मरीचिका बनती जा रहा है। हम गति के युग में जी रहे हैं। हम अधिक कुशल होने के लिए प्रत्येक मिनट, प्रत्येक घंटे, प्रत्येक दिन में अधिक काम करने के लिए प्रयास करते हैं। आर्टिफिशियल इंटलीजेंस ने दुनिया को उच्च गियर में बदल दिया है। इस कारण समय के साथ हमारी गतिशीलता ने हमें एक टूटने के बिंदु पर धकेल दिया है। थकावट के कगार पर हम अपने शरीर और दिमाग से दूर होते जा रहे है, मानो शरीर पंचतत्वों का नहीं कृत्रिम पदार्थ की बना है। जीवन की गति नियंत्रण से बाहर हो रही है, लेकिन हम रूकने को तैयार नहीं है। फिर एक समय आता है, सुख और खुशी की असीम संभावना के बाद वह दो पल भी मयस्सर नहीं होता!

मनुष्य की अद्भुत विडंबना है। वह लंबे समय से सब कुछ पाना चाहता है और सब कुछ करना चाहता हैं। पैसा पहली आकांक्षा को रोकता है, और समय दूसरी को रोकता है। लेकिन मुझे लगता है कि समस्या समय नहीं है, बल्कि हमारी आकांक्षाएँ, हमारी महत्वाकांक्षा, हमारा लालच है। एक तरह से, हम अपना समय उस पर बर्बाद करते हैं जो हमारे पास नहीं है या जो हमने अभी तक नहीं किया है। हम जो पहले से ही है (या पहले से ही किया है) उसे पर्याप्त समय नहीं देते हैं या, इससे भी महत्वपूर्ण बात, पर्याप्त सम्मान नहीं देते हैं। एक उदाहरण देता हूं। जब भोजन की बात आती है, तो हम गटकते हैं, निगलते हैं और चले जाते हैं। हम खाने के मेज पर अंत तक पेट भरने के लिए दौड़ते हैं, ताकि (सबकुछ, जिसका अंत नहीं है ) कुछ छुटे नहीं। क्या हम अपने भोजन या उसके निर्माण में लगे लग्न या प्यार का सम्मान को महसूस करते है ! ब्रिटिश पत्रकार कार्ल ऑनेरी अपनी किताब ह्व दी प्रेज ऑफ स्लोनेसह्व में कहते है कि हम साथ बिताए अपने समय का और इस समय में हम क्या हासिल कर सकते हैं, उसका सम्मान नहीं करते। दूसरी ओर तेज चलने और समय बचाने का हमारा जुनून हमें स्वाभाविक प्रकृति से दूसरी दिशा में ले जाता है। सड़क पर गुस्सा, हवाई यात्रा पर गुस्सा, खरीदारी पर गुस्सा, रिश्तों पर गुस्सा, दफ्तर पर गुस्सा, छुट्टी पर गुस्सा, जिम पर गुस्सा। गति के कारण, हम गुस्से के युग में जी रहे हैं। इललिए धीमा होने की जरूरत है। संतुलन के साथ गतिशीलता का सबसे बड़ा लाभ यह है कि सार्थक संबंध बनाने के लिए समय और शांति मिलती है - लोगों के साथ, संस्कृति के साथ, काम के साथ, प्रकृति के साथ, अपने शरीर और मन के साथ। ह्व दी प्रेज ऑफ स्लोनेसह्व पुस्तक का संदेश धीमा होना या अपनी गति को नियंत्रित करना या इस क्षण में अपने लिए सही गति ढूंढना है। यह कहीं भी सुझाव नहीं देता है कि हमें वास्तव में रुक जाना चाहिए, सिवाय इसके कि यह ध्यान की चर्चा करता है।

मिलन कुंदेरा का स्लोनेस उपन्यास दुनिया के बारे में व्यक्ति की धारणा पर आधुनिकता के प्रभावों पर एक चिंतन है। इसमें प्रलोभन की दो कहानियाँ आपस में जुड़ती है और उदात्त एवं हास्य के बीच झूलती हैं। इस मुक्तिकामी कल्पना के अंतर्गत समकालीन जीवन पर एक गहन चिंतन है। धीमेपन और स्मृति के बीच गुप्त बंधन के बारे में, हमारे युग की भूलने की इच्छा और जिस तरह से हमने खुद को गति के दानव के हवाले कर दिया है। हमारे जीवन की हर अंतरंगता और हर खुशी महज एक खाली सतत शो मात्र है। इसका संदेश है कि धीमेपन और स्मृति के बीच, गति और भूलने के बीच एक गुप्त बंधन है...। धीमेपन की डिग्री स्मृति की तीव्रता के सीधे आनुपातिक है। गति की डिग्री भूलने की तीव्रता के सीधे आनुपातिक है आनंद की शुद्ध खोज, भोगवाद में सुस्ती का अभाव है।

गति हमको उत्साह की एक बड़ी भावना दे सकती है। जीवन और संगीत में इसके लिए एक जगह है, लेकिन हमको एक सीमा खींचनी होगी, और हमेशा गति का उपयोग नहीं करना चाहिए। एक सर्वे के अनुसार अमेरिकन औसतन हर दिन एक कार के पहिये के पीछे बहत्तर मिनट बिताते हैं। एक सामान्य व्यावसायिक कार्यकारी हर साल अड़सठ घंटे मोबाइल होल्ड पर रहने के कारण खो देता है। और अमेरिकी वयस्क वर्तमान में औसतन केवल आधा घंटा प्रति सप्ताह प्यार करने के लिए समर्पित करते हैं। क्या यही स्थिति हमारे भारतीय समाज का नहीं होता जा रहा है। यह काल का दुष्चक्र है जिसमें आगे अमेरिका, यूरोपीय समाज है तो ठीक उसके पीछे भारतीय हैं।

हमने गति, समय की बचत और दक्षता को अधिकतम करने का एक आंतरिक मनोविज्ञान विकसित किया है। हमने कुछ न करने की कला खो दी है, पृष्ठभूमि शोर और विकर्षणों को बंद कर दिया है। इतना ही नहीं अपने विचारों के साथ अकेले रहने की कला खो दी है...। मिलन कुंदेरा गति के परमानंद...जो उत्तेजना की भावना देता है, का वर्णन करने के लिए नशीले पदार्थों की भाषा का उपयोग करता है। समय का पहिया घूमता रहता है। एक क्षण में मिले सुखों की कोई गिनती नहीं है। ये और बात है कि हम गिनने लगे, तो सुख का पहाड़ बन जाए और गिनती कम पड़ जाए। इसलिए समय के गुल्लक में सुख के कुछ पल को संरक्षित कीजिए। बचपन में मां के हाथ से खाना के कौर का मुंख में जाना हो, बस में खिड़की की सीट पर बैठकर संतोष का भाव, स्कूल के दिनों में किसी सहपाठी की दोस्ती, किसी प्रिय मित्र का अकारण नाराजगी, पिता की सलाह, मां की पुचकार, संतान का स्पर्श। ऐसे कई ऐसे पल है, जिसका आनंद एक दिन, एक महीने और एक साल पर भारी है, तो आईए ऐसे पलों को अपने-अपने गुल्लक में संरक्षित करें।में नहीं सोंचेंगे, तब तक भाषा और दूसरे ऐसे भावानात्मक मुद्दे वोट बटोरने का जरिया बन रहेंगे।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### बिष्टुपुर पुलिस ने हथियार के साथ एक युवक को पकड़ा




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लौहनगरी जमशेदपुर व आसपास के क्षेत्र में एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर सिटी एसपी कुमार शिवाशीष के नेतृत में जमशेदपुर पुलिस अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। ताजा मामलो में होली के मौके पर बिष्टुपुर पुलिस को सूचना मिली बीते 15 मार्च की रात धतकीडीह बी ब्लॉक क्षेत्र में बाइक पर एक युवक अवैध हथियार लहरा रहा है। पुलिस ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुच कर युवक को गिरफ्तार कर लिया। यह जमशेदपुर पुलिस की बड़ी उपलब्धि है। रविवार को सीसीआर डीएसपी मनोज ठाकुर ने इसकी जानकारी दी। डीएसपी ने बताया बीते रात करीब 9 बजे पुलिस को सूचना मिली थी एक युवक इलाके में बाइक पर तमंचा लहरा रहा है। तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छापेमारी टीम गठित कर घटनास्थल पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगा। लेकिन सीएच एरिया के पास श्री श्री हनुमान मंदिर के सामने उसकी बाइक डिवाइडर से टकरा गयी। जिससे वह गिरकर घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुच कर उसे गिरफ्तार कर तलाशी के दौरान अवैध हथियार भी बरामद कर लिया। डीएसपी मनोज ठाकुर ने बताया आरोपी की पहचान सोनारी के कुम्हारपाड़ा, ग्वाला बस्ती निवासी मनोज यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक देसी कट्टा,एक कारतूस और बाइक बरामद कर लिया।

### अफसर अली हत्याकांड का पुलिस जल्द करेगी खुलासा

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र में ब्राउन शुगर का बढ़ता प्रसार चिंता का विषय बनता जा रहा है। बीते दिनों गम्हरिया थाना अंतर्गत सीतारामपुर डैम के समीप उदयपुर में कुख्यात ड्रग पैडलर 39 वर्षीय अफसर अली की गोली मारकर हत्या करने के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सूत्रों के अनुसार हत्याकांड में करीम और छोटा राजू के नाम सामने आरहा हैं। पुलिस ने करीम को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि छोटा राजू की तलाश जारी है। बताया जा रहा है करीम के चाचा पहले भी ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री के मामलों में जेल जा चुके हैं। परिजनों का आरोप है करीम ने होली के पर्व का फायदा उठाकर अफसर अली को घर से बुलाया। छोटा राजू बुलाकर मदिरा सेवन व ब्राउन शुगर सेवन के लिए ले गया था। सूत्रों के मुताबिक कुछ दिन पूर्व छोटा राजू के घर में पुलिस छापेमारी कर भारी मात्रा में ब्राउन शुगर बरामद की थी। सरायकेला एसडीपीओ ने बताया इस मामले की जांच चल रही है। जल्द ही हत्याकांड का खुलासा किया जायेगा।

### सृजन महिला विकास मंच की वर्षगांठ सह अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन

## महिलाएं कमजोर नहीं, शक्ति की प्रतीक हैं : जोबा मांझी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**चक्रधरपुर।** सृजन महिला विकास मंच के द्वारा चक्रधरपुर भारत भवन प्रांगण में 27वां वर्षगांठ सह अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद जोबा मांझी शामिल हुए। इस अवसर पर सचिव नरगिस खातून के द्वारा मंच की ओर से सांसद व अन्य अथिति को शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद जोबा मांझी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मौके पर सांसद जोबा मांझी ने सृजन महिला विकास मंच के 27 वर्षों की कार्यकाल में उल्लेखनीय यात्रा की सराहना की। उन्होंने कहा महिलाओं की उत्थान के लिए संस्था ने मंच को मजबूत किया। आज महिलाएं कमजोर नहीं हैं, बल्कि वे शक्ति के प्रतीक हैं। हर एक नारी में कोई भी चीज को सजाने, संवारने की अद्भुत क्षमता होती है। कठिनाइयों के बावजूद हमें आगे बढ़ना है और अपने आसपास की महिलाओं को भी जागरूक करना है। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी सराहनीय रही। मौके पर दूर दरार से आये सैकड़ो महिलाएं, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जमशेदपुर के लोग खेल और खाने के शौकीन हैं : अशोक ध्यानचंद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान अशोक ध्यांचन्द, अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू, पूर्व भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी सुरेंदर खन्ना,पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने साकची बसंत सेंट्रल बिल्डिंग में अरोमा मल्टीकुजिन रेस्टोरेंट का सामूहिक उद्धघाटन किया।

इस अवसर पर अशोक ध्यांचन्द ने कहा के जमशेदपुर के लोग खेल और खाने के दीवाने हैं उनके लिए ये रेस्टोरेंट पसंदीदा जगह साबित होगी। उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू ने कहा के पारिवारिक माहौल में स्वादिष्ट खाना सबको अच्छा लगता है। पूर्व क्रिकेटर सुरेंद्र खन्ना ने कहा मैं अच्छे खाने का शौकीन हूँ जमशेदपुर से मेरा गहरा नाता रहा है मुझे उम्मीद है यंहा के लोगों को ये रेस्टोरेंट बहुत अच्छा लगेगा।

पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने कहा के जमशेदपुर के लोग खास कर युवा वर्ग खाने के लिए दूर-दूर तक जाते हैं उनके लिए शहर के बीच मे अच्छा विकल्प है अरोमा मल्टीकुजिन।

इससे पूर्व सभी अतिथियों का रेस्टोरेंट की संचालक रीना दत्ता ने शॉल और बुके देकर सम्मानित किया।उद्धघाटन समारोह में साकची थाना प्रभारी आनंद मिश्रा, डॉ शाजिया परवीन,सौरभ दत्ता, सतबीर सिंह सोमू,चंचल भाटिया, रविन्द्र सिंह रिंकू, शाहजाद कुरैशी, सतेंद्र सिंह बंटी, डॉ अजय नाग, इंदरजीत सिंह,शेफ तापस साहा, रोहित कुमार उपस्थित थे।

### हमला और लूटकांड के मामले में दो गिरफ्तार



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** आदित्यपुर पुलिस ने 14 मार्च को मुस्लिम बस्ती रेलवे लाइन के समीप शर्मा बस्ती निवासी जयराम महतो पर चापड़ से जानलेवा हमला कर 2300 नगदी और मोबाइल लूटने के मामले का खुलासा कर दिया। पुलिस ने घटना में शामिल दो हिस्ट्रीशीटर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों में शेख रहमत अली उर्फ मिलू और शाहिद हुसैन उर्फ नेगड़ी शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से घटना में प्रयुक्त चापड़, लूटा गया मोबाइल और नगद 1000 रुपिया बरामद कर लिया। थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया घटना की गंभीरता को देखते हुए एक छापेमारी दल का गठन किया गया था। छापेमारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों ने अपनी संलिप्तता भी स्वीकार कर ली है। फिलहाल आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापेमारी दल में सहायक अवर निरीक्षक संतोष कुमार सेन, सुरेश राम, आरक्षी देवदास महतो सहित अन्य सशस्त्र बल शामिल थे।

### गृहरक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ झारखंड का एक दिवसीय सम्मेलन




**चाईबासा (आजाद सिपाही)।** गृहरक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ झारखंड की एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन चाईबासा में किया गया। जिसमें प्रदेश कमिटी के सभी प्रतिनिधि, जिला कमिटी के सदस्य एवं गृह रक्षक जवानों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य गृह रक्षकों की समस्याओं पर विचार-विमर्श करना और उनके समाधान के लिए रणनीतियाँ बनाना था। गृह रक्षकों के सम्मेलन में 365 दिन ड्यूटी सुनिश्चित करने पर चर्चा पर प्रमुखता से मंथन किया गया। गृह रक्षक जवानों को साल भर निरंतर ड्यूटी कैसे प्रदान की जाये, ताकि उनकी सेवा स्थिरता और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। संघ ने सीएम हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट की। उन्होंने कहा झारखण्ड के सीएम हेमंत सोरेन के प्रयासों से यह संभव हो सका है। वही सभी सदस्यों ने संगठन की एकजुटता और सामूहिक प्रयासों की महत्ता पर बल दिया। जिससे भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना कर सके। सम्मेलन के अंत में संघ के नेताओं ने आश्वासन दिया वे गृहरक्षकों का समस्याओं की समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। उनकी सेवा शर्तों में सुधार के लिए सरकार के साथ संवाद जारी रखेंगे।

# रंका में दो अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका थाना क्षेत्र में बीते दो दिनों के दौरान अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को जोगीखुरा गांव के नीम टोला निवासी सीताराम भुईयां के पुत्र रामनाथ राम (40 वर्ष) ने पैसे को लेकर पत्नी से कहासुनी के बाद गुस्से में आकर घर के भीतरी हिस्से में कंडी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं, शनिवार की शाम उल्का गांव निवासी इनरदेव लोहरा के पुत्र छोटू लोहरा (26 वर्ष) की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों मामलों की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## ऐड़मारो के जंगल से एक व्यक्ति का शव बरामद

**बड़गड़ (आजाद सिपाही)।** बड़गड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ऐड़मारो के जंगल से एक 55 वर्षीय व्यक्ति का पेड़ से झुलता हुआ शव शनिवार को बड़गड़ थाना पुलिस ने बरामद किया है। घटना के संबंध में बताया गया कि खपरीमहुआ गांव निवासी बीरबल किसान उर्फ छेरहा किसान का शव अपने गांव से लगभग पांच किलोमीटर दूर जंगल में पेड़ से झुलता हुआ मृत अवस्था में पडां हुआ था। सूचना पाकर दल बल के साथ बड़गड़ थाना प्रभारी दीपक कुमार मौर्य के नेतृत्व में पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा भेजा और शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया। पुलिस के समक्ष मृतक के स्वजनों द्वारा बीरबल किसान के साथ मारपीट कर हत्या की आशंका व्यक्त किया है। पुछे जाने पर थाना प्रभारी दीपक कुमार मौर्य ने बताया कि मामले को लेकर अनुसंधान शुरू कर दी गयी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी।

### उपायुक्त ने श्री बंशीधर महोत्सव की तैयारी को लेकर पदाधिकारियों संग की बैठक

# श्री बंशीधर महोत्सव 19-20 को सीएम आयेंगे, तैयारियां जोरों पर

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में होंगे शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने श्री बंशीधर महोत्सव को लेकर जिला गोपनीय शाखा, गढ़वा (कल्याणपुर स्थित उपायुक्त आवास) में जिला स्तर पर गठित समिति के सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ महोत्सव की तैयारी संबंधी समीक्षात्मक बैठक की। जिसमें समिति के सदस्यों द्वारा अपने-अपने दायित्वों से संबंधित अद्यतन तैयारी के साथ भाग लिया। बताते चलें कि श्री बंशीधर महोत्सव का आयोजन श्री बंशीधर नगर स्थित गोसाईं बाग मैदान में किया जाना है। फलस्वरुप 19 और 20 मार्च को दो दिवसीय राजकीय महोत्सव के आयोजन हेतु कार्यक्रम के मुख्य स्थल गोसाईं बाग मैदान और राधा कृष्ण (बाबा बंशीधर) मंदिर परिसर समेत अन्य संबंधित स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु पूर्व में दिये गये निर्देशों के अनुपालन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों से अध्यतन स्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निदेश दिए। श्री बंशीधर महोत्सव को धूमधाम से मनाने को लेकर श्री बंशीधर नगर समेत गढ़वा शहर एवं जिले के अन्य जगह पर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने, साज-सज्जा कराने, लाइटिंग, पेयजल, शौचालय, इनविटेशन समेत गोसाईं बाग मैदान में महोत्सव की तैयारी करने आदि हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के आगमन पर स्वागत के लिए जेएसएलपीएस से स्वागत टीम की व्यवस्था करने हेतु निदेशित किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा श्री बंशीधर महोत्सव की तैयारियों से संबंधित प्रतिवेदन की समीक्षा की गयी और ससमय सभी तैयारियों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

उक्त बैठक के दौरान अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा संजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर प्रभाकर मिर्धा, अनुमंडल पदाधिकारी रंका रुद्र प्रताप, सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, जिला नजारत उप समाहर्ता धीरज प्रकाश, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा संजय प्रसाद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पांडे और स्वच्छता विभाग, कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल और आरईओ, डीपीएम जेसलपीएस समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# घरेलू विवाद में वृद्ध ने खाया जहर, इलाज के दौरान मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 स्थित लोहारपुरवा गांव में घरेलू विवाद के चलते 65 वर्षीय शंभू पटवा ने कीटनाशक खा लिया। परिजनों ने उन्हें तुरंत रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी। मझिआंव थाना के सब-इंस्पेक्टर संजय कुमार मुंडा ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। शनिवार को स्थानीय कोयल नदी श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

**घरेलू विवाद बना आत्महत्या की वजह :** मिली जानकारी के अनुसार, मृतक शंभू पटवा का एकलौता पुत्र चंदन पटवा रोजी-रोटी की तलाश में दूसरे राज्य में मजदूरी कर रहा था। करीब एक सप्ताह पहले उसकी पत्नी घर लौटी थी, इसी दौरान घरेलू विवाद हुआ, जिससे आहत होकर शंभू पटवा ने जहर खा लिया। चंदन पटवा अपने पिता के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सका, क्योंकि वह दूर होने के कारण समय पर नहीं पहुंच पाया। घटना की जानकारी मिलने पर निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी सहित अन्य लोगों ने परिजनों को ढांढस बंधाया।

# डंडई के जरही गांव में मारपीट में एक घायल, प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** थाना क्षेत्र के जरही गांव निवासी बिश्वनाथ यादव उम्र 59 वर्ष को गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिससे उनकी सर पर गंभीर चोट लगी है। घटना को लेकर विश्वनाथ यादव ने थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। विश्वनाथ यादव ने आवेदन में लिखा है कि 14 मार्च दिन शुक्रवार को शाम लगभग 8 बजे घर आंगन में थे। इसी दौरान गांव के ही नेपाल यादव, गोपाल यादव, रामलाल यादव पिता बंधु यादव, विमलेश यादव, विवेक यादव पिता रामलाल यादव ने लाठी डंडे और पिस्टल से लैस होकर मेरे घर में घुसकर मेरे साथ मारपीट किया। जिसमें गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान बीच-बचाव करने पहुंची मेरी भाभी बरती कुंवर पति स्व. रामबदन यादव को भी उक्त लोगों के द्वारा मारपीट की गयी। जिससे हमलोग काफी आहत और भयभीत है। कभी भी ये लोग हमारे साथ कोई अप्रिय घटना कर सकते हैं। भुक्तभोगी ने बताया कि पिछले 5 वर्षों से आपस में जमीनी विवाद चल रहा है, लेकिन अभी तक इसका कोई निष्कर्ष नहीं निकल पाया है। भुक्तभोगी विश्वनाथ यादव ने थाना में आवेदन देकर दोषी पर कार्रवाई की मांग किया है। मामले में थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से महिला की मौत, दो घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरडीहा।** थाना क्षेत्र के सलगा मोड़ के समीप एक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गयी, जबकि उसके पति और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना रविवार दोपहर करीब 1:30 बजे की बतायी जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बरडीहा गांव निवासी लखन चंद्रवंशी की पुत्री रीमा देवी (30) अपने पति प्रदीप चंद्रवंशी और 5 वर्षीय पुत्र के साथ मोटरसाइकिल से श्रीनगर ससुराल जा रही थी। इसी दौरान कांडी की ओर से आ रहे ईंट लदे ट्रैक्टर ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में रीमा देवी की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि पति और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें 108 एंबुलेंस से गढ़वा सदर अस्पताल भेजा गया, जहां बच्चे की हालत नाजुक बनी हुई है।

घटना के बाद आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने सड़क जाम कर विरोध जताया। सूचना पर बरडीहा थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह, कांडी थाना प्रभारी अविनाश राज और मझिआंव थाना के सब इंस्पेक्टर संजय कुमार मुंडा दल-बल के साथ पहुंचे और समझा-बुझाकर जाम हटवाया। बरडीहा थाना पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। वहीं, मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थाना प्रभारी श्री सिंह ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# 'कॉफी विद एसडीएम' : इस सप्ताह प्राइवेट स्कूलों के संचालक होंगे एसडीओ के मेहमान

**एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि आगामी 20 मार्च को 11:00 से 12:00 के बीच समय निर्धारित है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने एक घंटे के नियमित साप्ताहिक कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में इस सप्ताह गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत चल रहे निजी विद्यालयों के संचालकों को अपने साथ कॉफी पर आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न कक्षाओं के नये सत्र शुरू होने को हैं, ऐसे में प्रवेश प्रक्रिया और अन्य संबंधित मुद्दों को लेकर अभिभावकगण भी इस समय अलर्ट मोड में रहते हैं। इसलिए निजी विद्यालयों के प्रबंधकों/ निदेशकों को उक्त 1 घंटे के अनौपचारिक संवाद में आमंत्रित किया जा रहा है, ताकि न केवल वे अपनी बात प्रशासन और अभिभावकों तक पहुंचा सकें, बल्कि प्रशासन की उनसे क्या अपेक्षाएं हैं, इसे लेकर भी एक अच्छे माहौल में संवाद किया जा सके।

विद्यालय प्रबंधन से जुड़े लोगों को प्रशासन से क्या शिकायतें या अपेक्षायें हैं यह जानने का प्रयास किया जायेगा, साथ ही विद्यालय प्रबंधन की ओर से गढ़वा की बेहतरी के लिए सुझाव भी आमंत्रित किये जायेंगे।

उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम के लिए आगामी गुरुवार 20 मार्च को 11:00 से 12:00 के बीच समय निर्धारित है। जिसमें सभी प्रकार के बोर्ड से संबद्ध निजी विद्यालयों के प्रबंधकों/ निदेशकों/ प्रधानाचार्यों से अनुरोध किया जा रहा है कि वे इस कार्यक्रम में सहभागिता हेतु आवश्यक पधारें।

# किंग शर्मा आजाद नगर ने जीता टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट

**खेल से युवाओं का शारीरिक और मानसिक विकास होता है : थाना प्रभारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** प्रखंड के मझिगावां पंचायत में होली पर्व को लेकर आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच शुक्रवार को खेला गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ ओपी प्रभारी सफीउल्लाह अंसारी, पंचायत की मुखिया रीता देवी, और पंचायत समिति सदस्य पूर्वी प्रतिनिधि सुनील यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। फाइनल मुकाबला में टॉस जीतकर किंग शर्मा आजाद नगर की टीम ने पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। भास्कर क्रिकेट क्लब मझिगावां बस्ती ने निर्धारित 11 ओवर में 54 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। इसके बाद किंग शर्मा आजाद नगर की टीम ने 11 ओवर में लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर मैच जीत लिया। मैच के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार नीतीश कुमार को दिया गया, जिन्होंने 23 रन बनाए और तीन विकेट लिए। वहीं, मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार लव उत्कर्ष तिवारी को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ओपी प्रभारी सफीउल्लाह अंसारी ने कहा कि खेल से युवाओं का शारीरिक और मानसिक विकास होता है, जो समाज के लिए सकारात्मक योगदान होता है। उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं को खेलों के माध्यम से अपने कौशल को निखारने का अवसर मिलता है और जब भी जरूरत पड़े, हम हमेशा उनका साथ देने के लिए तैयार हैं। इस प्रतियोगिता का आयोजन करने में हरिहरपुर ओपी के एसआई वीरेंद्र चौड़े का विशेष योगदान रहा। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान कहा कि हर युवा के अंदर एक कला है, जिसे केवल सही दिशा और अवसर मिलने पर निखारा जा सकता है।

## भवनाथपुर में उमंग, उल्लास और उत्साह के साथ मना रंगों का त्योहार होली



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में दो दिनों तक चली होली का पर्व शांति व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। गांव हो या शहर हर जगह होली की उमंग और उत्साह एक समान था। बच्चे सुबह से ही रंग, पिचकारी लेकर घर से निकल गये और अपने हम उम्र साथियों के साथ होली के आनंद में मशगूल हो गये। युवाओं की भी अपनी अगल महफिल जमीं थी। यह नजारा मुहल्ले के हर घर, गली और चौक चौराहे पर देखने को मिल रहा था। प्रखंड में पुरूषों की तरह महिलाओं ने भी होली का आनंद उठाया। सभी एक- दूसरे को रंगने में जुटी हुई थी। युवा लोग डीजे पर फगुआ गीतों पर झूमते नजर आएं तथा टोली बनाकर एक दूसरे को रंग लगाते हुए होली की बधाई दी। उधर होली में चिकन, मटन की डिमांड काफी थी। थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल को तैनात किया गया था। सुरक्षा व्यवस्था की कमान खुद थाना प्रभारी रजनी रंजन ने पुलिस बल के साथ संभाल रखी थी। इससे पूर्व होलिका दहन में रेलवे साइडिंग, हाई स्कूल, टाउनशिप, सिंघीताली के पास भारी भीड़ जुटी रही।

# विधायक ने शोक संतप्त परिजनों को ढाढ़स बंधाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़गड़ (गढ़वा)।** विधायक आलोक कुमार चौरसिया अपने एक दिवसीय दौरे के क्रम में अपने कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को बड़गड़ पहुंच कर कार्यकर्ताओं से रुबरु हुये। इस दौरान उन्होंने पिछले दिनों भाजपा कार्यकर्ता सुभाष प्रसाद के दादा राधा साव के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होकर शोक-संतप्त परिजनों को ढाढ़स बंधाया। वहीं शनिवार को भाजपा कार्यकर्ता मनोज सोनी के माता की निधन कि सूचना पर उनके पैतृक आवास गोठानी पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश भाजपा मंडल अध्यक्ष बजरंग प्रसाद, जितेंद्र चंद्रवंशी, रामकरेस चौरसिया, अमलेश चौरसिया, रवि सोनी, बसंत सोनी, रामानंद यादव, रामचंद्र सिंह आदि सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पूर्व मंत्री के आवास पर होली मिलन समारोह आयोजित

# जाति, धर्म के रंग में नहीं, बल्कि आपसी भाइचारे के रंग में रंगने का संदेश देता है होली पर्व : मिथिलेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में बाहर से आये कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की। शुक्रवार और शनिवार को श्री ठाकुर के आवास पर भव्य होली मिलन कार्यक्रम आयोजित की गयी। इसमें काफी संख्या में झामुमो सहित महागठबंधन दल के कार्यकर्ता, प्रबुद्धजन, गढ़वावासी और अधिकारीगण शामिल हुए। पूर्व मंत्री ने अबीर गुलाल लगाकर सबों को होली की बधाई दी। उसके बाद लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। मौके पर पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि होली आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारा का त्योहार है। इस दिन सभी लोग आपसी भेदभाव भुलाकर प्रेम और भाईचारे के रंग में रंग जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस होली से सभी गढ़वावासियों के जीवन में नया रंग, नया उमंग, सुख, समृद्धि एवं शांति का संचार हो। श्री ठाकुर ने कहा कि होली हम सभी को जाति और धर्म के रंग में नहीं बल्कि आपसी भाईचारा के रंग में रंगने का संदेश देता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह, एसडीओ संजय कुमार, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्षर तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, जितेंद्र सिन्हा, गुरूदत, ओमप्रकाश गुप्ता, चंदन जायसवाल सहित काफी संख्या में लोग और पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## कांडी में शांति और सौहार्द के साथ रंगों का त्योहार होली संपन्न

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में शनिवार को होली महापर्व धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष होलिका दहन के एक दिन बाद होली मनायी गयी। शनिवार की सुबह से ही लोग धुलेडी खेलते हुए होली की खुशियों में शामिल हुए। इसके बाद, घर-घर में विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की गयी और फिर दोपहर होते ही सभी लोग होली के रंग में रंग गये। लोगों ने होली का पर्व इस तरह मनाया कि बच्चे, बूढ़े, युवा, सभी एक समान रंगों में रंगे हुए नजर आये। एक-दूसरे को रंग लगाते हुए लोग भाईचारे और खुशी का संदेश देते रहे। पूरे प्रखंड क्षेत्र में होली शांतिपूर्ण तरीके से मनायी गयी और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की कोई सूचना नहीं आयी। इस तरह, होली के इस पर्व ने न केवल रंगों से वातावरण को सजाया, बल्कि एकता और सौहार्द की भावना को भी मजबूत किया।

# सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति आंदोलन के महानायक थे कांशीराम : रघुराई

**धूमधाम से मनायी गयी कांशीराम की 91वीं जयंती समारोह**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड के संगवरिया स्थित संत रविदास आश्रम में बामसेफ, डीएसफोर और बीएसपी के संस्थापक कांशी राम की 91वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गढ़वा जिला अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रघुराई राम ने कहा कि काशीराम सामाजिक परिवर्तन एवं आर्थिक मुक्ति आन्दोलन के महानायक थे। उन्होंने कहा कि कांशीराम जी ने सामाजिक परिवर्तन के लिए पांच संघर्ष किए जिसमें आत्मसम्मान के लिए संघर्ष, समता, स्वतंत्रता, तथा छुआछूत, अन्याय और अत्याचार के खत्म करने के साथ साथ आर्थिक मुक्ति के लिए संघर्ष की शुरूआत की। उन्हीं के संघर्षों का प्रतिफल है कि देश के सभी राजनीतिक और सामाजिक संगठनों ने दलित और बहुजन एजेंडा को शामिल किया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत बसपा के प्रदेश महासचिव सुनीता देवी ने कांशीराम की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उमाशंकर राम ने किया। कार्यक्रम में डॉ राजेश राम, शिवशंकर राम, संजय राम, मदन राम, कुंदन चंद्रवंशी, राजेश कुमार, राहुल कुमार, दिनेश कुमार, रंजीत कुमार, जय प्रकाश कुमार, निर्मल कुमार, दिलिप कुमार, बुद्ध प्रिय रंजन, अरूण, दीपु, मंजेश, गणेश, विपिन सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

# नील गाय को वन विभाग ने किया रेस्क्यू

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत के तोड़ार ग्राम के समीप फुलझर नहर में नील गाय को घायल अवस्था में देखा गया। यह बात गांव में फैल गया तो नील गाय देखने के लिये आसपास के ग्रामीणों की हुजूम उमड़ पड़ी। वही पशु के प्रति प्यार जताते हुए इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दिया गया। क्षेत्र में घायल अवस्था में नील गाय होने की सूचना सत्यापन के पश्चात रेस्क्यू के लिए वन विभाग के टीम तोड़ार ग्राम पहुंच फुलझर ग्रामीणों का सहयोग लेते हुए नहर से नील गाय को निकालने में जुट गये। जिसे काफी प्रयास के बाद रेस्क्यू कर नील गाय को निकाला गया। पशु चिकित्सक से इलाज कराया गया। वही नील गाय की स्वास्थ्य स्थिति ठीक होने के बाद जंगल में छोड़ दिया गया। इस संदर्भ वन परिसर पदाधिकारी महावीर उरांव ने जानकारी देते हुए कहा कि घायल अवस्था में नील गाय को ग्रामीणों की सूचना पर नहर से निकाल कर विधिवत पशु चिकित्सक से इलाज कराया गया। जिसका स्वास्थ्य स्थिति ठीक है तो उसे पुनः जंगल मे छोड़ दिया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि नील गाय भोजन पानी को लेकर रास्ता भटक कर आ गया था। जो नहर में गिरने से हल्का जख्मी हो गया है। जिसको इलाज के बाद जंगल मे छोड़ दिया गया।

# पूर्व सैनिकों और सिविल सोसाइटी ने किया जुगसलाई थाने में विरोध प्रदर्शन



## हवलदार सूरज राय के साथ हुई थी मारपीट

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जुगसलाई थाने में सेना के हवलदार सूरज राय के साथ हुई मारपीट की घटना के बाद पूर्व सैनिकों और सिविल सोसाइटी के सदस्यों ने थाने का घेराव किया। रविवार को उन्होंने सूरज राय के साथ हुए अमानवीय व्यवहार पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उनकी अविलंब रिहाई के लिए मांग की। मिली जानकारी के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते हुए डीआइजी के निर्देश पर सीसीआर डीएसपी मनोज ठाकुर ने जांच शुरू कर दी। उन्होंने आश्वासन दिया यदि पुलिस अधिकारी दोषी पाये जाते हैं तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। वही पूर्व सैनिकों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए दोषी थानेदार को निलंबित करने और सैनिक को ससम्मान रिहा करने की मांग की। उधर इस घटना से पुलिस और सेना के बीच संबंध पर गंभीर प्रश्न होने लगी हैं। फिलहाल न्याय की मांग जोर पकड़ रही है।

# लापता युवक का शव कुआं में मिला



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत इचाक पंचायत के ललमटिया डैम पार्क स्थित एक कुआं से रविवार को एक युवक का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान पवन कुमार सिंह (पुत्र शंभू सिंह, निवासी चंदनडीह) के रूप में हुई है। पवन 14 मार्च से लापता था, जिसके संबंध में परिजनों ने सदर थाना में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करायी थी। रविवार को कुछ ग्रामीणों ने कुएं में शव देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटनास्थल से मृतक की मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है। मृतक के पिता शंभू सिंह ने बताया कि 14 मार्च की शाम 4 बजे पवन अपने दोस्त के साथ मनिका जाने के लिए निकला था।

शाम को जब वह नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसके दोस्तों से पूछताछ की। दोस्तों ने बताया कि वे सभी पॉलिटेक्निक के पास गए थे और आखिरी बार शाम 6:30 बजे पवन से फोन पर बात हुई थी, जिसमें उसने तुरंत आने की बात कही थी। लेकिन 7:30 बजे दोबारा कॉल करने पर उसका फोन स्विच ऑफ मिला। इसके बाद परिजनों ने काफी खोजबीन की और अंततः पुलिस को सूचना दी।रविवार को जब शव मिलने की सूचना मिली तो परिजनों में कोहराम मच गया। पवन की अगले महीने शादी होने वाली थी, जिससे परिवार और भी सदमे में है। घटनास्थल पर पहुंचे एसडीपीओ अरविंद कुमार और सदर थाना प्रभारी दुलार चौड़े ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# झामुमो की प्रखंड स्तरीय बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका/ लातेहार।** मनिका प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड कार्यालय झामुमो मनिका मे प्रखंड स्तरीय प्रखंड अध्यक्ष के चुनाव को लेकर रविवार को एक बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता झामुमो के पूर्व अध्यक्ष सिकेश्वर राम ने की। उन्होंने बताया कि पार्टी के निर्देशानुसार मनिका प्रखंड के 15 पंचायत अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी 18 मार्च 2025 दिन मंगलवार को प्रखंड अध्यक्ष के चुनाव को लेकर चर्चा के लिए आपात मीटिंग बुलाया गया है। जिसमें सभी पंचायत अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी को कार्यक्रम में शामिल होना अनिवार्य है। मौके पर पर्यवेक्षक पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सिकेश्वर राम, युवा नेता साकिंदर बाड़ा, झामुमो युवा जिला उपाध्यक्ष मुरारी ठाकुर, पूर्व प्रखंड सचिव संदीप उरांव, सत्येंद्र यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र लोहार, जितेंद्र कुमार डोंकी, पंचायत अध्यक्ष सूरजमल उरांव, बरवैया पंचायत अध्यक्ष अलाहिम अंसारी, पंचायत अध्यक्ष मीना देवी पल्हेया, सचिव उतेमा देवी, पंचायत अध्यक्ष सोनी देवी मटलौंग, सचिव रामपाल उरांव, पंचायत अध्यक्ष राजेश उरांव बड़काडीह, पंचायत अध्यक्ष रामजी सिंह कोपे, पंचायत अध्यक्ष मुरारी प्रजापति राकींकला, पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र भगत दुंदु, समेत कई लोग उपस्थित थे।

# लापता युवक सकुशल बरामद



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के बीआइडी प्रेम नगर निवासी वेद प्रकाश उरांव ने अपने पुत्र करण उरांव के लापता होने की सूचना थाना प्रभारी लोहरदगा को 13 मार्च को दिया था। इस संबंध में गुमशुदगी का मामला सदर थाना में दर्ज किया गया था। मामले की जानकारी होने के बाद एसपी हारीश बिन जमा ने सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रत्नेश मोहन ठाकुर के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया छापामारी दल द्वारा अपने अथक प्रयास से पता लगाया और करण उरांव को गुरदरी से बरामद किया। जबकि उसकी स्कूटी नेतरहाट से बरामद किया गया था। लोहरदगा पुलिस के अथक प्रयास से युवक को बरामद करने में सफलता मिली। युवक की सकुशल बारामदगी के बाद उसे उसके परिजनों को सौंप दिया गया युवक की कुशल बरामदगी के बाद परिवार में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। पुलिस की इस सफलता के बाद परिजन सहित आसपास के लोग पुलिस प्रशासन की तारीफ कर रहे हैं। जिले में यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

# दोस्त से झगड़े के बाद युवती ने खाया कीटनाशक

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा।** थाना क्षेत्र के बड़ागाई गांव में रविवार की दोपहर गांव की ही 15 वर्षीय युवती ने कीटनाशक का सेवन करने से युवती की हालत काफी गंभीर हो गयी, जिसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए लोहरदगा सदर रेफर कर दिया गया. जानकारी के अनुसार उक्त युवती थाना क्षेत्र के बड़ागाई गांव निवासी स्व संजय उरांव की 15 वर्षीय पिंकी कुमारी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार की दोपहर जब घर के सदस्य अपने काम में व्यस्त थे। उसी बीच उक्त युवती का अपने दोस्त से किसी बात को लेकर बहस हो गया और युवती ने आवेश मे आकर अपने कमरे में कीटनाशक का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गयी। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए भंडरा अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए लोहरदगा सदर रेफर कर दिया गया। हालांकि उक्त युवती ने कीटनाशक का सेवन क्यों किया। इस घटना को लेकर मुहल्ले में कई तरह की बातें की जा रही हैं। भंडरा पुलिस मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।

# वैदिक लघु गुरुकुल शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** प्रत्येक रविवार को वैदिक लघु गुरुकुल में सनातन हिंदू धर्म के विषय में शिक्षा देने का कार्य प्रारंभ हो गया है। कक्षा डॉ अशोक आचार्य ने पढ़ाये । उनके विषय था सनातन क्या है, सनातन धर्म का प्रारंभ कब हुआ, ईश्वर को वेद की रचना करने की क्यों आवश्यकता पड़ी, वेद कितने हैं, वेद में कितने मंत्र हैं, वेद में कौन सा ज्ञान दिये हैं। वेद की रचना कब हुए, कितने वर्ष हो गये हैं, कितने युग हैं। इन सभी चीजे कक्षा में पढ़ाया गया। विद्यार्थी बहुत ही रुचि पूर्वक पड़े और जानने की इच्छा भी व्यक्त किये। जिसमें विदेशी साहू, दीक्षा कुमारी, नीरज आर्य, राजेश गुप्ता, दीपक कर्मकार, शीतल कर्मकार, जया साहू, सुलेखा साहू, दिव्या कुमारी सभी उम्र के विद्यार्थी उपस्थित हुए थे।

# हाथी के हमले से किसान घायल

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू प्रखंड के बढ़मारा घाटीटोली में जंगली हाथी ने खेत में सिंचाई कर रहे एक किसान पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बढ़मारा घाटी टोली निवासी 35 वर्षीय किसान दशरथ उरांव पिता स्व माधव उरांव 15 मार्च शनिवार की शाम अपने घर से कुछ दूर अपने खेत में सिंचाई कर रहा था, तभी रात्रि लगभग आठ बजे अचानक एक जंगली हाथी आकर उसे अपने सुढ़ से पकड़ लिया और पटक दिया। अचानक हाथी के इस हमले से किसान किसी तरह से जान बचाकर भाग निकलने में सफल हुआ, लेकिन वह गंभीर रूप से घायल हो गया। रात में ही परिवार व गांव के लोग कुडू सरकारी अस्पताल लाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद लोहरदगा सदर रेफर कर दिया गया।

# काम करते समय कुडू के युवक की गिरकर मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुडू / लोहरदगा।** टाटी मोड़ स्थित ग्रिल शटर बनाने की दुकान में काम कर रहे कुडू हमीद नगर के एक युवक की गुरुवार की दोपहर रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अफरोज अंसारी 28 वर्ष पिता नासिर अंसारी रोजाना की तरह गुरुवार को टाटी स्थित एक ग्रिल शटर बनाने वाली दुकान में काम कर रहा तभी अचानक से जमीन पर गिर गया। दुकान के मालिक ने आनन फानन में उसे कुडू अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जैसे ही युवक की मौत की खबर लोगों को लगी सैंकड़ो की संख्या में कुडू सिएचसी पहुंचने लगे और देखते ही देखते भारी भीड़ जमा हो गयी। हालांकि अंदाजा लगाया जा रहा है कि हृदय गति रुकने से मौत हुई होगी। परंतु परिवार से लेकर मुहल्ले के लोगों तक को ये समझ में नही आ रहा है कि एकदम हट्टे कट्टे नवजवान को आखिर क्या हुआ कि अचानक से उसकी मौत गयी। इस तरह चलते - फिरते हो रही मौत की खबरों के बीच कुडू में एक युवक की मौत ने सभी की चिंता बढ़ा दी है। इधर घर का अकेला कमाउ जवान बेटे की अचानक हुई मौत की घटना ने पुरे परिवार को झकझोर कर रख दिया। पत्नी का रो - रो कर बुरा हाल है। मृतक अपने पिछे एक तीन साल और सात माह की बेटी सहित पूरा परिवार छोड़ गया है।

# बरही में खेली गयी ढेला मार होली

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** होली का त्यौहार क्षेत्र के अनुसार हर जगह पर अनोखे ढंग से मनाया जाता है। कहीं लट्ठमार, तो कहीं जुलूस निकाल कर तो कहीं मटका फोड़ सहित अनेकों तरह से होली का त्यौहार मनाया जाता। देशभर में रंगों का त्यौहार विविधता से भरा है। वहीं सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु पंचायत अंतर्गत बरही ग्राम में अनोखे रूप से रंगों का त्यौहार मनाया जाता है। जो ढेलामार होली के नाम पर प्रसिद्ध है। यह परंपरा संदियो से चला आ रहा है। जिसे बरही ग्राम में रंगों का त्यौहार अनोखे रूप से समस्त ग्रामीणों द्वारा ढेला मार होली खेल कर मनाया जाता है। यह परंपरा सदियों पुराना है। साथ ही इस गांव में ग्रामीणों के सहयोग से एक नया परंपरा का शुरुआत भी किया गया है। नये दामादों का स्वागत जो इस क्षेत्र ही नहीं राज्य भर के लिए मिशाल पेश करता है। इस संदर्भ में पूर्व जिला परिषद सदस्य सह विहिप जिलाध्यक्ष रामलखन प्रसाद एवं समाजसेवी ग्रामीण परमानंद महतो, महावीर प्रसाद साहू, बहादुर महतो सहित अन्य लोगों का कहना है कि झारखंड राज्य के बरही ग्राम में अनोखे रूप से रंग अबीर के बाद ढेलामार होली खेला जाता है और स्थानीय गाजे बाजे के साथ इस परंपरा को निभाया जाता है, जिसमें महिला पुरुष बच्चे बच्चियां त्यौहार का आनंद उठाते है। वही बताते हुए कहा कि ढेलामार होली में दैविक शक्ति का वरदान गांव के भक्तों को प्राप्त है। जो श्रद्धा भाव से इस रस्म में भाग लेते है। इस परंपरा के नीभाने के दौरान गांव के बाहर से कोई भी दर्शक इस कार्यक्रम में भाग नहीं ले सकते है। अगर इस कार्यक्रम में बाहरी व्यक्ति भाग लेता है तो इस पर अप्रिय घटना होने की संभावना बना रहता है। वही ग्रामीणों का कहना है कि ढेलामार होली में गांव के लोग भाग लेते है.जो देवी मंदिर के समीप फगुवा टांड में गड़ा हुआ खूंटे को उखाड़ कर भागते है.तो उन लोगों पर ढेला बरसाया जाता है। होली के दिन गांव के नये दामादों को सम्मान के साथ आदर सत्कार से स्वागत किया जाता है।

# झामुमो पोटका प्रखंड कमेटी का गठन, सुधीर सोरेन अध्यक्ष और भुवनेश्वर सरदार सचिव बने

आजाद सिपाही संवाददाता



पोटका। झामुमो पोटका प्रखंड कमेटी का प्रखंड सम्मेलन तेतला रिसोर्ट में संयोजक प्रमुख बाघराय मार्डी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।रविवार को आयोजित सम्मेलन में मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी व पार्टी के वरीय नेता मोहन कर्मकार,विशिष्ट अतिथि पोटका विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। मौके पर झामुमो कार्यकताओं ने अतिथियों को माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। सम्मेलन में प्रखंड कमेटी के चुनाव पर्यवेक्षक आदित्य प्रधान एवं ललित मांडी की देखरेख में चुनाव संपन्न कराया गया। जिसमें सर्वसम्मति से सुधीर सोरेन को लगातार सातवीं बार प्रखंड अध्यक्ष और भुवनेश्वर सरदार को दूसरी बार प्रखंड सचिव चुना गया।वही युवा कार्यकर्ता अनुपम मंडल को पहली बार प्रखंड कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। मौके पर विधायक संजीव सरदार ने कहा झारखंड सरकार निरंतर जनहित के कार्य कर रही है। बजट सत्र की समाप्ति के बाद नई योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। विधायक संजीव सरदार ने नवचयनित पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। साथ ही सभी को सरकारी योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। झामुमो के वरिष्ट नेता मोहन कर्मकार ने कहा झामुमो के प्रति जनता का विश्वास बढ़ रहा है। जिसका परिणाम विधानसभा चुनावों में अपार जनसमर्थन मिला है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से संगठन को गांव-गांव में मजबूत करने का आह्वान किया। नव-निर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन और सचिव भुवनेश्वर सरदार ने कहा वे अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करेंगे। संगठन एवं सरकार के बीच समन्वय स्थापित कर झामुमो को और मजबूत करने का काम करेंगे। मौके पर पूर्व जिला सचिव लाल्टू महतो, चंद्रावती महतो, सुनील महतो, हीरामनी मुर्मू, असीत सरदार, बबलू चौधरी, भागात बास्के, मनोज नाहा, विद्या सागर दास, रजनी षाड़ंगी, शिवचरण हांसदा, बिरेन बास्के, अब्दुल रहमान, हितेष भकत, रमेश सोरेन, जिकरूल होदा, चक्रधर महतो, बनमाली महतो, बीरेन पात्र सहित सैकड़ो झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कुडू सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** एनएच 143 ए कुडू-लोहरदगा मुख्यपथ पर कुडू ब्लॉक मोड़ के नजदीक बाइक दुर्घटना में कुडू माराडीह गांव निवासी स्व अविनाश भारती के 25 वर्षीय पुत्र सौरभ भारती गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक अपने बाइक से शनिवार को लोहरदगा की ओर जा रहा था, अचानक ब्लॉक मोड़ के नजदीक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। जिससे सौरभ गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे आसपास के ग्रामीणों ने कुडू सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद लोहरदगा सदर रेफर किया गया। फिर सदर से रिम्स रांची रेफर कर दिया गया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# जमशेदपुर जैविक उद्यान में दो रॉयल बंगाल टाइगर लाये गये

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** वन्यजीव प्रेमियों और शहरवासियों के लिए एक सुखद समाचार है। टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में हाल ही में गोरवाड़ा जू (नागपुर) के साथ एनिमल एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत दो रॉयल बंगाल टाइगर्स (नर और मादा) को अपने वन्यजीव परिवार में शामिल किया है। इसके बदले टाटा जू ने अफ्रीकन ग्रे तोतों की एक जोड़ी (नर और मादा) गोरवाड़ा जू को प्रदान की है। बाघों की यह जोड़ी उप निदेशक डॉ. नईम अख्तर के नेतृत्व में पशु चिकित्सकों और कीपरों की टीम द्वारा 13 मार्च को नागपुर से ट्रक के माध्यम से लाई गई। रविवार को करीब 18 घंटे की यात्रा के बाद वे सकुशल जमशेदपुर पहुंचे। नए बाघों को फिलहाल क्वारंटीन के लिए हाल ही में बने आधुनिक बाड़े में सुरक्षित सेल में रखा गया। 30 दिनों की क्वारंटीन अवधि पूरी होने के बाद, जू प्रशासन नर बाघ को सुनैना और सलोनी (यहां की बाघिनें) से चरणबद्ध तरीके से मिलाकर उनके स्वाभाविक मेल के प्रयास करेगा। टाटा जू अब सफेद बाघों की विरासत को आगे बढ़ाने की तैयारी में है। सफेद बाघ कैलाश, बाघिन सुनैना और सलोनी का पिता था। जू प्रशासन को उम्मीद है नवागंतुक जंगली मूल के नर बाघ के साथ प्रजनन के बाद सफेद बाघ शावकों का जन्म हो सकता है। जंगली जीन के मिश्रण से न केवल शावकों का स्वास्थ्य बेहतर होगा, बल्कि उनकी औसत आयु भी लंबी होने की संभावना है। टाटा जू ने वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक और अहम कदम बढ़ाते हुए अपने अगले एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत मद्रास क्रोकोडाइल बैंक ट्रस्ट (महाबलीपुरम, तमिलनाडु) से चार मगरमच्छ (दो नर और दो मादा) प्राप्त करने के लिए तैयार है।

### विधायक ने हुसैनाबाद में किया सात सड़कों के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास

# सड़क निर्माण से ही ग्रामीण क्षेत्रों का होगा समुचित विकास: संजय

आजाद सिपाही संवाददादा

**हुसैनाबाद।** विधायक संजय सिंह यादव ने रविवार को हुसैनाबाद में सात सड़कों के जीर्णोद्धार कार्य योजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें जपला-छत्तरपुर पीडब्ल्यूडी रोड से गेड़ूराही भाया मोहम्मदाबाद तक, दंगवार रोड से पोखराही तक, जपला दंगवार रोड से दादरा तक, इटबांध से कोदबरिया घाट, जपला छत्तरपुर में रोड से अलीनगर, जपला छत्तरपुर कामगारपुर मोड़ से गमहरबीघा भाया कामगारपुर और जपला-छत्तरपुर में रोड से हिरासिकनी तक पथ का विशेष मरम्मती का शिलान्यास शामिल है। विधायक, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार



मोहम्मदाबाद में सड़क का शिलान्यास करते विधायक संजय सिंह यादव।

और राजद प्रदेश महासचिव रवि कुमार सिंह यादव आदि ने योजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत उक्त सड़क की मरम्मति की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पथ का निर्माण कराए जाने से ही गांव का समुचित विकास होगा। चुनाव प्रचार के दौरान कई गांव के ग्रामीणों ने सड़क नहीं रहने के कारण वहां की परेशानियों से अवगत कराया था। जिसके बाद काफी प्रयास से यह सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। शीघ्र ही हैदरनगर मुख्य पथ से नहर मोड़ तक बाईपास सड़क का सड़क का निर्माण कराया जाएगा। इससे हैदरनगर-मोहम्मदगंज आने-जाने वालों को काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सिचाई के लिए भी प्रयासरत हैं। शीघ्र ही अनुमंडलीय अस्पताल में महिला चिकित्सक की पदस्थान होगी। वहीं उर्दू मध्य विद्यालय को अपग्रेड कर उच्च विद्यालय का दर्जा दिलाया जाएगा। इस मौके पर ग्रामीण कार्य प्रमंडल के एसडीओ विजय राम, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, खुर्शीद आलम, कलाम खान, हाजी अब्बास अंसारी, जाकिर अली, सुदेश्वर राम,सुदर्शन पासवान, राजेश सिंह, प्रमोद सिंह, धनन्जय यादव और धर्मेंद्र पाल आदि मौजूद थे।

# ट्रक-ऑटो की टक्कर में वृद्ध महिला और बच्चे की मौत, 5 अन्य घायल, तीन गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** शंख-गढ़वा के राष्ट्रीय राजमार्ग 39 बाईपास हाइवे मुख्य पथ स्थित गुरहा कोयल नदी पुल पर ट्रक और ऑटो की टक्कर हो गयी। इसमें एक महिला और बच्चे की मौत हो गयी। जबकि पांच अन्य घायल हो गये। इनमें से तीन की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना रविवार की दोपहर की बतायी जा रही है। जानकारी के अनुसार विश्रामपुर थाना क्षेत्र के लालगढ़ गांव के एक ही परिवार के सात लोग टेंपो से बेलचम्पा से वापस घर लौट रहे थे। इसी बीच लेन बदलने के दौरान एक ट्रक ने टेंपो को टक्कर मार दी। जिससे टेंपो पलट गया। इस घटना में लालगढ़ ग्राम पंचायत निवासी अशोक चौधरी की पत्नी जगवती देवी (62) की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। इसके अलावा अशोक चौधरी के



दुर्घटनाग्रस्त वाहन, सड़क पर पड़ा शव और मौके पर मौजूद घायल।

सात वर्षीय पोते की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गयी। जबकि टेंपो में सवार पांच और लोग भी घायल हुए हैं। सभी घायलों का इलाज गढ़वा सदर अस्पताल में चल रहा है।

### वाहन अनियंत्रित होकर पलटी, नौ लोग घायल

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला थाना के पास ओवर ब्रिज पर रविवार को मैजिक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिसमें सवार नौ लोग घायल हो गये। रेहला पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां सभी का प्राथमिक उपचार हुआ। वहीं, गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को बेहतर इलाज के लिये मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। घायलों में अंकुश गुप्ता, करण दीक्षित, राकेश कुमार, कौशल किशोर और सुभम कुमार का नाम शामिल है। सभी रेहला थाना क्षेत्र के ही रहने वाले हैं।

### 2026 चुनाव से पहले बंगाल भाजपा ने राजनीतिक विश्लेषक संस्था से संपर्क किया

- चुनाव से पहले अपनी जमीन मजबूत करने के लिए पार्टी ने तृणमूल की तरह राजनीतिक सलाहकार संस्था की शुरू की तलाश



**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** बंगाल में मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा ने 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले अपनी जमीन मजबूत करने के लिए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की तरह राजनीतिक विश्लेषक (सलाहकार) संस्था से संपर्क किया है। तृणमूल 2019 के लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद से ही प्रमुख राजनीतिक सलाहकार संस्था आई-पैक की मदद ले रही है। उसी तरह अब 2026 के विधानसभा चुनाव में बंगाल जीतने के लक्ष्य के साथ भाजपा एक विशेषज्ञ राजनीतिक सलाहकार संस्था की तलाश कर रही है। नेताओं ने पहले ही पार्टी के जमीनी स्तर के लोगों को विश्लेषक एजेंसी के साथ मिलकर काम करने का निर्देश देना शुरू कर दिया है। हालांकि किस संस्था से संपर्क किया गया है अथवा बातचीत चल रही है, पार्टी के कोई भी नेता सार्वजनिक रूप से इस बारे में फिलहाल कुछ भी बोलने से इन्कार किया है। बता दें कि इससे पहले 27 फरवरी को कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में तृणमूल के राज्यव्यापी संगठनात्मक सम्मेलन में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पार्टी के सभी स्तर के नेताओं को संदेश दिया था कि वे राजनीतिक सलाहकार निकाय आई-पैक के साथ मिलकर काम करें। बताते चलें कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सबको चौंकाते हुए बंगाल में 42 में से 18 सीटें जीत ली थी और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस 34 सीटों से घटकर 22 पर आ गई थी। मई 2019 में लोकसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद पार्टी ने प्रशांत किशोर से संपर्क किया था और जून से ही उनकी राजनीतिक सलाहकार संस्था ने तृणमूल के लिए काम करना शुरू कर दिया था। आई-पैक के दो साल की कड़ी मेहनत के परिणामस्वरूप सत्ता विरोधी लहर के बावजूद ममता लगातार 2021 के विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के साथ लगातार तीसरी बार राज्य की सत्ता में लौटीं। हालांकि, प्रशांत किशोर अब आई-पैक में नहीं हैं। उनके स्थान पर प्रतीक जैन संगठन के प्रभारी हैं। फिलहाल जैन के अधीनस्थ आई-पैक ने तृणमूल को 2024 का लोकसभा चुनाव जीताने में भी मदद की। इसको देखते हुए अब विधानसभा चुनाव से एक साल पहले भाजपा ने बंगाल में अपनी जमीन मजबूत करने के लिए एक विशेषज्ञ सलाहकार संस्था की तलाश शुरू की है।

# बंगाल भाजपा ने 43 संगठनात्मक जिलों में से 25 के नये अध्यक्षों के नामों की घोषणा की

- अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नए नेताओं को तवज्जो
- 25 संगठनात्मक जिलाध्यक्षों में 17 नए चेहरे

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** बंगाल में भाजपा की प्रदेश इकाई ने राज्य में अपने 43 संगठनात्मक जिलों में से 25 के नए अध्यक्षों के नामों की घोषणा कर दी है। प्रदेश भाजपा की ओर से जारी सूची के अनुसार, अगले वर्ष राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी ने नए नेताओं को ज्यादा तवज्जो दी है। नवनियुक्त 25 संगठनात्मक जिलाध्यक्षों में 17 नए चेहरे हैं। वहीं, आठ संगठनात्मक जिलों में पुराने जिलाध्यक्षों को बहाल रखा गया है। पार्टी नेताओं के अनुसार, शेष 18 संगठनात्मक जिलाध्यक्षों के नाम भी जल्द ही घोषित किए जाएंगे। पार्टी के प्रदेश महासचिव और विधायक दीपक बर्मन, जो आंतरिक संगठनात्मक चुनावों के लिए रिटर्निंग आफिसर हैं, उनके द्वारा जारी सूची के अनुसार, जिन 25 संगठनात्मक जिलों के नए अध्यक्ष चुने गए हैं, उनमें से छह उत्तर बंगाल से हैं और शेष 19 दक्षिण बंगाल से हैं। भाजपा सूत्रों के अनुसार, जिला अध्यक्षों का फैसला तीन मानदंडों पर किया गया है। इनमें ऊपरी आयु सीमा 60 वर्ष, दो बार से अधिक जिला अध्यक्ष के रूप में कार्य नहीं करना और पिछले लोकसभा और पंचायत चुनावों के परिणाम के आधर पर नियुक्ति की गई है। बंगाल में भाजपा के संगठनात्मक जिलों की कुल संख्या 43 है, जिसमें पूरे राज्य में 42 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र और 294 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। भाजपा के राज्य समिति के एक सदस्य ने कहा कि एक बार संगठनात्मक जिला अध्यक्षों की अंतिम और कुल सूची घोषित हो जाने के बाद पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा भी जल्द की जाएगी। बता दें कि तीन साल से अधिक समय से प्रदेश इकाई की कमान संभाल रहे बालुरघाट से सांसद सुकांत मजूमदार जो केंद्रीय मंत्रिमंडल में राज्यमंत्री भी हैं, प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उनका कार्यकाल पूरा हो चुका है। चूंकि भाजपा एक व्यक्ति, एक पद की नीति पर चलती है, इसलिए बंगाल में पार्टी के अध्यक्ष के रूप में मजूमदार का प्रतिस्थापन अपरिहार्य है

### अभिषेक के कार्यालय से फोन करके मांगी जा रही है रंगदारी

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व पार्टी सांसद अभिषेक बनर्जी के कार्यालय के नंबर से फोन करके रंगदारी वसूलने व पार्टी में अच्छे पदों का लालच देने के मामले सामने आए हैं। खुद अभिषेक ने गत शनिवार को पार्टी नेताओं व कार्यकताओं के साथ वर्चुअली बैठक के दौरान इसे लेकर सावधान किया है। उन्होंने इसके साथ एक वाट्सऐप नंबर भी दिया है और कहा है कि पार्टी में किसी को भी ऐसे फोन आने पर वे अविलंब उक्त नंबर पर इसकी जानकारी दें। अभिषेक ने बताया कि उन्हें पता चला है कि उनके कार्यालय के नंबर से फोन करके रंगदारी मांगी जा रही है। पार्टी में अच्छे पद देने का भी लालच दिया जा रहा है। जिनके पास भी ऐसे काल जाए, वे वाट्सऐप नंबर पर इसकी जानकारी दें।

# सनातन धर्म के हर पर्व में छिपा है एक संदेश जिसे समझने की जरूरत: डॉ ईश्वर चंद्रवंशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर परिसर में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गय। जिसमें जमकर अबीर-गुलाल उड़े। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, समाजसेवी ऋतुराज मिश्रा और जिला योजना समिति के सदस्य संजय बैठा ने किया। जिसका संचालन आयोजक विजय कुमार रवि ने किया। कार्यक्रम में शामिल डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि सनातन धर्म के हर पर्व-त्योहार में एक संदेश छिपा है। उसे समझने की जरूरत है। होली महापर्व हम



सभी को एकजुटता का संदेश देता है। होली के सात रंगों में सराबोर होने के बाद बड़े-छोटे का भेदभाव मिट जाता है। वहीं, भोजपुरी गायक विजय बवाली ने एक से बढ़कर एक होली के गीत गाकर लोगों को जमकर झुमाया। मौके पर रेड रोज पब्लिक स्कूल के निदेशक राजन पांडेय, राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव, भाजपा नेता मनीष कुमार, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, रजनीश कुमार, देवनारायण सिंह, मुंशी प्रसाद गुप्ता, धनंजय पांडेय, धीरन तिवारी, सुरेंद्र भारती, उखमजी यादव, दामोदर यादव, राकेश केशरी, रवि चंद्रवंशी, मुकेश चौधरी, रामानंद तिवारी, कृष्णा केशरी, राहुल देव वर्मन, भूषण चंद्रवंशी, भोला भंडारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### अभिषेक ने बंगाल चुनाव में निर्वाचन आयोग की भूमिका पर उठाया सवाल

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने राज्य में चुनाव कराने में निर्वाचन आयोग (ईसी) की भूमिका पर सवाल उठाए। उन्होंने साथ ही केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा ईसी का उपयोग करके मतदाता सूची में फर्जी नाम जोड? के कथित प्रयासों के खिलाफ आगाह किया। बनर्जी ने आरोप लगाया कि 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से निर्वाचन आयोग की स्वतंत्र भूमिका से समझौता किया गया है।

# पश्चिम बंगाल सरकार ने ओबीसी को लेकर नये सिरे से शुरू की समीक्षा

-जिलाधिकारियों को 62 जातियों व 113 उपजातियों की समीक्षा करने का निर्देश

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** बंगाल सरकार ने अन्य पिछड़ी जातियों (ओबीसी) को लेकर नए सिरे से समीक्षा शुरू की है। इस बाबत समस्त जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है। 62 जातियों व 113 उपजातियों की समीक्षा करने को कहा गया है। इसे इबेंचमार्क सर्वेइ नाम दिया गया है। मालूम हो कि कलकत्ता हाई कोर्ट पिछले साल 2010 से पहले के सभी ओबीसी प्रमाणपत्रों को रद कर चुकी है। इस आदेश को बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इसके बीच ही सरकार ने यह पहल की है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सरकार अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में वास कर रहे पिछड़े मुस्लिम समुदाय को आरक्षण के दायरे में लाने के लिए वैकल्पिक रास्ता तलाश रही है। इसपर भाजपा विधायक व बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि बंगाल सरकार मुसलमानों को तुष्ट करने का प्रयास कर रही है। यह उसी का हिस्सा है। मालूम हो कि 2010 में बंगाल में वाममोर्चा की सरकार के समय तत्कालीन मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य आर्थिक रूप से पिछड़े मुसलमनों को ओबीसी आरक्षण के दायरे में लेकर आए थे। सत्ता परिवर्तन के बाद यह सूची लंबी होती चली गई। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि सूची में नाम शामिल करते वक्त निर्धारित मानदंडों का पालन नहीं किया गया। बंगाल के पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री बुलु चिक बराइक ने कहा कि चूंकि यह मामला अदालत के विचाराधीन है इसलिए इस बारे में कोई टिप्पणी करना उचित नहीं होगा।

# शव रखकर नियोजन की मांग कर रही मृतक की पत्नी को मिला नियोजन

**तेतुलमारी/कतरास (आजाद सिपाही)।** खरनी पंचायत के साधोबाद निवासी संजीव महतो (31) का शव शुक्रवार को गांव के नजदीकी तालाब से बरामद हुआ था। जिसकी सूचना पाकर बरवाअड्डा पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद एनएमसीएच भेज दिया था। इसके बाद शनिवार को परिजन शव को तेतुलमारी कोलियरी कार्यालय के समक्ष रखकर नियोजन की मांग करते हुए धरना पर बैठ गये। इस बीच यूनियन के नेताओं और बीसीसीसीएल प्रबंधक के बीच दो दिनों तक वार्ता हुई। अंत में रविवार की शाम को वार्ता सफल रही और परियोजना पदाधिकारी एसके दास ने मृतक की पत्नी रुम्पा देवी (24) को प्रोविजनल नौकरी सहित कंपनी के नियम के अनुसार सभी तरह की राशि देने की बात कही। तब जाकर परिजन शव को उठाने को राजी हुए। परिजनों ने बताया कि मृतक बीसीसीयल एरिया 5 के




तेतुलमारी कोलियरी का कर्मी था। शुक्रवार को दूसरी पाली में ड्यूटी करने के लिए तेतुलमारी जा रहा था। रास्ते में शौच लगने पर सड़क किनारे स्थित तालाब गया और वहीं डूबने से मौत हो गयी। तालाब में शव तैरता देख स्थानीय लोगों ने बरवाअड्डा पुलिस को सूचित किया। जिसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया था। मृतक अपने पीछे बूढ़ी मां,पत्नी रुम्पा देवी के अलावा आठ साल की मायरा कुमारी और पांच साल का बेटा प्रियांशू कुमार को छोड़ गया है।

### होली की खुशियां मातम में बदली: आक्रोशित ग्रामीणों ने की सड़क जाम

# सड़क दुर्घटना में यू वनांचल अस्पताल के संचालक की मौत, एक गंभीर

- आश्रितों को चार लाख रुपये मुआवजा और दो बच्चों को 18 साल तक भरण-पोषण के लिए चार हजार रुपए प्रति माह देने के आश्वासन पर हटा जाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के जपला-छतरपुर मुख्य सड़क के गमहरबिगहा गांव के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान शशि रंजन मेहता उर्फ माही (35) के रूप में हुई है। वह सबानो तकेया गांव का रहने वाला था। उसके पिता विश्वनाथ मेहता की पहले ही मौत हो चुकी है। शशि रंजन पेशे से न्यू वनांचल अस्पताल के संचालक थे। जबकि घायल युवक की पहचान सिकनी गांव निवासी गुड्डू यादव के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक शशि रंजन शुक्रवार को होली के अवसर पर संढा गांव के समीप



मृतक शशि रंजन मेहता की फाइल फोटो।

दुकान में अपने दोस्त से मुलाकात करने के बाद बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे। तभी जपला की ओर से गुड्डू यादव भी अपनी बाइक लेकर आ रहा था। दोनों वाहनों की रफ्तार काफी तेज होने के कारण आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गयी। इस हादसे में अस्पताल संचालक शशि रंजन की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि गुड्डू यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने शशिं रजन को मृत घोषित कर दिया। वहीं गुड्डू यादव को उसके परिजनों ने मेदिनीनगर सदर अस्पताल मे भर्ती कराया। दूसरी ओर, घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस अनुमंडलीय अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। पर देर रात होने के कारण अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सक पोस्टमार्टम करवाने में तैयार नहीं हुए। अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो, सीओ पंकज कुमार ने पलामू डीसी से बात की। उनके आदेश के बाद शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पर शनिवार की सुबह आक्रोशित ग्रामीणों ने घटना के प्रतिवाद में सड़क जाम कर दिया। इसके बाद शनिवार की सुबह आठ बजे बसपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के नेतृत्व में आक्रोशित ग्रामीणों ने जपला-छतरपुर मुख्य सड़क को जाम कर धरने पर बैठ गए। ग्रामीण मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। उधर. जाम के कारण सड़क के दोनों ओर छोटी-बड़ी वाहनों की लंबी कतार लग गई। उसकी सूचना मिलते ही हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी और सीओ पंकज कुमार मौके पर पहुंचे और पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता एवं मृतक के परिजनों से बात कर आपदा प्रबंधन राहत कोष से मृतक के आश्रितों को चार लाख रुपए मुआवजा के साथ ही उनके दो बच्चों को भरण-पोषण के लिए चार, चार हजार रुपए प्रति माह 18 साल तक देने का आश्वासन दिया। इसके बाद दो घंटे के बाद जाम हटाया गया।

# मटका फोड़ कार्यक्रम में डांस करने को लेकर दो गुटों में हुई मारपीट, कई घायल

**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास थाना अंतर्गत लकड़का चार नंबर में मटका फोड़ने के क्रम में दो गुटों में जमकर मारपीट हो गयी। इस बाबात लकड़का निवासी सोहन साव ने कतरास थाना में प्रमोद यादव, रवि यादव, राहुल यादव, प्रकाश यादव, प्रमोद यादव, छोटे यादव, संतोष यादव और छबीला यादव पर रात में घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। सोहन साव ने बताया कि शनिवार को मटका फोड़ने का कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान उसके भतीजे रवि साव एवं प्रमोद यादव, रवि यादव के साथ कुछ कहा सुनी हो



गयी। वे अपने भतीजा को घर ले आये। इसके बाद घर के लोग खाना खाकर सोने चले गये। इस बीच रात 11 बजे 8-10 लोग लाठी डंटा और हरवे-हथियार के साथ घर पर हमला बोल दिया। राहुल यादव और रोहित यादव ने लोहे के रॉड से मेरे बेटे सन्नी साव पर हमला कर दिया जिससे उसका सिर फट गया। वहीं, छोटे यादव, संतोष यादव ने मुझ पर हमला किया। छबीला यादव पिस्तौल लहराते हुए मेरे सिर पर सटा दिया, जिसके बाद से पूरा परिवार दहशत में है।

# कामडारा देवीमंडप के पास बाइक में लगी आग



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कामडारा।** कामडारा देवी मंडप के समीप पीसीसी पथ पर एक बाइक में स्वतः आग लगी। यह घटना रविवार के दोपहर पौने तीन बजे के आसपास की है। बताया जा रहा है कि दो युवक एक बाइक में सवार होकर कामडारा के अंग्रेजी वाइन शॉप में शराब खरीदने के लिये आये हुये थे।वहीं बाइक में पेट्रोल समाप्त हो जाने के कारण उन्होंने सामने के एक दुकान से पेट्रोल लिया और बाइक में डाला। उसके बाद उन्होंने ने अपनी बाइक स्टार्ट किया तो चिंगारी फेंकते हुये बाइक में आग लग गयी। जिसे देख दोनों युवक बाइक छोड़कर भाग गये। इसके बाद बाईक पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गयी। जलने के कारण बाइक का नंबर स्पष्ट नहीं दिख रहा है। बाइक सवार युवक ने अपना नाम वाल्टर धनवार बसिया निवासी बताया है। घटना के बाद उक्त दोनो युवक अपने एक अन्य साथी के बाइक पर सवार होकर चले गये।

# पारा शिक्षक ने पत्नी को डंडे से पीटकर की हत्या




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के तेंदार गांव में पारा शिक्षक पति रामविलास उरांव ने नशे की हालत में अपनी पत्नी सूरजमुनि देवी उर्म 38 वर्ष को लाठी डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दिया। मृतक के मामा ने बताया कि शुक्रवार को लगभग 1:30 के बीच पति-पत्नी में मामूली विवाद हुआ। पति नशे की हालत में अपनी पत्नी को लाठी से पीट-पीट कर अधमरा किया। इसके बाद घायल को इलाज के लिए ग्रामीण परिजन घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। इस क्रम में रास्ते में ही सूरजमुनि का मृत्यु हो गयी। जिसकी सूचना घाघरा थाना को दी गयी। सूचना पाकर घाघरा थाना में घटनास्थल पर पहुंची एवं हत्या के आरोपी शिक्षक और शव को अपने कब्जे में लेकर थाना चली आयी। साथ ही शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# युवक ने पड़ोसी पर बैल को जहर देने का लगाया आरोप

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह प्रखंड के सुरसांग थाना क्षेत्र अंतर्गत कोंडरा पंचायत कोन-केल गांव में शनिवार की शाम 6 बजे शैलेश बाखला ने गांव के ही ललित राम कुम्हार के बेल को जहर देकर मार डालने का मामला प्रकाश में आया है। बैल मलिक ललित राम कुम्हार का कहना है कि पहले भी शैलेश बाखला के द्वारा धमकी दिया गया था कि किसी का भी बैल मेरे घर बारी में घुसेगा तो जहां देकर मार डालूंगा उसने पहले भी एक बैल को मार कर पैर तोड़ दिया था साथ ही एक बैल का कान भी काट दिया था। उन्होंने कहा कि आज शाम को पता चला कि मेरा बैल शैलेश के घर के पास खड़ा है। बैल को लाने गया तो देखा बेल का स्थिति खराब है। मुझे शक हुआ की आरोपी ने कुछ खिलाया पिलाया है मैं पशु के डॉक्टर को बुलाकर दिखाया लेकिन जैसे ही गौशाला के अंदर बैल को घुसाया उसके मुंह से झाग निकला और उसकी मौत हो गयी।

# रसोइया संयोजक अध्यक्ष संघ की बैठक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रायडीह।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजक अध्यक्ष की बैठक रायडीह प्रखंड कार्यालय के समीप रविवार को दिन के 2 बजे में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष देवकी देवी ने की। 28 फरवरी 2025 से 6 मार्च 2025 तक रांची विधानसभा के कूटे मैदान में पांच सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया था। जिसकी बैठक में समीक्षा की गयी। जिलाध्यक्ष ने बताया मांग पूरी नहीं होने पर 25 मार्च को रसोईया संयोजिका अध्यक्ष संघ जिला शिक्षा अधीक्षक के कार्यालय में घुसकर बैठ जायेगी और तब तक जिले में कार्य बंद रहेगा। इसको लेकर भी बैठक में विचार विमर्श किया गया। इसके बाद होली पर्व को लेकर सभी को रंग अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गयी। वहीं लोगों ने एक दूसरे को मिठाई भी खिलायी। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष एलिस एक्का, रुको देवी, थोदोरा तिग्गा, वेरोनिका खलखो, आल्फोसा टोप्पो, सुखमणि देवी, बिरसमुनि देवी, सुनीता देवी सहित कई रसोईया संयोजिका अध्यक्ष शामिल थे।

# प्रेम प्रसंग में युवती ने खाया डीएपी

**जारी (आजाद सिपाही)।** प्रेम प्रसंग के चलते एक 18 वर्षीय युवती ने अपने घर में रखी डीएपी (डायअमोनियम फॉस्फेट) का सेवन कर लिया। युवती का नाम आकांक्षा मिंज है, जो कि रेनगारी निवासी संजय मिंज की बेटी है। जानकारी के अनुसार, आकांक्षा महुआडाड़ के एक युवक के साथ बातचीत कर रही थी। जब उसने युवक से किसी दूसरी लड़की से बात करने की आवाज सुनी, तो उसने उस पर सवाल उठाया। युवक ने इसे अपनी दोस्त बताते हुए बात करने की अनुमति दी। इस पर दोनों लड़कियों के बीच झगड़ा हो गया, जिससे आकांक्षा बेहद परेशान हो गयी। तनाव में आकर आकांक्षा ने घर लौटते ही डीएपी का सेवन कर लिया। जैसे ही परिजनों को इस घटना की जानकारी मिली, वे तुरंत चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। चिकित्सकों ने आकांक्षा को नमक का घोल पिलाया। समाचार लिखे जाने तक आकांक्षा की स्थिति स्थिर बतायी जा रही थी।

# हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने भुवनेश्वर पहुंचे खिलाड़ी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** भुवनेश्वर के कलिंगा विश्वद्यालय में आयोजित हैंडबॉल प्रतियोगिता 18 मार्च तक होनी है जिसमें रांची विश्वद्यालय के तरफ से चयनित खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल होंगे। जिसमें गुमला कार्तिक उरांव कॉलेज सह स्पोर्ट्स अकादमी के छह खिलाड़ी और कोच के रूप में कुल सात लोग भाग लेंगे। रांची विश्वद्यालय के तरफ से कोच के रूप में दीपक कुमार रांची विश्वद्यालय के खिलाड़ियों का नेतृत्व करेंगे। वहीं खिलाड़ी के रूप में नीरज महतो, अनीश, प्रवीण गोप, तुषार गोप, सद्दाम अंसारी, अजय उरांव भाग लेंगे। टीम के सभी खिलाड़ी, कोच और मैनेजर रांची से एक साथ विश्वविद्यालय से रवाना हो गये। कार्तिक उरांव कॉलेज के सभी खिलाड़ी को टावर चौक से स्पोर्ट्स



अकादमी के निदेशक सह झारखंड हैंडबॉल फेडरेशन के सह सचिव सैयद जुन्नू रैन द्वारा मिठाई और माला पहना कर रवाना किया। गुमला से टीम को रवाना करने में सैयद जुन्नू रैन ( झारखंड हैंडबॉल फेडरेशन सह सचिव) द्वारा कहा गया कि आज बहुत गर्व की बात है कि हमारे खिलाड़ी हैंडबॉल के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे है साथ ही यह बच्चे रांची विश्वद्यालय का मान बढ़ाएंगे। डॉ सतीश गुप्ता (कार्तिक उरांव कॉलेज प्रिंसिपल) ने कहा पिछले वर्ष के भांति इस वर्ष भी आप सभी खिलाड़ी हमारे कार्तिक उरांव कॉलेज के तरफ से सबसे ज्यादा छः खिलाड़ी का चयन हुआ है साथ ही रांची विश्वद्यालय के जीत के आने पर सभी खिलाड़ियों को विशेष रूप से कॉलेज में सम्मानित किया जायेगा। मनोज साहू, कलीम अख्तर ने बधाई दिया साथ ही कहा इनके गुमला लौट आने पर हमारे तरफ से सम्मानित किया जायेगा और सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जायेगा।

# बस की टक्कर से स्कूटी सवार महिला घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर से सटे करम टोली के समीप रविवार की सुबह 11 बजे एक बस की चपेट में आने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। वही उसकी स्कूटी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से महिलाओं को सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार करम टोली निवासी 22 वर्षीय विवाहित महिला अनीता देवी पति स्वर्गीय राजकुमार उरांव रविवार की सुबह किसी काम से स्कूटी में सवार होकर गुमला की ओर आ रही थी इसी दौरान शालू नामक एक बस उसे टक्कर मार दिया। घटना में महिला उछल कर सड़क के किनारे गिर गयी। वही उसका स्कूटी बस के नीचे फंसकर छतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद महिला को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वही पुलिस ने बस को अपने कब्जे में ले लिया है।

# टेंपो और अन्य वाहनों से शुल्क वसूली की बंदोबस्ती के संबंध में आदेश जारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** नगर परिषद् द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सिसई रोड, पालकोट रोड और ललित उरांव बस पड़ाव में टेंपो एवं अन्य वाहनों से शुल्क वसूली की बंदोबस्ती उच्चतम बोली के आधार पर संबंधित ठेकेदारों को प्रदान की गयी है। वसूली प्रक्रिया के दौरान यह देखा गया है कि ठेकेदारों द्वारा अधिकृत व्यक्तियों के माध्यम से सड़क पर कहीं भी वाहनों को रोककर शुल्क वसूली की जा रही है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है और यातायात जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

इसके अतिरिक्त, वसूली कार्य में लगे व्यक्तियों को न तो पहचान पत्र जारी किये गये हैं और न ही वर्दी उपलब्ध करायी गयी है, जिससे वाहन चालकों को अधिकृत व्यक्तियों की पहचान करने में कठिनाई होती है। वर्दी नहीं होने के कारण अवैध वसूली की आशंका भी बनी रहती है। इस स्थिति को नियंत्रित करने तथा वसूली प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने हेतु नगर परिषद् द्वारा शुक्रवार दिन के 3 बजे आदेश जारी किये गये हैं।

सिसई रोड में संचालित वाहनों से शुल्क वसूली केवल भट्टी तालाब के पास की जायेगी। पालकोट रोड में संचालित वाहनों से शुल्क वसूली साहू नर्सिंग होम के पास की जायेगी।

ललित उरांव बस पड़ाव से खुलने वाली बसों से शुल्क वसूली बस पड़ाव क्षेत्र में ही की जायेगी।

जशपुर रोड में संचालित वाहनों से शुल्क वसूली तेलंगाना खड़िया स्टेडियम के गेट के पास की जायेगी।

लोहरदगा रोड में संचालित वाहनों से शुल्क वसूली मिशन चौक के पास की जायेगी।

वसूली कार्य में लगे सभी व्यक्तियों को ठेकेदार द्वारा पहचान पत्र एवं वर्दी उपलब्ध करायी जायेगी।

वसूली के प्रत्येक निर्धारित स्थल पर स्पष्ट रूप से शुल्क दर का चार्ट प्रदर्शित किया जायेगा।

संबंधित ठेकेदारों को निर्देश दिया गया है कि वे इन आदेशों का पालन पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर सुनिश्चित करें एवं अनुपालन की सूचना नगर परिषद्, गुमला को प्रदान करें। आदेशों की अवहेलना की स्थिति में संबंधित ठेकेदार का एकरारनामा रद्द कर दिया जायेगा तथा झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 की सुसंगत धाराओं के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

# लापता युवती का शव तालाब से बरामद

## कांग्रेस नेता ने दोषियों पर जल्द कार्रवाई की मांग की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** कांग्रेस नेता मुख्तार आलम ने कहा कि रविवार की सुबह जानकारी प्राप्त हुई कि गुमला जिला ग्राम बसुवा के रहने वाले अजमेर अंसारी की पुत्री मुस्कान परवीन 17 वर्ष, पिछले तीन दिनों से लापता थी।

मुस्कान परवीन का रिश्ता लगा लगा हुआ था, उसकी शादी अगले माह होने वाली थी। लड़की के परिवार वाले कहना है कि गांव का एक लड़का सलमान आलम के ऊपर आशंका जता रहे है, सलमान आलम और मुस्कान परवीन एक दूसरे को पसंद करते थे।

मुस्कान परवीन का रिश्ता जहां लगा था उस लड़के के घर वालों को भी सलमान आलम के द्वारा फोन करके शादी नहीं करने की



बात कही थी।


पिता अजमेर अंसारी का कहना है कि मैं गुमला थाना और टोटो थाना को लिखित आवेदन देकर मामले से अवगत कराया था परंतु जिला पुलिस प्रशासन द्वारा इस मामले में कोई संज्ञान नहीं लिया गया था। आज सुबह मुस्कान परवीन की डेथ बॉडी बसुवा तालाब में बरामद किया गया है, उसके बाद कई घंटा बीत जाने के बावजूद भी टोटो थाना से पुलिस घटनास्थल पर नहीं पहुंची थी।

इसकी जानकारी मुझे मृतक के पिता ने दिया। मैं इस जानकारी के बाद गुमला एसपी को फोन करके घटना की जानकारी देते हुए पुलिस की लापरवाही को भी साझा किया। एसपी को कहा कि थाना प्रभारी के द्वारा पूरी तरह इस मामले में लापरवाही की गयी है, और यह लापरवाही के कारण बड़ी घटना घट गयी। ऐसी लापरवाही करने वाले पुलिस कर्मियों के ऊपर कार्रवाई करें और अविलंब दोषियों को पकड़ा कर जेल भेजा जाय अन्यथा हम लोग रोड में उतरकर पुरजोर प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करेंगे। मुख्तार आलम ने कहा कि इस मामले को सिमडेगा के विधायक भूषण बाड़ा को भी अवगत कराया हूं, विधायक जी ने इस मामले से संबंधित गुमला एसपी और एसडीपीओ से फोन में वातार्लाप करके जल्द दोषियों को पकड़ने की बात कही है।

# बेटे की बीमा पॉलिसी का लाभ लेने बेंगलुरु गया पिता लापता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** जिले के सदर थाना छेत्र स्थित कुलबिरा पंचायत स्थित पंडरिया गांव निवासी भोला साहू बैंगलोर से लौटने के क्रम में रास्ते मे कहीं गुम हो गये है। जबकि भोला के साथ गए उसका बेटा घर लौट आया है। इधर भोला साहू के नही लौटने पर उसके परिजन परेशान है। साथ ही किसी अनहोनी को लेकर चिंतित भी है। परिजनों ने कहा कि बैंगलौर से लौटने के दौरान ट्रेन से नीचे उतरने पर वे गुम हुए है।परंतु गुम होने वाला स्थान ज्ञात नही हो सका है। वहीं उनके पास मोबाइल फोन भी है पर मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा है। वे भी अब तक परिवार से संपर्क नही साधे है। परिजनों ने कहा कि पिछले साल भोला साहू



के बेटे का बैंगलौर में मजदूरी कर लौटने के दौरान ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गया था। उसकी मौत के बाद कोई मुआवजा नही मिला था। इस मामले को देख रहे बैंगलौर के एक अधिवक्ता द्वारा भोला को मुआवजा राशि दिलाने हेतु कागजी कार्रवाई को लेकर बुलाया गया था। जहां वे बेटे के साथ गये थे। मगर वापसी में वे गायब हो गये। परिजनों ने जिला प्रसाशन और श्रम अधिक्षक से भोला को ढूंढने में मदद की गुहार लगायी है।

# ढीढौली कट्टहरटोली के युवक ने पत्नी, दो पुत्री और पुत्र की खोजबीन की लगायी गुहार, दिया आवेदन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के ढीढौली कट्टहरटोली निवासी पति ललित साहू ने अपनी पत्नी गीतांजलि देवी पुत्री सुप्रिया कुमारी, सुनेहा कुमारी और पुत्र अंशु कुमार के गुणसूदगी होने पर घाघरा थाना में लिखित आवेदन देकर पुलिस से खोजने की गुहार लगायी है। दिये गये आवेदन में ललित साहू ने बताया कि विगत 12 मार्च दिन बुधवार को सभी घर पर थे। नाश्ता करने के बाद में वह काम करने पास के बारी में चला गया मेरी पत्नी दो पुत्री और एक पुत्र को लेकर नहाने एवं कपड़ा धोने की बात कह कर लगभग 9:30 बजे दिन में गांव के पास स्थित तालाब चली गयी। जब 12 बजे तक नहीं लौटी। तो जाकर



देखने पर तालाब के पास सिर्फ कपड़ा रखा हुआ था और परिवार का कोई भी सदस्य आसपास नहीं था। इधर-उधर काफी पूछताछ किया गया । फिर भी कोई जानकारी नहीं मिली। अपने रिश्तेदार और ससुराल में भी मोबाइल के माध्यम से संपर्क किया गया। लेकिन कोई पता नहीं चल सका। जिसके बाद थक हार कर आज घाघरा थाने में आवेदन देकर खोजने की गुहार लगायी है। वहीं ललित साहू ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर उसके परिवार का कोई भी सदस्य किन्हीं ग्रामीणों को दिखे। तो इसकी सूचना घाघरा थाना या उनके मोबाइल नंबर 7209929664 पर जरूर दे। ताकि उसका परिवार मिल सके।

## स्पोर्ट्स



**हरमनप्रीत ने 66 रन की बेहतरीन पारी खेली, जबकि साइवर ब्रंट ने 30 रन बनाये। इस साझेदारी की बदौलत मुंबई की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 149 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रही ।**

# मुंबई इंडियंस ने जीता डब्ल्यूपीएल 2025 का खिताब

**एजेंसी**

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए दिल्ली कैपिटल्स को 08 रनों से हराकर दूसरी बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेले गये इस रोमांचक मैच में दर्शकों को कांटे की टक्कर देखने को मिली, लेकिन अंत में मुंबई की टीम ने बाजी मार ली।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरूआत अच्छी नहीं रही। शुरूआती झटकों के बाद हरमनप्रीत कौर और नेट साइवर



ब्रंट की जोड़ी ने टीम को मुश्किल से उबारा। हरमनप्रीत ने 66 रन की बेहतरीन पारी खेली, जबकि साइवर ब्रंट ने 30 रन बनाये। इस साझेदारी की बदौलत मुंबई की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 149 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रही।

149 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरूआत भी खराब रही। हालांकि, मैरिजेन कैप (40 रन) और जेमिमा रोड्रिग्ज (30 रन) ने दिल्ली की पारी को संभालने की कोशिश की। मैच के अंतिम ओवरों में दिल्ली के बल्लेबाजों ने जीत के लिए संघर्ष जारी रखा, लेकिन मुंबई की सधी हुई गेंदबाजी के चलते लक्ष्य से 8 रन पीछे रह गयी।

यह लगातार तीसरा मौका था जब दिल्ली कैपिटल्स डब्ल्यूपीएल के फाइनल में पहुंचकर ट्रॉफी जीतने में नाकाम रही। 2023 में मुंबई इंडियंस, 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और अब 2025 में फिर से मुंबई इंडियंस ने दिल्ली का सपना तोड़ दिया।

मुंबई इंडियंस अब डब्ल्यूपीएल की पहली टीम बन गई है जिसने दो बार खिताब जीता है। इससे पहले, उन्होंने 2023 में पहला सीजन जीता था, जब उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से हराया था। इस बार भी उन्होंने दिल्ली को 8 रनों से हराकर अपनी बादशाहत कायम रखी।

# सरहुल मनाने को लेकर झखरा कुंबा में समिति की बैठक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** सरहुल पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर घाघरा झखरा कुंबा में समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सर्व समिति से पुराने कमेटी को ही यथावत रखा गया। साथ ही आगामी 22 अप्रैल को सरहुल पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। सरहुल को भव्य और ऐतिहासिक बनाने को लेकर चर्चा की। वही समिति के रवि पहान ने बताया कि आगामी 22 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा घाघरा झखरा कुंबा से निकाली जायेगी। उक्त शोभायात्रा में घाघरा प्रखंड के 120 गांव सहित कई अन्य प्रखंड के गांव से खोड़हा दल शामिल होंगे। मौके पर पहान चंदर उरांव, समीर भगत, रवि पहान, संतोष भगत, संजीव उरांव, अनिल उरांव, सुधीर कैथवार, बेचन उरांव, उमेश उरांव, लाल उरांव, सतीश भगत, राम बेक, मनोज उरांव, प्रकाश उरांव सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

# धनबाद कारा में जेल अदालत और स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झालसा के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर रविवार को धनबाद मंडल कारा में रविवार को जेल अदालत का आयोजन किया गया। अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव राकेश रोशन ने बताया कि इस दिन जेल अदालत में एक मामले को सुनवाई के लिए रेलवे के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोज कुमार के समक्ष रखा गया। इसके अलावा मंडल कारा में बंदियों के बीच स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मेडिसिन विभाग से डॉ राजीव कुमार सिंह, नेत्र विशेषज्ञ डॉ सरोजिनी मुर्मू, डॉ मुकेश कुमार हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं रामप्रवेश नेत्र रोग सहायक द्वारा 215 बंदियों की जांच की गयी। साथ ही मलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के लिए दवा भी दिया गया। इस मौके पर जेल प्रशासन, लीगल एड डिफेंस काउंसिल चीफ कुमार विमलेंदु, काउंसिल के सहायक मुस्कान चोपड़ा, स्वाति कुमारी, कन्हैया लाल ठाकुर, शैलेंद्र झा, सुमन पाठक, डालसा के सहायक सौरभ सरकार, नवीन कुमार और अधिकार मित्र विशाल कुमार आदि उपस्थित रहे।

# नाले में गिरकर किशोर की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया/जोड़ापोखर।** जोरापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा-पुटकी चौक के समीप शुक्रवार की रात सड़क दुर्घटना में केंदुआडीह बड़ा तलाव के निकट रहने वाले गोपाल महतो के एकलौते बेटे सागर महतो (18) की मौत हो गयी। वह डिगवाडीह न्यू एंजल होम स्कूल के 12वीं का छात्र था। जानकारी के मुताबिक अग्निवीर के लिए टाटा ग्राउंड में अभी तैयारी कर रहा था। वह एथलेटिक्स भी था। पता चला है कि सागर होली के दिन जोरापोखर बस्ती में अपने बहन-बहनोई के घर से त्योहार मनाकर रात आठ बजे अपनी नई बाइक से अपने घर केंदुआडीह बस्ती होते हुए अपने घर जा रहा था। तभी उसके बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह जामाडोबा-पुटकी चौक के समीप टाटा कंपनी द्वारा निर्मित बड़ा नाला में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसकी सूचना पाकर स्थानीय लोग सहित उसके बहन-बहनोई मौके पर पहुंचे और सागर को तुरंत एसएनएमएमसीएच ले गये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की तीन बहनें है।

# बीसीसीएल सीएमडी आवास में होली मिलन का आयोजन, हर धर्म के लोग हुए शामिल



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के सीएमडी समीरन दत्ता के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न धर्म-समुदायों के लोगों ने एकजुट होकर होली के रंगों में सराबोर होते हुए आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम में बीसीसीएल के डायरेक्टर पर्सनल केपी रमैया, डायरेक्टर फाइनेंस राकेश कुमार सहाय, डायरेक्टर टेक्निकल संजय सिंह, डायरेक्टर टेक्निकल मनोज कुमार अग्रवाल, सीवीओ अमन राय, सीआइएसएफ डीआइजी आबिद खान, पत्रकार एम अली, सभी एरिया के जीएम आदि उपस्थित रहे। वहीं सीएमडी समीरण दत्त की पत्नी सह महिला मंडल की अध्यक्ष मिली दत्त ने महिलाओं के साथ जम के होली खेली। समारोह में पारंपरिक होली गीत, रंग-गुलाल और स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ सभी ने होली का आनंद उठाया। इस अवसर पर सीएमडी ने कहा कि कंपनी की प्रगति के लिए सभी को मिलजुल कर कार्य करना होगा। उन्होंने सभी से आपसी समरसता और सहयोग की भावना बनाए रखने की अपील की। वहीं इनमोसा के सचिव कुश कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# अचेत अवस्था में मिले युवक की मौत



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो के बेरमो अनुमंडलीय अस्पताल में एक युवक को अचेत अवस्था में उपचार के लिए लाया गया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता जादुंदन राय (32) के रूप में हुई है। वह गिरिडीह जिले के निमियाघाट थाना क्षेत्र स्थित भिखनीडीह का रहने वाला था। इस बाबत मृतक के पिता बैजनाथ राय ने बताया कि उनके बेटे के मोबाइल फोन से किसी राहगीर ने फोन कर बेटे जादुंदन को अचेत अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल ले जाये जाने की जानकारी दी। वे सीधे अस्पताल पहुंच गये, जहां उनका बेटे का शव पड़ा था। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले ही जादुन्दन राय अपने ससुराल अंगवाली के टुंगरी कुल्ली गया था। वहां से रविवार को की सुबह ससुराल वालों से फोन से बात कराकर अपने घर निमियाघाट आने के लिए निकला था। अचानक सारूबेडा के समीप उसकी तबियत खराब हो गयी। उसने घर पर भी फोन कर बैचेनी होने की सूचना दी थी। इसके बाद थोडी देर बाद किसी राहगीर ने उसके अचेत होने की जानकारी दी। वहीं, कुछ राहगीर तुरंत उसे नावाडीह के स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए ले गये। वहां से प्राथमिक उपचार कर बेरमो अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया। जहां पहुंचने पर चिकित्सको ने मृत घोषित किया। मृतक की पत्नी और एक पूत्र भी है।

# ट्रक चोरी कर भाग रहे दो चोरों को पुलिस ने दबोचा

## पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में वाहनों को बेचते थे

**चोरों के अंतर्राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय लिंक को तलाश रही पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददातो




ट्रक चोरों की जानकारी देते डीएसपी मुख्यालय-1 शंकर कामती।

**झरिया/जोड़ापोखर।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में ट्रक चोरी कर भाग रहे बदमाशों को पुलिस की तत्परता से पकड़ लिया गया। रविवार को बरवाअड्डा थाना में डीएसपी मुख्यालय-एक शंकर कामती ने संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि शनिवार की देर रात 1.45 बजे जोड़ापोखर के फुसबंगला निवासी मुन्ना कुमार ने थाने में ट्रक चोरी होने की शिकायत दर्ज करायी थी। उन्होंने बताया कि बरवाअड्डा के पांडुकी बस्ती निवासी ट्रक चालक विजय गोप ने जीटी रोड पर खालसा ढाबा के पास ट्रक को खड़ा कर घर चला गया। वहां से वापस लौटकर देखा तो ट्रक गायब था। उनसे तुरंत इसकी सूचना अपने मालिक मुन्ना को दी। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा को दी। जिसके बाद थाना प्रभारी ने बरवाअड्डाताना प्रभारी सुनील कुमार रवि को खबर दिया। इसके बाद बरवाअड्डा पुलिस तुरंत हरकत में आई और ट्रक में लगे जीपीआरएस की मदद से ट्रक को निरसा पुलिस के सहयोग से मुगमा के खुदिया फाटक पुल के पास से बरामद कर लिया। साथ ही ट्रक चालक और खलासी के रूप में उसमें मौजूद चोरों को पकड़ लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि अपराधी ट्रक चोरी कर उसे कटवाने के लिए पश्चिम बंगाल के पनागढ़ लेकर जा रहे थे। डीएसपी ने बताया कि पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ है कि ये अपराधी पश्चिम बंगाल में चोरी के वाहनों की खरीद बिक्री करनेवालों को पैसे लेकर वाहन बेच देते थे। पता चला है कि चोरी के वाहनों को बंग्लादेश के सीमावर्ती क्षेत्र में भी बेचा करते थे। पकड़े गये बदमाशों की पहचान मिन्हाज अंसारी और आजाद अंसारी के रूप में हुई है, जिन्हें जेल भेजा जा रहा है। दोनों गोविंदपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। उनका मुख्य पेशा वाहन चोरी करना है। इस मौके पर बरवाअड्डा थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि आदि मौजूद रहे।

**ई-रिक्शा चोरी**

**जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के नोनिकडीह बस्ती से शनिवार की रात शशि कुमार महतो नामक व्यक्ति का ई रिक्शा घर के दरवाजे के सामने से चोरी हो गया। ई रिक्शा के मालिक ने इसकी लिखित शिकायत जोड़ापोखर थाना में कर कार्रवाई की मांग की है। इस पर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही चोरों का पता लगा लिया जाएगा।**

# साइकिल सवार को चपेट में लेकर पलटा ट्रक, मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** गोविंगपुर थाना अंतर्गत रंगडीह मोड़ पुलिया के निकट रविवार की सुबह आठ बजे ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। उसकी पहचान असीम कुमार महतो (45) के रूप में हुई है। वह बलियापुर थाना क्षेत्र के प्रदानखंडा पंचायत क्षेत्र का रहने वाला था। वह रंगडीह के एक हार्डकोक भट्ठा से सिक्यूरिटी गार्ड की ड्यूटी खत्म कर साइकिल से अपने घर जा रहा था। तभी सीमेंट उत्पादन में काम करने वाले क्लिंकर लदा ट्रक असंतुलित होकर पलट गया। हालांकि पलटने के क्रम में ट्रक असीम को भी साइकिल सहित अपनी चपेट में लेते हुए खाई में जा गिरा। जिससे असीम की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची गोविंदपुर पुलिस ने दो हाईड्रा मंगलवार को ट्रक को हटवा कर शव को बाहर निकाला। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद से सीएनएमएमसीएच अस्पताल भिजवा दिया। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को भी जब्त कर लिया। पता चला है कि असीम अपने पीछे पत्नी, बेचा बंटी महतो (20) और बेटी बबली कुमारी (18) को छोड़ गया है। दूसरी ओर, घटना की सूचना पाकर प्रधानखंटा के मुखिया कन्हाई बनर्जी, अशोक और जग्गू महतो आदि पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गये। मुखिया ने भट्ठा मालिक, ट्रक मालिक और बलियापुर के बीडीओ से मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। बताया कि असीम परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था।

# अपार्टमेंट में कार्यरत गार्ड की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, जांच में जुटी पुलिस

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के बारामुडी स्थित श्री गणेशा अपार्टमेंट में कार्यरत गार्ड की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान योगेश पासवान के रुप में हुई है। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे कब्जे में लेते हुए जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक योगेश शनिवार की सुबह आठ बजे ड्यूटी पर आया था। पर देर रात अचानक उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर पहुंची मृतक की पत्नी ने बताया कि फोन पर उन्हें अपने पति की मौत की सूचना मिली। बताया कि 10 वर्षों से उनके पति श्री गणेशा अपार्टमेंट में गार्ड की नौकरी कर रहे थे। बतातें चलें कि मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे-छोटे बच्चे छोड़ गया हैं। वह अपने परिवार में एकलौता कमाने वाला सदस्य था। हालांकि मौत के स्पष्ट कारणों का खुसाला नहीं हो पाया है। उधर, धनबाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया है। बताते चलें कि मृतक भूली का रहने वाला था। उधर, मौत की सूचना पाकर भूली के पूर्व पार्षद प्रतिनिधि रंजीत कुमार भी मौके पर पहुंचें। बताया कि परिजन अपार्टमेंट वालों से मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

# पेट्रोल पंप में तोड़फोड़, तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**डुमरी/बेरमो।** घुजाडीह स्थित जैन फीलिंग स्टेशन नामक पेट्रोल पंप में होली के दिन (14 मार्च) को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ की गयी थी। साथ ही कथित रूप से लूटपाट की नियत से पंप कर्मियों के साथ मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया गया था। हालांकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया। थाना में प्राथमिकी दर्ज कर तीनों युवकों को शनिवार को गिरिडीह जेल भेज दिया गया। इस संबंध में पेट्रोल पंप के प्रबंधक कुलगो पंचायत निवासी निरंजन कुमार पांडेय ने डुमरी थाना में आवेदन देकर बताया कि शुक्रवार की सुबह 11.30 बजे चार पहिया वाहन में बैठकर लोकनाथ साव, मदन साव, प्रमोद साव और रीतलाल साव पेट्रोल पंप पहुंचे थे। उनके साथ डुमरी पंचायत के जोल्हाडीह निवासी पांच अन्य साथी भी थे। सभी पेट्रोल पंप आए और उसके कर्मी चुन्नूचंद महतो से झगड़ा करते कैश काउंटर की ओर जाने लगे। जिसका नुनुचंद नामक एक अन्य कर्मी द्वारा करने पर वे लोग ईंट, पत्थर, रॉड से मारपीट करने लगे। यही नहीं, पेट्रोल पंप पर पत्थर भी फेंकने लगे। जिससे पेट्रोल मशीन का डिस्पले का शीशा टूट गया। वहीं मारपीट में नुनुचंद को गंभीर चोट आई। इसके बाद जान से मारने की नियत से मेरा गर्दन दबा दिया। जिसके बाद दोनों समीप में संचालित एक मेडिकल दुकाने में जान बचाने के लिए पहुंचे, लेकिन सभी नामजद लोग वहां भी पहुंच गये। तब उन लोगों ने शोर मचाया, जिसक बाद वे लोग पंप की ओर भागे। मारपीट की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद है। पुलिस ने घटना को लेकर पंप प्रबंधक द्वारा दिए गए आवेदन पर कांड संख्या 25/2025 अंकित कर घटना में शामिल युवकों लोकनाथ साव, मदन साव और रीतलाल साव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं, पेट्रोल पंप के मालिक शिवेश भगत उर्फ नाजू भगत ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए पुलिस से गश्ती बढ़ाने की अपील की है।

# बच्चों के झगड़े को लेकर आपस में भिड़े दो मोहल्लों के लोग, पुलिस ने मामला संभाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार।** बस्ताकोला गोशाला मोड़ के समीप बच्चों के झगड़े को लेकर रविवार को दो मोहल्ले के बड़े लोग आमने सामने हो गए। दोनों पक्षों के समर्थक लाठी-डंडा लेकर एक-दूसरे से भिड़ने को तैयार थे। हालांकि स्थानीय प्रबुद्ध लोगों के हस्तक्षेप से मामला शांति हुआ। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझा कर अलग किया। पता चला है कि एक पक्ष के रणजीत सिंह और दूसरे पक्ष के लाहबेड़ा मांझी बस्ती के दीपू कुमार के बच्चों के बीच किसी बात को लेकर शनिवार को विवाद हो गया था। तब किसी तरह मामला शांत हुआ। पर रविवार को उक्त मामले ने तूल पकड़ लिया। देखते ही देखते दोनों मोहल्ले के लोग लाठी-डंडा लेकर आमने-सामने हो गए। पुलिस के हस्ताक्षेप के बाद भी क्षेत्र में तनाव है। हालांकि झरिया थाना में दोनों पक्षों की ओर से किसी ने भी लिखी शिकायत नहीं दर्ज कराई है।

# मोबाइल के शोरूम में लगी आग, पाया गया काबू

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धैया इलाके में स्थित प्रभातम मॉल में उस समय हड़कंप मच गया जब ब्लैक बेरी नामक मोबाइल के शोरूम में आग लग गई। घटना के दौरान शोरूम बंद था, जिस कारण कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। हालांकि देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। धुआं उठता देख मॉल में मौजूद लोग इधर-उधर भागने लगे। इसी बीच युवा उद्यमी शांतनु चंद्रा (बबलू पासवान) ने अपनी सूझबूझ से स्थिति को संभाला। शांतनु ने सबसे पहले मॉल में मौजूद लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने की सलाह दी। इसके बाद तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दी। खबर पाते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया।

## कार्यकर्ताओं ने मनायी बसपा संस्थापक कांशीराम की जयंती

# कांशीराम के सपनों को साकार करना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी: सुबल दास




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) धनबाद जिला इकाई के तत्वाधान में सिंदरी के रोड़ाबांध में बामसेफ, डीएस4 और बसपा के संस्थापक कांशीराम की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता बसपा के धनबाद जिला अध्यक्ष अभय कुमार एवं संचालन सिंदरी विस के महासचिव सुभाष बाउरी ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड बसपा के पूर्व अध्यक्ष जोन प्रभारी सुबल दास उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि काशीराम ने आधुनिक भारत में समाज बदलने वाले महानायकों की कड़ी में अंतिम स्तंभ थे। उन्होंने उन लोगों में सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य और सम्राट अशोक की विरासत का वारिस बनने का जुनून पैदा किया जो सदियों से अपने ही घर में विदेशी आर्यों द्वारा गुलाम बना लिए गए थे। कांशीराम ने महज 108 साल का इतिहास पढ़कर बहुजनों के हाथ में राजनीति की मास्टर चाबी थमा दी। उसमें अद्भभूत संगठन शक्ति थी और हमें सिखाया की राजनीतिक साध्य नहीं साधन है। उन्होंने बसपा, डीएस-4, बामसेफ की स्थापना कर बहुजनों को एक मजबूत सामाजिक राजनीतिक आधार दिया, ताकि सामाजिक राजनीतिक क्रांति की पहिया गतिशील रहे। बाबा साहेब के बाद दलित शोषित समाज के संगठन की संकल्पना करना इसकी योजना बनाना और उसके मूर्त रूप देकर अंतिम छोर तक पहुंचाने की सोच और प्रयास अगर किसी ने किया है तो वह कांशीराम ही थे। कांशीराम के सपनों को साकार करना ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं, धनबाद जिला अध्यक्ष अभय कुमार ने भाजपा पर जुबानी हमला किया। कहा कि देश में दलितों, महिलाओं और बच्चों के ऊपर शोषण, अत्याचार, बलात्कार, हत्या जैसे आपराधिक मामले तेजी से बढ़ रहे है. इसे रोकने का सिर्फ एक उपाय है बहुजन समाज पार्टी को केंद्र और राज्य की सत्ता में स्थापित करना। मौके पर धनबाद के जिला प्रभारी सुनील रविदास, जिला उपाध्यक्ष गणेश भारती, महासचिव मनोज दास, पूर्व जिला अध्यक्ष बाबूराम मुर्मू, बिनोद पासवान, शिवपूजन राम, भोला पासवान, राम प्रसाद दास, राजकुमार भारती, अशोक कनौजिया, सचिन बाउरी, बुधन राम, राजेश पासवान और शंकर उरांव आदि मौजूद रहे।

# इलेक्ट्रोनिक्स दुकान में लगी भीषण आग, लाखों रुपये के सामान जले



आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र के फुसरो बार स्थित बाटागली के पास कश्मीर इलेक्ट्रोनिक्स नामक दुकान में शनिवार की देर रात भीषण आग लग गयी। इस घटना में कथित रूप से करीब 20 लाख रुपए के सामान जल कर राख हो गया। इस बाबत दुकान मालिक महताब आलम उर्फ पप्पू ने बताया कि शनिवार की रात में दुकान बंद कर घर चले गये। देर रात लोगों से दुकान में आग लग जाने की सूचना मिली। वह कुछ देर बाद ही दुकान पहुंच गया। देखा तो दुकान के अंदर आग लगी है और सारा सामन धू-धू कर जल रहा है। आग इतनी भयावह थी कि उसपर काबू पाना मुस्किल था। जिसके बाद रविवार की सुबह दमकल को सूचना दी। हालांकि दमकल की गाड़ियों के आने से पहले ही आग पर काबू पा लिया गया था। तब तक वासिंग मशीन, फ्रीज आदि उपकरण जल कर राख हो गये है। दमकल के आने के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया जा सका। बताया कि इस घटना में लगभग 20 लाख रुपये के सामान का नुकसान हुआ है। वहीं, आशंका जताई जा रही है कि बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी हो सकती है।

# देश में ओड़िशा का बौध सबसे गर्म, पारा 42.5 डिग्री पहुंचा

- -हीटवेव का रेड अलर्ट; राजस्थान समेत 14 राज्यों में बारिश, हिमाचल में एवलांच की चेतावनी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** देश में गर्मी, बारिश और बर्फबारी तीनों का असर एक साथ दिख रहा है। छत्तीसगढ़ और ओड़िशा में भारी गर्मी पड़ रही है। यहां अधिकतर जिलों में तापमान 40 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया है। ओड़िशा के बौध में तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो देश में सबसे ज्यादा रहा। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले साल 5 अप्रैल को ऐसी गर्मी थी। इस बार एक महीने पहले ऐसे हालात हैं। छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग में लू जैसे हालात हैं। 40.5 डिग्री तापमान के साथ बिलासपुर प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विभाग ने 16 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड में बारिश-बर्फबारी हुई है। हिमाचल के शिमला, कांगड़ा, लाहौल-स्पीति, कुल्लू, किन्नौर, चंबा और सिरमौर में 20 मार्च तक बारिश-बर्फबारी का दौर जारी रहेगा। पंजाब में पिछले 24 घंटों में 1.4 मिमी बारिश दर्ज की गयी। हरियाणा में दो दिन से कई इलाकों में बारिश, तेज हवाओं के साथ ओला वृष्टि हुई है। मौसम विभाग ने ओड़िशा में हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। साथ ही राजस्थान समेत 14 राज्यों में बारिश का अनुमान जताया है। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश में एवलांच की चेतावनी दी है।

18 मार्च तक 8-9 राज्यों में तेज बारिश की आशंकाः

पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश व बिहार में अगले एक हफ्ते के दौरान तेज हवाएं और धूल भरी आंधी चलने की भी आशंका है। दक्षिण में तेलंगाना में 18 मार्च तक ऐसी स्थिति बनी रहेगी। छत्तीसगढ़ मध्य भारत में में 2 दिन तापमान 2 डिग्री बढ़ सकता है। उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में अगले 48 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव की संभावना नहीं है और उसके बाद तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने के आसार हैं। अगले एक हफ्ते के दौरान कम से कम दो पश्चिमी विक्षोभ हिमालय से गुजरेंगे। इसके असर से जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश हो सकती है। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल व ओडिशा समेत पूर्वी भारत में दिन के तापमान कम से कम 5 डिग्री तक बढ़ोत्तरी की संभावना है।

# हत्या के दो अलग-अलग मामलों में छह गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** राजधानी में होली पर दो हत्याओं के मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि हत्याएं राजधानी में होली के खेल को लेकर हुए विवाद के कारण हुईं, पिछली शत्रुताएं नहीं हुईं। भुवनेश्वर के डीसीपी जगमोहन मीना ने बताया कि डबल मर्डर के मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी जगमोहन मीना ने बताया कि राजधानी में होली के दौरान मंचेश्वर थाना क्षेत्र में हुई हत्या के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य आरोपी तंमय बेहेरा और तीन साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पहले मृतक और मुख्य आरोपी के बीच अच्छे रिश्ते नहीं थे, लेकिन रास्ते में कुछ विवाद के कारण अचानक हत्या हो गयी। मुख्य आरोपी को पिपिली थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा पीछा किये जाने के दौरान आरोपी ने डेमिरी फल खा लिया था। उन्हें इलाज के लिए



डीसीपी जगमोहन मीना

मंगलपुर अगस्ता स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया और ठीक होने के बाद अब वह थाना में हैं। डीसीपी जगमोहन मीना ने बताया कि शहीदनगर थाना क्षेत्र हत्याकांड में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुख्य आरोपी बाना गुनी को गिरफ्तार कर लिया गया है। हत्या में शामिल एक नाबालिग को थाने में रखा गया है। डीसीपी जगमोहन मीना ने कहा कि हत्याएं होली खेलने को लेकर हुई हैं और कोई पुरानी दुश्मनी नहीं थी।

# केंद्रीय गृह मंत्री 22 मार्च को ओड़िशा के दौरे पर आयेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 22 तारीख को ओडिशा के दो दिवसीय दौरे पर होंगे। गृह मंत्री 22 और 23 तारीख को दो दिनों के लिए ओडिशा में रहेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनमोहन सामल ने इसकी जानकारी दी। 22 को संबलपुर में कार्यक्रम है, जबकि 23 को भुवनेश्वर और पुरी में गृह मंत्री का कार्यक्रम है। अमित शाह के दौरे से पहले रविवार को संबलपुर एमसीएल में बीजेपी की तैयारी बैठक हुई। बैठक में पांच



लोकसभा के जिला अध्यक्ष, स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिंग, पंचायतीराज मंत्री रवि नायक, विधायक जय नारायण मिश्र, छेड़ींपदा विधायक अगस्ती बेहरा, जिला भाजपा अध्यक्ष गिरीश पटेल समेत प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता मौजूद हैं।

# मुख्यमंत्री ने कवि रमाकांत रथ के निधन पर शोक व्यक्त किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने आधुनिक ओड़िया साहित्य के प्रसिद्ध लेखक रमाकांत रथ के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। एक शोक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि पद्म भूषण स्वर्गीय रथ भारतीय साहित्य जगत के कुछ महान कवियों में से एक थे। सप्तम ऋतु, श्रीराधा, सचित्र अंधार, केते दिनर, दुआर एपटू, नया नया कुहू कुहू जैसे कई कालजयी रचना उन्हें साहित्य की दुनिया में हमेशा के लिए अमर कर देंगे। उन्होंने विभिन्न विभागों के सचिव और मुख्य प्रशासनिक सचिव के रूप में भी राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ओड़िया साहित्य को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने कालजयी



काव्यग्रंथ श्रीराधा के लिए सरस्वती सम्मान, सप्तम ऋतु के लिए केंद्रीय साहित्य अकादमी पुरस्कार और सचित्र अंधार के लिए सारला पुरस्कार और उन्हें प्रसिद्ध लेखक के रूप में केंद्र साहित्य अकादमी फैलोशिप के प्राप्तकर्ता भी मिले। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने आदेश दिया है कि उनके जैसे महान लेखक और युग निमार्ता का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाये।

# खालिस्तान समर्थक अमृतपाल के सात साथियों को पंजाब लाया जायेगा

**अमृतसर ( आजाद सिपाही)।** खालिस्तानी संगठन 'वारिस पंजाब दे' के प्रमुख और खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह के सात साथियों को जल्द ही पंजाब लाया जायेगा। पंजाब सरकार ने इन सभी पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) जारी रखने से इनकार कर दिया है। सोमवार से अमृतपाल सिंह के साथियों को पंजाब लाने की प्रक्रिया को शुरू कर दिया जायेगा। जानकारी के मुताबिक, अमृतपाल सिंह और साथी पप्पलप्रीत सिंह अभी डिब्रूगढ़ जेल में ही रहेंगे, क्योंकि पंजाब एंड हरियाणा हाइकोर्ट में चल रही उनकी एनएसए की अगली सुनवाई 22 मार्च को होनी है, जिसके बाद सरकार आगे का फैसला लेगी। पंजाब पुलिस बाकी सभी सात को डिब्रूगढ़ जेल से गिरफ्तार कर पंजाब लाएगी और पंजाब के थानों में दर्ज सभी मामलों में कार्रवाई करेगी।

# सर्वे के बाद लाभार्थियों को मिलेगा राशन कार्ड का लाभ : मंत्री कृष्ण चंद्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा सरकार ने कहा है कि जब तक सर्वे रिपोर्ट नहीं आ जाती, राशन कार्ड रद्द नहीं किये जायेंगे। खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता कल्याण मंत्री कृष्ण चंद्र पात्रा ने राशन कार्ड के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 30,00,734 लोगों ने इ-केवाइसी अपडेट नहीं किया है। राशन कार्ड के लिए इ-केवाइसी अपडेट करने



की सुविधा अभी खुली है और लाभार्थी इसे 31 मार्च तक अपडेट कर सकते हैं। समय सीमा समाप्त होने के बाद अधिकारी क्षेत्र का दौरा करेंगे और पात्र लाभार्थियों की अंतिम सूची जारी करेंगे। वहीं, नये राशन कार्ड के लिए पंजीकरण पोर्टल भी अब खुल गया है। नये पंजीकरण के लिए 6,35,000 लोगों ने पहले ही आवेदन कर दिया है। अभी उनका सर्वे चल रहा है। सर्वे रिपोर्ट 15 अप्रैल तक पूरी हो जायेगी। पंजीकरण के लिए नई विंडो में 50,000 लोगों ने आवेदन किया है। इनके सर्वेक्षण के बाद लाभार्थियों को राशन कार्ड का लाभ मिलेगा। ओड़िशा सरकार ने आगे कहा कि लाभार्थियों को चावल के साथ-साथ गेहूं भी मिलेगा। रिपोर्ट के अनुसार, गेहूं को वर्तमान में वितरित किए जा रहे चावल के 20 प्रतिशत के बराबर दिया जायेगा।

# तेजप्रताप के आदेश पर डांस करने वाले पुलिसकर्मी को हटाया गया



**बिना हेलमेट जिस स्कूटी को तेजप्रताप चला रहे थे उसका 4000 रुपये का चालान भी कटा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव के आदेश पर होली पर डांस करने वाले पुलिसकर्मी दीपक कुमार को हटा दिया गया है। उनकी जगह पर दूसरे सिपाही को तेजप्रताप का बॉडीगार्ड बनाया गया है। दरअसल, बिहार में होली के दिन 15 मार्च को तेजप्रताप यादव ने अपने आवास पर वर्दी में पुलिसकर्मी को डांस करने के लिए कहा था। तेजप्रताप ने अपने अंदाज में कहा कि 'ठुमके लगाओ वरना सस्पेंड कर दिये जाओगे।'उधर, होली के रंग में रंगे तेजप्रताप यादव बिना हेलमेट पहले स्कूटी से मुख्यमंत्री आवास के बाहर पहुंचे और कहा कि 'ए पलटू चाचा, हैप्पी होली!' इस मामले में भी कार्रवाई हुई है। बिना हेलमेट जिस स्कूटी को तेजप्रताप चला रहे थे उसका 4000 रुपये का चालान भी कटा गया है। गाड़ी का इंश्योरेंस और पॉल्यूशन फेल था। बिना हेलमेट गाड़ी चलाने का 1000 रुपये, पॉल्यूशन का 1000 रुपये और इंश्योरेंस फेल का 2000 रुपये का चालान भेजा गया है। स्कूटी फुलवारी शरीफ के कमरूल हुदा के नाम पर रजिस्टर्ड है।

# भुवनेश्वर में मॉडर्न आर्ट गैलरी स्थापित की जायेगी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** नयी दिल्ली राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय (मॉडर्न आर्ट गैलरी) की एक शाखा भुवनेश्वर में स्थापित की जायेगी। केंद्रीय संस्कृति मंत्री ने सांसद अपराजिता षड़ंगी के भुवनेश्वर में राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय (मॉडर्न आर्ट गैलरी) की एक शाखा स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बताया गया है कि केंद्रीय संस्कृति मंत्री ने वादा किया है कि जल्द ही भुवनेश्वर में इस शाखा का निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा। पिछले साल सितंबर में मुख्यमंत्री ने इस संबंध में केंद्रीय संस्कृति मंत्री को पत्र भी लिखा था।




# वोटर आइडी-आधार लिंकिंग की अनिवार्यता पर बैठक कल

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** वोटर आइडी डेटा में गड़बड़ी के आरोप के चलते चुनाव आयोग ने 18 मार्च को एक अहम बैठक बुलायी है। इसमें वोटर आइडी को आधार से लिंक करने को अनिवार्य करने पर चर्चा हो सकती है। इस बैठक में केंद्रीय गृह सचिव, यूआइडीओआइ के सीइओ और लेजिसलेटिव सेक्रेटरी शामिल होंगे। वर्तमान में वोटर आइडी और आधार लिंक करना वैकल्पिक है। सरकार ने संसद में स्पष्ट किया है कि अगर कोई मतदाता अपने वोटर कार्ड को आधार से लिंक नहीं करता है, तो भी उसका नाम मतदाता सूची से नहीं हटेगा। दिसंबर 2021 में लोकसभा ने चुनाव कानून (संशोधन) विधेयक पारित किया था, जिसमें वोटर आइडी को आधार से जोड़ने की सिफारिश की गयी थी। चुनाव आयोग के अनुसार, अब तक 64 करोड़ मतदाता अपने वोटर आइडी कार्ड को आधार से लिंक करा चुके हैं, जबकि देश में कुल 97 करोड़ मतदाता हैं।

# जो करेगा जात की बात, उसको मारूंगा लातः नितिन गडकरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नागपुर।** केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी अपने बयानों को लेकर हमेशा चर्चा में रहते हैं। नागपुर में को एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि जो करेगा जात की बात, उसको मारूंगा कस के लात। गडकरी ने एक अल्पसंख्यक संस्थान के दीक्षांत समारोह में कहा कि मैं धर्म और जाति की बातें सार्वजनिक रूप से नहीं करता।



समाज सेवा सबसे ऊपर है। चाहे चुनाव हार जाऊं या मंत्री पद चला जाये, अपने इस सिद्धांत पर अटल रहूंगा। मंत्री पद नहीं मिला तो मर नहीं जाऊंगा।


































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**